CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, बुधवार 24 सितम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 40 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रबी उल सानी1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सपा सरकार बनने पर आजम खां पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापसः अखिलेश यादव पेज 2



वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर खेल टाइम्स

## रियल एस्टेट डेवलपर्स और बैंकों के बीच साठगांठ का खुलासा

# सुप्रीम कोर्ट ने CBI को दी छह मुकदमे दर्ज करने की हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में रियल एस्टेट परियोजनाओं में बैंकों और डेवलपर्स के बीच कथित अपवित्र सांठगांठ के संबंध में मकान खरीदारों से धोखाधड़ी के लिए छह और नियमित मामले दर्ज करने की मंगलवार को अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद यह अनुमति दी। केंद्रीय एजेंसी सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ के समक्ष उल्लेख किया कि एजेंसी ने सुपरटेक लिमिटेड को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर से बाहर मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में स्थित विभिन्न बिल्डरों की परियोजनाओं में प्रारंभिक जांच पूरी कर ली है। सीबीआई ने तर्क दिया कि प्रारंभिक जांच के बाद यह पता चला है कि एक संज्ञेय अपराध बनता है। उन्होंने दलील दी कि मामले की त्वरित जांच के लिए एजेंसी छह मामले दर्ज तलाशी और ज़ब्ती भी करना चाहती है। पीठ ने उनकी ये दलीलें सुनने के बाद सीबीआई को कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने और नियमित मामले दर्ज करने की अनुमति दे दी। पीठ ने भाटी से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट के कुछ अंश न्यायमित्र राजीव जैन के साथ साझा करने को कहा। शीर्ष अदालत ने 22 जुलाई को सीबीआई को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) -शेष पृष्ठ दो पर

■ कोर्ट ने मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के CBI के प्रयासों की सराहना की



### उपहार अग्निकांड मामले में 60 करोड़ के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 1997 के उपहार सिनेमा अग्निकांड मामले में अंसल बंधुओं पर लगाए गए 60 करोड़ रुपये के जुर्माने से बने ट्रॉमा सेंटरों के निरीक्षण का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उपहार त्रासदी पीड़ित संघ (एवीयूटी) द्वारा दायर एक आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस याचिका में अंसल बंधुओं को कम सजा देते हुए 2015 में दिए गए निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी। पीठ के समक्ष एवीयूटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तर्क दिया कि रियायत का लाभ मिलने के बावजूद दोषी अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### अलविदा जुबीन गर्ग

**गुवाहाटी।** असम के लोकप्रिय गायक जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को यहां कर दिया गया। राज्यभर से आए हजारों लोग उनकी इस आखिरी यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को दूसरे पोस्टमार्टम के लिए गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद उनका शव सोनापुर के श्मशान घाट ले जाया गया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, असम विधानसभा के अध्यक्ष सर्बानंद सोनोवाल, विपक्ष के नेता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित गणमान्य व्यक्तियों ने अंतिम संस्कार से पहले श्री गर्ग को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दोषी करार

**नई दिल्ली।** लखनऊ की सीबीआई स्पेशल जज (पश्चिम) ने 6.8 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी चीफ मैनेजर पंकज खरे और दो निजी व्यक्तियों राजेश खन्ना तथा शमशुल हक सिद्दीकी को तीन-तीन साल कैद और 1.25 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इस मामले में आरोपी निजी कंपनी मेसर्स अनीता कॉन्ट्रैक्टर एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड पर भी एक लाख का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने नौ जुलाई 2008 को बैंक ऑफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक, मेन ब्रांच, हजरतगंज, लखनऊ की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

### सत्येंद्र जैन को झटका

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन से जुड़ी कंपनियों की संपत्तियां अटैच की हैं। अटैच की गई संपत्तियों की कुल कीमत लगभग 7.44 करोड़ बताई जा रही है। ईडी ने सत्येंद्र कुमार जैन, पूनम जैन (सत्येंद्र कुमार जैन की पत्नी) और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी।

# आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीतापुर/रामपुर।** सपा नेता आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से मंगलवार दोपहर रिहा हो गए। जेल से निकलने के बाद आजम खां ने बसपा में जाने के सवाल पर कहा कि यह अटकलें लगाने वाले ही बता सकते हैं। मैं जेल में किसी से नहीं मिला। फोन करने तक की इजाजत नहीं थी।

अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा सरकार बनते ही आजम खां पर लगे सारे केस हटा दिए जाएंगे? मीडियाकर्मी के इस सवाल पर आजम खां चुप हो गए और मुस्कुरा दिए। आजम खां को 5 दिन पहले हाईकोर्ट ने बीयर बार पर कब्जे से जुड़े केस में जमानत दी थी। यह आखिरी मामला था, जिसमें उन्हें जमानत मिली। हालांकि, जमानत मिलते ही पुलिस ने शत्रु संपत्ति मामले में नई धाराएं जोड़ दीं। 20 सितम्बर को रामपुर कोर्ट ने ये धाराएं खारिज कर दीं, जिससे रिहाई का रास्ता साफ हो गया। आजम खां पर 104 केस दर्ज हैं। दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला उन्हें लेने -शेष पृष्ठ दो पर



■ बसपा में जाने के सवाल पर कहा- अटकलें लगाने वालों से ही पूछिए

### रामपुर बॉर्डर पर आजम खां का काफिला रोका, पुलिस से नोकझोंक

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां ने रामपुर बार्डर काफिले में शामिल गाड़ियों को रोकने पर पुलिस-प्रशासन से नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि क्यों परेशान कर रहे हो और कितना जुल्म करोंगे।

### राहुल बोले- वोट चोरी, बेरोजगारी का सीधा रिश्ता

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को फिर से बीजेपी पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने बिहार के बेरोजगार युवाओं का वीडियो शेयर कर लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार और अवसर देना, लेकिन भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती। वो वोट चोरी और संस्थाओं को कैद कर के सत्ता में बने रहते हैं। इसीलिए बेरोजगारी 45 साल के हाई लेवल पर पहुंच चुकी है। राहुल ने कहा कि देश का युवा मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन मोदी जी सिर्फ अपने पीआर, सेलिब्रिटीज से अपना गुणगान करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में बिजी हैं। युवाओं की उम्मीदों को तोड़ना और उन्हें हताश करना इस सरकार की पहचान बन चुकी है। राहुल गांधी ने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं।

# मोहनलाल को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार

## शाहरुख खान व विक्रांत मैसी नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया, जहां विजेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इसी सम्मान समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया।

उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों ये सम्मान प्राप्त हुआ। इस साल नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित हुए सितारों में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान और विक्रांत मैसी का नाम भी शामिल रहा। सभी विजेताओं को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नेशनल फिल्म अवाड्र्स से नवाजा गया। इस बार साल 2023 में रिलीज हुई फिल्मों के विनर्स को पुरस्कार से नवाजा गया है। कोविड महामारी के चलते राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दो साल की देरी से दिए जा रहे हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल विश्वनाथन को साल 2023 के प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





# जामुन के हरे-भरे पेड़ों को काटा

## मामूली जुर्माने की आड़ में किया बड़ा फीलगुड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** वन विभाग के खेल भी बड़े निराले है, ये बड़ा फीलगुल करके हरे-भरे पेड़ कटवाने से गुरेज नहीं कर रहे है। जिसके चलते नांगल वन क्षेत्र में माफिया ने कई पेड़ काट डाले और उनकी लकड़ियां आराम से ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले गए।

राजगढ़ रेंज में नांगल गंगा खादर में ठेकेदार ने जामुन के विशाल हरे-भरे पेड़ बिना किसी परमिशन के खुलेआम काट डाले। खुलेआम हरे पेड़ काटे जाने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। बिना परमिशन के पेड़ कटने की सूचना पर वन अधिकारी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पेड़ कटने का कार्य कुछ समय के लिए रुक गया। वनाधिकारियों ने उक्त ठेकेदार से मामूली जुर्माना वसूल लिया और इसके बदले में अपने लिए एक बड़ा फीलगुड कर लिया। वन विभाग द्वारा किए गए फीलगुड की चर्चा आम हो गई। इस तरह बिना परमिशन के पेड़ कटने का यह पहला मामला नहीं है। आए दिन पेड़ कटने की सूचना आम बात है। कभी-कभी वन अधिकारी इन ठेकेदारों से मामूली जुर्माना वसूल कर लेते है, बाकी सब फीलगुड के सहारे निपट जाता है।

इस मामले वन दरोगा सार्थक सिंह का कहना है कि जामुन के पड़े कटने की सूचना मिली थी, जिसके बाद उक्त ठेकेदार से बीस हजार का जुर्माना वसूला गया है।





## पशुशाला में घुस कर गुलदार ने बनाया निवाला

**नहटौर।** गांव मुजफ्फरपुर नंहेड़ा में गुलदार ने एक किसान की पशुशाला में घुसकर एक पशु को मार डाला। जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव मुजफ्फरपुर नंहेड़ा में गुलदार ने अर्जुन कुमार की पशुशाला में घुसकर एक पशु पर हमला करते हुए उसको मार डाला। किसान ने गुलदार को देखकर शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर गुलदार मौके से फरार हो गया। उधर गुलदार के हमले को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उनका कहना है कि पूर्व में भी गुलदार आसपास के क्षेत्र में दिखाई दिया है। गुलदार की दस्तक को लेकर ग्रामीण चिंतित है। उन्होंने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है।

## दिलशाद हत्याकांड के आरोपियों को न्यायालय में आत्मसर्मपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मौहल्ला ईदगाह के दिलशाद हत्याकांड के फरार चल रहे आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। मृतक की बहन ने आरो. पियों पर फैसले का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

उल्लेखनीय हो कि 6 जून की रात्रि पारिवारिक विवाद के चलते चचेरे भाइयों ने मिलकर नगर के मौहल्ला ईदगाह निवासी दिलशाद पुत्र शमीम की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक के भाई शादाब अहमद ने मुकीम, शाहबाज, असद, अनस, मुस्तकीम, उजैफ सहित 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के वांछित आरोपी तालिब पुत्र अकील निवासी मौहल्ला शेखान के मकान पर कोर्ट के आदेश पर नोटिस चस्पा करते हुए मुनादी कराई तथा आरोपी को 7 दिन के अंदर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई करने की चेतावनी दी। पूर्व कोतवाल धीरज सोलंकी ने बताया कि दिलशाद हत्याकांड के मामले में वांछित तालिब पुत्र अकील निवासी मौहल्ला शेखान के मकान पर कोर्ट के आदेश पर नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई गई थी।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि फरार चल रहे तालिब पुत्र अकील ने न्यायालय बिजनौर में आत्मसमर्पण कर दिया है।

उधर मृतक की बहन हसीबा ने आरोपियों पर फैसले का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

# बागड़पुर में बस स्टॉप बनवाने की मांग

## हनी तोमर ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** राष्ट्रीय (युवा) लोक. दल के प्रदेश महासचिव हनी तोमर ने ग्रामीणों की परेशानी को समझते हुए ग्राम बागड़पुर में एक बस स्टॉप बनवाये जाने की मांग हेतु रालोद सांसद चंदन चौहान को प्रार्थना पत्र दिया है।

रालोद युवा प्रदेश महासचिव हनी तोमर ने सांसद चंदन चौहान को मांग पत्र देते हुए कहा कि चांदपुर से धनोरा रोड पर स्थित ग्राम बागड़पुर से रोड पर किसी तरह का यात्रियों को बिजनौर अथवा गजरौला, दिल्ली जाने के लिए चांदपुर आना पड़ता है। यदि एक बस स्टॉप यहां बन जाए तो लगभग आधा दर्जन गांव की जनता के लिए दिल्ली, देहरादून आने जाने में बेहतर सुविधा हो जाएगी। हनी तोमर ने बिजनौर में सांसद चंदन चौहान को पत्र देते कहा कि ग्राम बागड़पुर जो कि गांव मलेशिया, इमलिया, हुसैनपुर, शेखपुरी मीना और नजरपुर का केंद्र है से बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता बसों में यात्रा करती है। लेकिन उसके लिए ग्रामीण जनता को चांदपुर जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि चांदपुर से इन गांव की दूरी लगभग 10 किलोमीटर है, जिससे यात्रियों को बहुत बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। युवा वरिष्ठ नेता हनी तोमर के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने कहा कि मै यह मांग अपने स्तर से पूरी कराने के लिए अपने लेटर पेड पर अपनी सहमति सहित संबंधित विभाग को पहुंचवाने का काम करूंगा।



## नवरात्रों में गौवंश के अवशेष मिलने पर रोष



**चांदपुर।** सनातन के पावन पर्व नवरात्रों के दूसरे दिन ही क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने पर दुखद घटना बताते हुए कहा है कि इस घटना को लेकर जहां सनातन के मानने वालों में आक्रोश है। वहीं इस पर्व पर गोवंश पशुओं का कटान करने वालों के हौसले बुलंद है, जिनको मुख्यमंत्री योगी जी के सख्त आदेश की कोई फिक्र नहीं और न ही कोई भय है। वीरेन्द्र राजपूत ने कहा कि चांदपुर क्षेत्र में गोवंश एवं पशुओं का कटान किया जा रहा है। शहर चांदपुर में स्लॉटर हाउस नहीं होने पर भी दलालों की सेटिंग के चलते पशुओं को काटा जा रहा है जो कि हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। उनका कहना है कि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बास्टा क्षेत्र मे अवैध कटान जारी है। हर चीज में सेटिंग और जुगाड़ के चलते योगी सरकार को बदनाम किया जा रहा है। धन-बल सभी प्रकार की ताकत से ऊपर हैं। अधिकारियों के लापरवाही से पशुधन सड़कों पर किसानों के खेतों पर मारा मारा फिर रहा है। मीट तस्कर पशुओं का अवैध कटान कर रहे हैं। पीपल फॉर एनिमल्स के यूनिट मांग करती है कि अगर इस अवैध कटान को नहीं रोका गया तो यूनिट के सदस्य विरोध प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# किरतपुर में भव्य राम बारात निकाली

## सुंदर झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** श्री झंडा रामलीला कमेटी के तत्वावधान में भगवान श्रीराम की बारात का शुभारंभ गैस व्यापारी देवेंद्र चौधरी एवं ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी ने भगवान राम को तिलक कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें पारिवारिक संस्कारों और आदर्श जीवन की शिक्षा देता है।

इससे पूर्व रामलीला रंगमंच पर धनुष यज्ञ एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद की प्रभावी प्रस्तुति की गई, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। मंगलवार को श्री देवाशंकर मंदिर में भगवान श्रीराम दरबार की भव्य आरती के साथ बारात का शुभारंभ हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम सहित चारों भाइयों का देवेंद्र चौधरी व अंकित चौधरी ने तिलक कर बारात को प्रस्थान कराया। तत्पश्चात सुरेंद्र अग्रवाल, सतेंद्र अग्रवाल, अशोक गुप्ता एवं सुधीर अग्रवाल ने भी तिलक कर पूजा-अर्चना की।

बारात नगर के राम मंदिर, गौरी की मंडी, जैन चौक, अंबेडकर चौक, मेन बाजार, रामलीला चौक व मौहल्ला झंडा होते हुए ठाकुरद्वारा मंदिर पर संपन्न हुई। इसमें 12 फुटा बनमानुष, अघोरी, मां भगवती, शिव-पार्वती तथा राधा-कृष्ण आदि आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। नगर की विभिन्न सामा. जिक संस्थाओं ने भी बारात का स्वागत कर श्रद्धा प्रकट की।

मंदिर ठाकुरद्वारा पर शंकर कश्यप एवं विष्णु कश्यप के परिवार ने परंपरागत रूप से राम बारात का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक स्व. मनोहरी कश्यप यह जिम्मेदारी निभाते रहे, जिसे अब शंकर व विष्णु कश्यप आगे बढ़ा रहे हैं।

इससे पहले रविवार की रात्रि को व्यापारी प्रदीप कुमार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी कुमकुम अग्रवाल ने राम दरबार पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर रामलीला का शुभारंभ किया।

नगर के कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ की लीला प्रस्तुत की गई, जिसमें बाणासुर, रावण तथा लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम में कपिल रस्तोगी, नवनीत मित्तल, कस्तूरी लाल कालरा, अशोक गुप्ता, अमित अग्रवाल, रामपाल प्रजापति, रमेश चंद धीमान, अरुण पुष्पक, दिव्यम अरोड़ा आदि ने सहयोग प्रदान किया।



# ह्यूमैनिटी क्लब ने बाढ़ पीड़ितों को भेजी मदद



## पंजाब में अधिक से अधिक सामग्री भेजने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ह्यूमैनिटी क्लब नहटौर की ओर से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। बाढ़ पीड़ितों के लिए जरूरतमंद सामान की गाड़ी को लोगों ने रवाना किया। इस मौके पर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार एजेंसी चौराहे पर देर रात बिजनौर ह्यूमैनिटी क्लब नहटौर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए जरूरतमंद सामान की गाड़ी भेजी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंजाब में बाढ़ आने से हजारों की संख्या में लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी का फर्ज है कि उनकी मदद की जाए। नहटौर क्षेत्र से पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए लगातार राहत सामग्री भेजी जा रही है। इसी के तहत एजेंसी चौराहे से बिजनौर ह्यूमैनिटी की ओर से खाने, सोने, रहने सहित अन्य सामग्री को लेकर एक ट्रक पंजाब के लिए रवाना किया गया।

इस मौके पर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के अधिक से अधिक सामग्री भेजने के लिए अपील भी की गई। इस मौके राष्ट्रीय अध्यक्ष तजम्मुल जफर, उपाध्यक्ष मौ. आशिफ, प्रदेश अध्यक्ष मौ. अलीम, जफर इकबाल, मौ. अरबाज, मौ. हबीब, मौ. इस्माइल, मौ. मेहराब मलिक, मौ. असद, इमरान निजामी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सुरेंद्र सिंह कंबोज बने अध्यक्ष



**धामपुर।** फोटोग्राफर एसोसिएशन धामपुर के पदों पर हुए मतदान में सुरेंद्र सिंह कंबोज अध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित किए गए। परिणाम घोषित होने के उपरांत उन्हें एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों की घोषणा आगामी तिथि में सभा कर की जाएगी। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद सुरेंद्र सिंह कंबोज ने सभी फोटोग्राफरों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा संगठन की मजबूती और फोटोग्राफरों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### नारद मोह लीला का मंचन



**बरूकी।** ग्राम शादीपुर में रामलीला का शुभारंभ हुआ। सोमवार की रात्रि नारद मोह लीला का मंचन किया गया। रामलीला का उद्घाटन ग्राम प्रधान के पुत्र चित्र कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामचंद्र जी ने अपने जीवन में मर्यादा का पालन किया। इसीलिए वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहे जाते हैं। मंचन में पहले दिन नारद मोह लीला का मंचन किया गया। कलाकारों द्वारा जीवंत अभिनय किया गया। रामलीला मंचन में नितिन मौर्य, विपिन मौर्य, प्रशांत मौर्य, सत्यवीर सिंह, कलुआ, छोटे सिंह, कृष्ण सिंह, कामेंद्र सिंह, विनीत मौर्य, आलोक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बीटैक तृतीय वर्ष में रश्मि रानी प्रथम



**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी.टैक तृतीय वर्ष के षष्ठम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 86.75 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, सय्यद ज़ाकिर हुसैन तक़वी ने 82 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं दृष्टि राजपूत ने 81.25 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### देव स्थल को लेकर ग्रामीणों में विवाद

**नांगल सोती।** नांगल क्षेत्र गांव पुंडरी कला में एक देव स्थल को लेकर महावीर पक्ष और सुबोध राजपूत पक्ष में विवाद हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी गई। सूचना पर उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और सीओ नितेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच में जुट गए।

### अनूप बाल्मीकि ने किया रामलीला का उद्घाटन



**नगीना।** विधानसभा के ग्राम शाहअलीपुर उर्फ फतेहपुर मे पर्दे पर चल रही रामलीला का मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि श्री राम व भरत जैसा प्यार सभी के प्रति होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से योगी सरकार आयी है, तब से किसी भी शोभायात्रा या धार्मिक आयोजन में कोई समस्या नहीं आती है। यदि कोई किसी भी शोभायात्रा में किसी भी प्रकार की अड़चन या शोभायात्रा की व्यवस्था में बाधा डालता है तो उसका इलाज तुरंत किया जाता है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला मंत्री अंकित पंवार, नगीना मण्डल उपाध्यक्ष सोहन सैनी, मण्डल मंत्री अतुल भारती, शिवा मिगलानी, मनोज टंडन खत्री, अर्णव चौधरी, सोनू सैनी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित भाजपा के पदाधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

में मकान खरीदारों से ठगी के लिए बैंकों और डेवलपर्स के बीच अपवित्र सांठगांठ के संबंध में 22 मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। एनसीआर के बिल्डर और उत्तर प्रदेश व हरियाणा के विकास प्राधिकरण अब शीर्ष अदालत की जांच के दायरे में हैं। शीर्ष अदालत ने इस मामले को उठाने और 58 परियोजना स्थलों का दौरा करके 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ करने के सीबीआई के प्रयासों की सराहना की। इसने केंद्रीय एजेंसी से जांच शीघ्र पूरी करने और मामले को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने को कहा। अदालत ने सीबीआई को विभिन्न बिल्डरों और बैंकों के खिलाफ की गई छह प्रारंभिक जांचों को आगे की जांच के लिए संज्ञेय अपराधों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के समकक्ष 22 नियमित मामलों में बदलने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज की गई सातवीं प्रारंभिक जांच की परख करने का काम अभी भी जारी है। अदालत ने कहा कि इस प्रारंभिक जांच में शामिल परियोजनाएं मुंबई, बैंगलोर, कोलकाता, मोहाली और इलाहाबाद में हैं। शीर्ष अदालत ने मार्च में सीबीआई को एनसीआर क्षेत्र (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, यमुना एक्सप्रेसवे और गाजियाबाद) में बिल्डरों और परियोजनाओं से संबंधित पांच प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी थी। पीठ ने रियलिटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सुपरटेक लिमिटेड के खिलाफ एक प्रारंभिक जांच करने की अनुमति दी, जिसके खिलाफ 799 मकान खरीदारों ने आठ अलग-अलग शहरों में परियोजनाओं से संबंधित 84 अपीलों के माध्यम से शीर्ष न्यायालय का रुख किया है।

**आजम खां....**

पहुंचे। वे 100 गाड़ियों के काफिले के साथ यहां से रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम खां की रिहाई सुबह 9 बजे होनी थी, लेकिन एक केस में 6 हजार जुर्माना नहीं भरा गया था। 10 बजे कोर्ट खुलने पर यह रकम जमा हुई। इसके बाद 12.30 बजे उनकी रिहाई हुई। आजम खां काला चश्मा, काली सदरी और सफेद कुर्ता पहने कार में ही बैठकर जेल से बाहर आए। हाथ हिलाकर समर्थकों का अभिवादन किया। उन्हें लेने के लिए मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा और 400 से ज्यादा कार्यकर्ता पहुंचे। पुलिस ने 73 कार्यकर्ताओं की गाड़ियों का चालान भी काटा। कहा कि ये सब नो पार्किंग जोन में खड़ी थीं।

## अखिलेश यादव का वादा: सपा की सरकार बनने पर

# आजम खान पर लगे झूठे मुकदमे होंगे वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान के जेल से रिहा होने और बसपा में शामिल होने की संभावनाओं को लेकर जारी अटकलों के बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे।

मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग और रामपुर का विधायक व एक अधिकारी, जिसे एक्सटेंशन पर एक्सटेंशन मिल रहा है, अन्याय नही करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी के लिए खुशी का दिन है, आने वाले समय में उन पर लगे सभी केस खत्म होंगे। आजम खान के बसपा में जाने की चर्चाओं का बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आजम खान समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं।



**खान साहब सपा संस्थापक नेताजी और हम लोगों के साथ हैं**

समाजवादी पार्टी आज से नही, न जाने कब से बीजेपी का मुकाबला कर रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा जाति के आदेश के अनुपालन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आज स्वजातीय लोगों को सरकार ने हर जगह बैठाया हुआ है। उन्होंने कहा कि 5000 साल की पुरानी बातों को कैसे दूर करेंगे। जाति के चलते लोग अपमानित हुए हैं। बाबा साहेब अंबेडकर को जाति के आधार पर भेदभाव सहना पड़ा। डा. राम मनोहर लोहिया कहते थे जाति तोड़ो-समाज की व्यवस्था बने। उन्होंने कहा कि आज बीज. पी पीडीए से घबराई हुई है। हालांकि यह हाईकोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर भावनात्मक रिश्ता बनता है, इसको कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जाति के आधार पर घर, मंदिर न धुलवाए सरकार।

## आजम पर लगे आरोप आगे भी होंगे साबित: अनिल

**लखनऊ।** भाजपा सरकार पर पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को फंसाने के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आजम खान पर लगे आरोप आगे साबित भी होंगे।

मंगलवार को प्रदेश सरकार के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सभी लोग जानते हैं कि न्यायालय के दरवाजे हमेशा सभी के लिए खुले रहते हैं। अगर बिना आधार के पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो आखिर समाजवादी पार्टी के नेता को इतने लंबे समय तक जेल में क्यों रहना पड़ता। न्यायालय भी सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करता। राजभर ने कहा कि अगर सरकार ने झूठे मुकदमे में फसाया है, तो समाजवादी पार्टी अब तक क्या कर रही थी। अब तक क्यों नहीं छुड़ा लिया। यह सिर्फ वोट के लिए इस तरह की बयान बाजी की जा रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। बहुत लंबी कार्यवाही हुई है। तथ्य और प्रमाण के साथ प्रदेश सरकार ने, हमारी पुलिस ने कार्रवाई की है और इसको न्यायालय ने भी माना है। उन्होंने कहा कि आगे आजम पर लगे आरोप साबित भी होंगे। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया था कि भाजपा सरकार पुलिस का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। सत्ता का दुरुपयोग कर अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए विपक्षी दलों के नेताओं पर झूठे मुकदमें लगवाती है। कहा कि जब सरकार पुलिस से पॉलिटिकल पोलिंग कराएगी, उन्हें चुनावी गोरखधंधे का हिस्सा बनाएगी, तो अवैध कार्यों, भ्रष्टाचार और वसूली में पुलिस की मिलीभगत को नजरअंदाज करने पर मजबूर भी होगी।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांग्रेसियों से डरा प्रशासन, नजरबंद

## अच्छा व्यवहार न करने पर भड़की पूर्व मंत्री ओमवती व जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गुलदार के शिकार मृतकों के परिजनों से मिलने के लिए जा रहे कांग्रेसियों को पूरे जनपद में उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया। प्रशासन न जाने किस वजह से कांग्रेसियों से इतना डर गया कि पुलिस के माध्यम से उन्हें घरों के अंदर कैद करा दिया। अगर प्रशासन व पुलिस कांग्रेसियों को नजरबंद नहीं करते, तो यह मामला इतना हाई लाइट नहीं होता। कांग्रेसियों को हीरो बना दिया गया।

इस बीच बिजनौर की आवास विकास कॉलोनी में रहने वाली पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती देवी अपनी पुत्रवधू व कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह के साथ जब घर से बाहर निकली, तो उनको लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए एक पुलिस कर्मी ने महिला पुलिसकर्मियों से उन्हें रोकने के लिए कहा। जिस पर पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी ने पुलिसकर्मी को नैतिकता व सभ्यता का पाठ पढ़ाते हुए यहां तक कह दिया कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल कोई दूसरा भी करता है। बाद में पुलिस कर्मियों को गलती का अहसास हुआ। तब जाकर मामला शांत हुआ।

गौरतलब है कि पिछले दो माह के दौरान गुलदार द्वारा जनपद के कई बच्चों व महिलाओं को मौत के घाट उतारे जाने की घटनाओं के संबंध में की जानकारी प्राप्त करने और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने जनपद के 25 वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल गठित किया था। इस प्रतिनिधिमंडल को आज गुलदार का शिकार बने मृतकों के पीड़ित परिवारजनों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त करनी थी। साथ ही यह मालूम करना था कि सरकार के द्वारा उनकी क्या मदद की गई है। लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने सभी नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया।

### चांदपुर में शेरबाज पठान को घर पर किया नजरबंद

पूर्व जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान को उनके चांदपुर स्थित निवास पर नजरबंद कर लिया गया। पुलिसकर्मियों का पहरा उनके घर पर लगा दिया गया। किसी को उनसे मिलने नहीं दिया गया।

जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह, पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी, पूर्व आईएएस आरके सिंह अपनी टीम के साथ जब आज सुबह पीड़ितों से मिलने जाने के लिए घर से निकले, तो बड़ी संख्या में बाहर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। यहां पर महिला पुलिसकर्मी भी तैनात की गई थी। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह शांतिपूर्वक पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए जा रही है और इससे कोई कानून व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित नहीं हो रही है, तो पुलिसकर्मी हाथ जोड़ कर खड़ा हो गया। उसने कहा कि हमें ऊपर से यह आदेश मिला है। उन्हें वापस कर दिया गया। जब उनसे मिलने के लिए जनपद से कांग्रेसी आए, तो पूर्व मंत्री ओमवती व जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह उनसे मिलने के लिए आगे बढ़े। इस बीच एक पुलिसकर्मी ने महिला पुलिसकर्मियों से उन्हें रोकने के लिए कहते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जिसे पूर्व सांसद श्रीमती ओमवती देवी ने सुन लिया। बुजुर्ग व बीमार पूर्व सांसद को गुस्सा आ गया और उन्होंने पुलिसकर्मी को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने यहां तक कह दिया कि अभद्र भाषा का इस्तेमाल तो कोई दूसरा भी कर सकता है। पुलिसकर्मियों को अपने साथी पुलिसकर्मी की गलती का अहसास हुआ और उन्होंने शालीनतापूर्वक गलती स्वीकार करते हुए उनसे वापस जाने का अनुरोध किया। इसके बाद वह अपने निवास के बाहर धरने पर बैठ गई और प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुलदार से आम जनता की जान नहीं बचा पा रही है। जनपद में गुलदार का आतंक इतना ज्यादा बढ़ गया है कि किसान व मजदूर खेतों में नहीं जा पा रहे है। खेती करना मुस्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार कांग्रेस व आम जनता को कुचलना चाहती है। लेकिन वह कामयाब नहीं हो पाएगी।

बताया जाता है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बनाए गए प्रतिनिधि मंडल में शामिल शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर पाराशर, पूर्व उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, नसीम अंसारी, चितवन शर्मा आदि को उनके आवासों पर पुलिस भेजकर नजरबंद किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी हुई।

# आसपा में जमीनी कार्यकर्ताओं को नहीं मिल रहा मान-सम्मान



### आदिल चौधरी ने बताया आधे जिले की पार्टी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बसपा में घर वापसी करने वाले आदिल चौधरी आसपा नेताओं से काफी खफा नजर आए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि जिस उम्मीद से वह आसपा में शामिल हुए थे, वह इस पार्टी में कभी किसी की पूरी नहीं हो पाएगी। यहां पर न तो कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान मिलता है और न ही इस पार्टी में मुस्लिमों का भविष्य सुरक्षित है। आसपा में जा कर ऐसा लगता था कि यहां का माहौल भाजपा जैसा है।

गौरतलब है कि स्योहारा के वरिष्ठ नेता एवं लम्बे समय से बसपा में विभिन्न पदों पर रहने वाले आदिल चौधरी एवं इस्तखार चौधरी ने अन्य नेताओं के साथ कल राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली के सामने बसपा में वापसी कर ली थी। बसपा में वापसी के बाद आदिल चौधरी काफी खुश नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि जब नई-नई पार्टी आसपा में वह शामिल हुए थे, तो उन्हें बताया गया था कि दबे कुचले समाज की लड़ाई लड़ी जाएगी और मुस्लिम समाज की आवाज को बुलंद किया जाएगा। मौजूदा परिस्थितियों में सबसे ज्यादा परेशान मुस्लिम समाज ही है। जब सांसद चंद्रशेखर बने, तो उम्मीद जताई जा रही थी कि वह अन्य जनप्रतिनिधियों से अलग हट कर अपने क्षेत्र में रहते हुए जनता की सेवा करेंगे। वह जनता की सुनवाई करेंगे और गांव-गांव घूम कर जनसमस्याओं की जानकारी लेने के बाद उन्हें हल कराने के लिए भाजपा सरकार व अधिकारियों पर दबाव बनाएंगे। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया है। आसपा से आम जनता का इतनी जल्दी मोहभंग हो जाएगा, इसी उन्हें उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि आसपा में पुराने व जमीनी कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान नहीं मिलता है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में घूम कर देखा जा सकता है कि आसपा के बारे में जनता क्या कहती है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले बड़े-बड़े ख्वाब दिखाए गए थे। लेकिन यह ख्वाब टूट गए है। जनता परेशान है। कहीं पर जनता बाढ़ से परेशान है और कहीं पर खस्ताहाल सड़कों के चलते आम जनता कष्ट भोग रही है। उन्होंने कहा कि बसपा में कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। प्रदेश की जनता आज भी बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की नीतियों को पसंद करती है। उन्होंने कहा कि बसपा सिद्धांतवादी पार्टी है। बसपा में वापस आने के बाद उन्हें काफी खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगली सरकार बसपा की ही बनेगी।

# आजम खान की रिहाई पर राशिद हुसैन खुश



### हमेशा होती है सच की जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान की रिहाई पर गहरी खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि आजम खान पर लगाए गए आरोप राजनीतिक द्वेष और साजिश का हिस्सा थे। उनकी रिहाई से न केवल कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है, बल्कि जनता में यह संदेश भी गया है कि सच की जीत हमेशा होती है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने कहा कि सपा का हर कार्यकर्ता लंबे समय से आजम खान की रिहाई का इंतजार कर रहा था। उनकी रिहाई के बाद कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और आने वाले दिनों में पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजम खान हमेशा गरीबों, मजलूमों और पिछड़ों की आवाज बनकर खड़े रहे है। उनके नेतृत्व से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने उन्हें झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास किया, लेकिन न्यायालय ने सच्चाई को सामने लाकर समाजवादी आंदोलन की प्रतिष्ठा को बहाल किया है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और न्याय पालिका की जीत बताया। उन्होंने कहा कि आजम खान के संघर्ष से कार्यकर्ता प्रेरणा ले।

# आजम की रिहाई, सपाईयों ने बांटी मिठाई

## जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा- न्याय की जीत, अन्याय की हार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ सपा नेता व पूर्व मंत्री मौहम्मद आजम खान की सीतापुर जेल से 23 महीने बाद रिहाई पर सपाईयों ने खुशी मनाई। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि उनकी रिहाई न्याय की जीत और अन्याय की हार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व मंत्री आजम खान की रिहाई पर सपा सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। सपाईयों ने मिठाई बांटी। जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि उनकी गैरमौजूदगी में हमने बहुत मुश्किलों का सामना किया था, लेकिन अब उनकी वापसी से सपा ज्यादा ताकतवर होगी। उन्होंने कहा कि उनके जेल से बाहर आने से प्रदेश में सपा की आवाज फिर से बुलंद होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हम अधिक मजबूती से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा




कि मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि इस खुशी के मौके पर उत्साह के साथ-साथ सतर्कता भी बरतें। इस मौके पर महासचिव धनन्जय यादव, डॉ. रमेश तोमर, डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, बीके कश्यप, महमूद कस्सार, चौधरी दिनेश, काशिफ खान, संजय पाल, अखलाक पप्पू, देवानंद भुईयार, अब्दुल वहाब, कसीम कुरैशी, लाल सिंह कश्यप, अफजाल उल हक, सुभाष विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### नशेड़ी ने गंगा में लगाई छलांग

**बिजनौर।** आज दोपहर यहां मध्य गंगा बैराज पर एक नशेड़ी ने पुल से गंगा में छलांग लगा दी। उसके दोस्त के शोर मचाने पर पुलिस ने अन्य लोगों की मदद से उसे किसी तरह बाहर निकाला। युवक किरतपुर क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। बताया जाता है कि आज दोपहर गरीब साढ़े 12 बजे दो युवक मध्य गंगा बैराज पर पहुंचे। दोनों युवक नशे में टल्ली थे। इनमें से एक युवक ने बैराज के गेट नम्बर एक के ऊपर से गंगा में छलांग लगा दी। पानी के तेज बहाव में वह गुम होता दिखाई दिया, तो उसके दोस्त ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर बैराज चौकी के पुलिसकर्मी दौड़े। उन्होंने अन्य लोगों की मदद से युवक को किसी तरह सकुशल बाहर निकाला। बैराज चौकी के प्रभारी तेजवीर सिंह ने बताया कि युवक का नाम सोनू है। सोनू अन्य एक युवक के साथ बैराज पर पहुंचा था। उसने नहाने के लिए गंगा में छलांग लगाई थी।

### मारपीट में घायल युवक की मौत

**नगीना देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम में दो दोस्तों के बीच हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घायल ने उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाते हुए रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। दो दिन पूर्व नरेन्द्र शर्मा पुत्र हरिराम शर्मा व अमर सिंह उर्फ टिल्लू पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम लालवाला के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा व मारपीट हो गई थी। दोनों आपस में मित्र थे और दोनों का एक-दूसरे के धार बहुत आना-जाना था। विवाद में अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। अमर सिंह ने घायल अवस्था में थाना रायपुर सादात पहुंच कर आरोपी के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल अमर सिंह को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर मेरठ रैफर कर दिया था। इस दौरान मेरठ पहुंचने से पूर्व ही घायल अमर सिंह की मौत हो गई। नगीना देहात पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक अमर सिंह उर्फ टिल्लू के चार बच्चे हैं। वह गाय चराने का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। हत्यारोपी नरेंद्र शर्मा अभी फरार है।

## अमानगढ़ के बेगुनाह वन गुर्जरों की गिरफ्तारी की असली सच्चाई

# पहले अश्लीलता, फिर गौकशी का इल्जाम, अब बना दिया शिकारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जुल्म की भी इंतहा होती है। जालिम जब साजिश पर उतर आए, तो वह शैतानों का भी सरदार बन जाता है। जब दो शैतान आपस में मिल जाते है, तो वह इंसाफ का गला घोंटने में काफी हद तक कामयाब हो जाते है और बेगुनाहों को जेल की सलाखों के पीछे भीजवा देते हैं।

ऐसे ही दो शैतानों की साजिश का शिकार अमानगढ़ वन क्षेत्र के पांच बेगुनाह वन गुर्जर हो गए है। उनकी खता सिर्फ इतनी थी कि एक बेटी की आबरू पर गलत नजर रखने वाले शैतान ने उसकी वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे दी थी। इस शैतान की जब पिटाई की गई, तो उसने इसकी एवज में वर्दी का खौफ दिखा कर तीन चाटों की कीमत पांच हजार रुपए वसूल ली। लेकिन पांच हजार रुपए से भी उसकी खुराक पूरी नहीं हुई। उसने रेहड़ के एक दूसरे शैतान से मिल कर साजिश रच डाली। वन गुर्जरों को गौकशी के आरोप में जेल भिजवाने की साजिश रची गई। कहा गया कि उसकी चार गाय गायब हो गई है और वन गुर्जरों ने उन्हें काट कर उनका मांस अपनी दूध की कैनों में भर कर जसपुर व कांशीपुर में बेच दिया है। जब दो शैतानों के द्वारा लगाए गए इस इल्जाम की पोल खुली, तो फिर तमंचा दिखा कर डराने का आरोप लगाया गया। लेकिन इंसाफ पसंदों के सामने शैतानों की दलीलें नहीं चली। इसके बाद शैतानों ने वन गुर्जरों को ऐसा सबक सिखाने की ठान ली, जिससे पूरा समाज खौफजदा है। शैतानों ने इस साजिश में न जाने किस-किस को शामिल कर लिया। हालात यह है कि खौफजदा वन गुर्जर इंसाफ के लिए भटक रहे है। वन गुर्जरों को इंसाफ कब और कैसे मिलेगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। लेकिन पूरे क्षेत्र में दो शैतानों की करतूत की चर्चा हर किसी की जुबान पर है। खौफजदा वन गुर्जरों की आवाज उठाने के लिए इंसाफ पसंद संगठन भारतीय किसान यूनियन टिकैत सामने आया है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस संगठन के ईमानदार व संघर्षशील नेताओं की बदौलत एवं व्यवस्था में बैठे अच्छे अधिकारियों की सकारात्मक सोच के साथ ही न्याय पालिका की विश्वसनीयता के चलते वन गुर्जरों को इंसाफ मिल जाएगा। लेकिन जब तक इंसाफ मिलेगा, तब तक वन गुर्जरों को संघर्ष करना पड़ेगा। यह संघर्ष कितना लंबा चलता है, यह भी आने वाला वक्त बताएगा। मौहम्मद शफी, अब्दुल रहीम, मासूम अली, शमशेर अली, मौहम्मद यामीन, गुलाम नबी, अब्दुल रहमान, मुमताज, मौहम्मद युसूफ, सरदार बलवंत सिंह आदि का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि सच्चाई की जीत होगी और साजिश करने वाले बेनकाब हो जाएंगे।

**रेहड़ संवाददाता के अनुसार** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज में टाइगर का शिकार करने के शक में शनिवार को वन विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच वन गुर्जरों का मामला गर्माने लगा है। आज शाम वादीगढ़ चौराहे पर भाकियू टिकैत की बैठक में वन गुर्जरों के साथ हो रहे अन्याय का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के दर्जनों वन गुर्जर वादीगढ़ चौराहे पर आयोजित भाकियू टिकैत की बैठक में पहुंचे। बैठक में ग्राम अलीगंज निवासी वन गुर्जर ताज मौहम्मद और केहरीपुर जंगल निवासी वन गुर्जर लियाकत अली ने भाकियू पदाधिकारियों को बताया कि उनकी ही बिरादरी के एक व्यक्ति ने रंजिशन झूठी शिकायत करके षड्यंत्र के तहत पांच बेगुनाह लोगों को इस मामले में फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी बड़े व ईमानदार अधिकारी एवं एजेंसी से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। टाइगर का शिकार करने के आरोप में जेल भेजे गए पांचों वन गुर्जर बेगुनाह हैं। उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी कोई शिकार नहीं किया है। ताज मौहम्मद ने बताया कि जब वन क्षेत्र में हाथी की मौत हुई थी, तो उन्होंने वन विभाग को सूचना दी थी और जब तक टीम मौके पर नहीं आई थी, तब तक उसकी चौकीदारी की थी। वन गुर्जरों ने ही शिकारी पकड़वा कर दिए थे। उन्होंने कहा कि वन गुर्जर ही वन क्षेत्र की ईमानदारी से चौकीदारी करते है।

भाकियू टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान ने कहा कि भाकियू टिकैत के पांच पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस प्रकरण की जांच करेगा। उन्होंने कहा कि यदि जेल भेजे गए वन गुर्जर निर्दोष पाए गए, तो अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, जिला सचिव सरदार मुख्तियार सिंह, देवेंद्र कौशिक, मदन राणा, रमेशचंद्र शेखावत, संजय शर्मा, रिजवान हसन, हरि सिंह आदि किसान मौजूद रहे। किसानों में इसे लेकर गुस्सा देखा गया।

# पूर्व मंत्री आजम खान से सपा कार्यकर्ताओं की भावनाएं जुड़ी : हनी



### जालिमों को जरूर ऊपर वाला देगा सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि पूर्व मंत्री आजम खान की रिहाई पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बेहद खुशी का मौका है। उन्होंने कहा कि आजम खान से कार्यकर्ताओं की भावनाएं जुड़ी हुई हैं।

युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल ने कहा कि आजम खान व उनका परिवार जुल्म का शिकार हुआ है। उन्होंने कहा कि उनका कसूर सिर्फ इतना था कि उनके द्वारा रामपुर में बच्चों की तालीम के लिए यूनिवर्सिटी बनाई गई। उन्होंने कहा कि आजम खान की जिंदगी आईने की तरह साफ है। उन्होंने हमेशा जाति व धर्म से ऊपर उठ कर इंसानियत का साथ दिया। वह सच बोलते है। उन्होंने कहा कि आजम खान सपा में ही रहेंगे और प्रदेश में अगली सरकार सपा की बनेगी। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला जालिमों को जरूर सजा देगा। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता समझदारी से काम लें।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक

## निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद थे।



जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि 01 जुलाई 2017 को लागू किया गया वस्तु और सेवा कर (जीएसटी), स्वतंत्रता के बाद से भारत का सबसे महत्वपूर्ण अप्रत्यक्ष कर सुधार है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को मंजूरी करते हुए जिसमें आम आदमी के जीवन में सुधार लाने और छोटे व्यापारियों और व्यापारियों सहित सभी के लिए व्यापार करने में सुगमता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कई केंद्रीय और राज्य करों को एक एकल, एकीकृत प्रणाली में एक साथ लाकर, जीएसटी ने एक सामान्य राष्ट्रीय बाजार का निर्माण किया, करों की आवर्ती को कम किया, सरलीकृत अनुपालन और पारदर्शिता में सुधार किया। उन्होंने बताया कि आठ वर्षों में,जीएसटी दर युक्तिकरण और डिजिटलीकरण के माध्यम से तेजी से विकसित हुआ है, जो भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे की रीढ़ बन गया है। उन्होंने व्यापार बंधुओं को निर्देश दिए कि नई जीएसटी दरों का अनुपालन सुनिश्चित करें और उन्हीं के अनुसार ग्राहकों को सामग्री विक्रय करें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक के दौरान जीएसटी सुधार- 2025, आम आदमी के लिए राहत, सरलीकरण और व्यवसायों के लिए बढ़ावा विषय पर उधमियों एवं व्यापारियों के साथ चर्चा भी की गई।

उन्होंने बताया कि जीएसटी सुधारों ने घरेलू आवश्यक वस्तुओं (साबुन, टूथपेस्ट, भारतीय ब्रेड) पर करों को घटाकर 5 प्रतिशत या शून्य कर दिया, जिससे वहनीयता को बढ़ावा मिला तथा जीवन रक्षक दवाओं, औषधियों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य या 5 प्रतिशत की गई जिससे स्वास्थ्य सेवा सस्ती हुई। उन्होंने बताया कि पहिया वाहन, छोटी करें, टीवी, एसी, सीमेंट पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गई, जिससे मध्यम वर्ग को राहत मिली देसी मशीनरी, सिंचाई उपकरण 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत की गई है, जिससे खेती की लागत में कमी आएगी जबकि तंबाकू, पान मसाला, लेटेड ड्रिंक्स और लक्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया गया।

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापार बंधुओं द्वारा केंद्र सरकार द्वारा घटाई गई जीएसटी दरों का स्वागत किया गया।

# जाली नोट व चरस के साथ गिरफ्तार आरोपित को दस साल की सजा

## 40 हजार रुपए का अर्थदंड

**नगीना।** न्यायालय एडीजे नगीना ने जाली नोट के साथ गिरफतार आरोपित को दस वर्ष सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शाहिद उर्फ पप्पी पुत्र मौ. ताहिर मौ० कलालान थाना नगीना का रहने वाला है और वह थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर (सं. 346/ए) अपराधी है। जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर व गैर राज्यों में डकैती, लूट, धोखाधडी आदि अपराधों के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने शाहिद उर्फ पप्पी पुत्र मौ. ताहिर निवासी मंगा बस्ती थाना कोतवाली देहात व लईक निवासी ग्राम शहबाजपुर थाना कोतवाली देहात को 02,58,000/-रूपये के जाली नोट, 500 ग्राम चरस तथा थाने पर दर्ज चोरी के एक मामले में 04 हजार रूपये की नगदी के साथ गिरफ्तार किया था।

## एक नजर

### श्मशान घाट से चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**धामपुर।** श्मशान घाट से तीन लोहे के दरवाजे चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक दरवाजा बरामद हुआ है। 22 सितंबर को ग्राम चकशहजानी के प्रधान ईश्वर सिंह ने थाना धामपुर में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोर श्मशान घाट के शौचालय से तीन गेट चोरी कर ले गए। मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू हुई। पुलिस की जांच में कस्बा धामपुर के मौहल्ला चामुंडा मंदिर निवासी रोहित पुत्र कमलेश का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आज रोहित को दबोच लिया। पूछताछ में उसने दो दरवाजे कबाड़ी को बेचने और तीसरे को बेचने की कोशिश करने की बात कबूल की। आरोपी के खिलाफ मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं जोड़ी गईं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विजेंद्र कुमार, आरक्षी अमित और आरक्षी अर्जुन कुमार शामिल रहे।

### छात्रा को बनाया एक दिन की प्रधानाध्यापिका



**बिजनौर।** आज जूनियर हाई स्कूल जहानाबाद विकास खंड हल्दौर में मिशन शक्ति अभियान के तहत विभागीय निर्देशों के क्रम में कक्षा 6 की एक छात्रा कुमारी मनताश को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। बालि. का अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक की सीट पर बैठ कर बहुत खुश हुई तथा उसकी सहभागी छात्राओं में भी बहुत उत्साह देखा गया। इस इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौहम्मद शफीक, डॉ. अतीक दानिश, तरुण गुप्ता, मयंक यादव, रश्मि चौधरी,प्रियंका आदि मौजूद रहे।

### नहटौर में आज रहेगी विद्युतापूर्ति बाधित

**बिजनौर।** 220 केवी नहटौर बिजलीघर पर 132 केवी बिजनौर लाइन के अर्थ वायर को बदलने का कार्य 24 सितम्बर 2025 को दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक किया जाएगा।इस दौरान 33 केवी पैजनिया, 33 केवी बासवानपुर, 33 केवी नागल जट, 33 केवी खंडसाल और 33 केवी हल्दौर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी प्रमोद कुमार उपखंड अधिकारी, नहटौर ट्रांसमिशन द्वारा दी गई है।

### भाकियू की नगर इकाइयां भंग

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन जनपदके सभी सम्मानित साथियों को सूचित किया जाता है कि जनपद बिजनौर में युवा कार्यकारिणी में हो रही अनुशासनहीनता के कारण संगठन का नुकसान हो रहा है। जिससे बिजनौर युवा जिला अध्यक्ष को छोड़कर युवा इकाई तहसील, ब्लॉक व जनपद मंडल प्रभारी अशोक घटा के आदेशानुसार नगर इकाइयां तत्काल प्रभाव से भंग की जाती हैं तथा अग्रिम आदेशों तक जनपद बिजनौर में युवा की कोई भी इकाई गठित नहीं की जाएगी।

### बाइक व पिकअप की टक्कर



**अफजलगढ़।** ग्राम निवासी रामनगर महमूद व उनकी बेटी आयशा बाइक द्वारा अपने घर से ग्राम जिकरीवाला उर्फ भवानीपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम जिकरी वाले के समीप पहुंची। अचानक सामने से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी। जिस करण बाइक सवार महमूद व उनकी बेटी आयशा और पिकअप ड्राइवर सद्दाम व अशरफ निवासी थाना बेगल उत्तरक. ाशी भी नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. खालिद ने अशरफ व सद्दाम को हायर सेंटर रैफर कर दिया।

# आयुर्वेद दिवस पर जन जागरूकता रैली एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर के मार्ग निर्देशन में आज दसवें आयुर्वेद दिवस की थीम 'आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए' के अंतर्गत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें आर.जे.पी इंटर कॉलेज बिजनौर के छात्रों एवं शिक्षक गणों के साथ-साथ आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

इसी के साथ एक वृहद् आयुष चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन प्रात: 10:00 बजे से पुराना महिला अस्पताल परिसर सिविल लाइंस बिजनौर में किया गया,। जिसका उद्घाटन नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान धन्वंतरि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. आरती गुप्ता जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी व डॉ. राकेश कुमार क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बिजनौर ने पुष्पगुच्छ से किया। स्वास्थ्य संगोष्ठी एवं आयुर्वेद संवाद कार्यक्रम में आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयुर्वेद आहार विहार एवं स्वास्थ्य लाभ जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने आयुर्वेद को सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धति बताते हुए इसे अपने एवं स्वस्थ रहने पर जोर दिया। चिकित्सा शिविर में विभिन्न आयुष पद्धतियों आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथी एवं योग के विशेषज्ञों द्वारा कुल 645 रोगियों का परीक्षण कर नि:शुल्क औषधि व पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

# ...हर एक शख्स पे अब ऐतबार ठीक नहीं

## अदबी संस्था गीत गजल संगम एकेडमी व बज्म-ए-जिगर की ओर से मुशायरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर की अदबी संस्था गीत गजल संगम एकेडमी व बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से महफिल ए मुशायरे का आयोजन हुआ। दोनों तंजीमो के शायरों ने शिर. कत कर उम्दा कलाम पेश करते हुए खूब दाद हासिल की।



बीती रात्रि नगर के मौहल्ला रमपुरा स्थित उस्ताद शायर मौसूफ अहमद वासिफ के आवास पर शहर की अदबी संस्था गीत गजल संगम एकेडमी व बज्म ए जिगर नजीबाबाद की ओर से एक महफिल ए मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों तंजीमो के शायरों ने शिरकत कर उम्दा कलाम पेश करते हुए खूब दाद हासिल की। महफिल ए मुशायरे के सदर व मुख्य अतिथि व्यापारी नेता तसनीम सिद्दीकी व आयशा सिद्दीकी ने कहा कि शहर के सभी शायरों को एक मंच पर देखकर बेहद खुशी हो रही है। नजीबाबाद के अदीबो और अदब की मिसाल पूरे देश में दी जाती है। महफिल ए मुशायरे का आगाज डा. इल्यास ने नात ए रसूल ए पाक से किया। गजल के दौर में नौजवान शायर हाफिज शादाब मुल्तानी ने कहा- दवा भी खायेंगे तो फायदा नहीं होंगा, मर्ज है क्या हमें जब तक पता नही होगा। तरन्नुम के उम्दा शायर सुहेल शहाब शम्सी ने कहा- मेरी तकदीर में ही लिखे हैं वीराने सब, घर तो अपना है मगर लोग हैं बेगाने सब। कल्हेडी से तशरीफ लाये शायर कारी शाकिर ने उम्दा गजल पेश करते हुए कहा- शुमार ठीक करो ये शुमार ठीक नहीं, हर एक शख्स पे अब ऐतबार ठीक नहीं। शायर डा. तैय्यब जमाल ने उम्दा गजल पेश करते हुए खूब दाद हासिल की- दर्द में मौनिसों मिस्ले माजून है, जिन्दगी में अगर नेक खातून है। शायर शादाब जफर शादाब ने हालात ए हाजरा पर उम्दा कलाम पेश करते हुए कहा- शराफत, सादगी, अखलाक सब कुछ ठीक है लेकिन, ये दुनियां है यहां थोड़ी सी मक्कारी जरुरी है। वरिष्ठ शायर डा. आफताब नोमानी ने खूबसूरत गजल पेश करते हुए कहा- हाय ये कैसी सजा देता है, उस की तस्वीर दिखा देता है। डा. इल्यास ने गजल पढ़ कर खूब दाद हासिल करते हुए कहा- शराफत छीन लेती है लियाकत छीन लेती है, गरीबी आदमी से सब नफासत छीन लेती है। बुजुर्ग शायर डा. नसीम मुल्तानी ने अपनी गजल से महफिल में चार चांद लगाते हुए पढ़ा- अजदाद की रिवायत भूले कहा है हम, फिक्रो सुखन की सारी फबन है हमारे पास। उस्ताद शायर डा. रईस अहमद भारती ने अपने मीठे तरन्नुम में गजल पेशकर संमा बांधते हुए कहा- जज्बा ए इजहार से शरसार होना चाहिए, आदमी का कोई तो मैय्यार होना चाहिए। महफिल ए मुशायरे की सदारत कर रहे मेजबान शायर मौसूफ अहमद वासिफ ने अपनी बीमारी को भूलाते हुए उम्दा गजल पेश करते हुए कहा- बताओ अब कहां जाये हम अपना आशिया लेकर, यहाँ एक बागबा आया है खुद चिंगारियां लेकर।

महफिल ए मुशायरे में व्यापारी नेता तसनीम सिद्दीकी व आयशा सिद्दीकी, वसीम अहमद बख्श, मो. निस खान, फैसल खान, जुबैर खान आदि लोग मौजूद रहे। सदारत तसनीम सिद्दीकी ने की व संचालन सुहेल शम्सी ने किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**शेरकोट।** एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती की गुरुवार को बारात आनी थी, लेकिन इससे पहले ही सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया और शादी की खुशियां जो अब मातम में बदल गई। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी युवती के परिजनों का कहना है कि पंखे में करंट आ जाने से युवती की मौत हुई है, जबकि सूत्रों का दावा है कि युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

# बुजुर्ग का शव खो नदी में मिला, परिवार में मातम

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रामथेरा के किसान महिपाल का शव मंगलवार को शेरकोट की खो नदी से बरामद हुआ। सोमवार से लापता महिपाल की गुमशुदगी परिजनों ने धामपुर पुलिस में दर्ज कराई थी। महिपाल (60 वर्ष) पुत्र रघुनाथ चौहान खेती-बाड़ी करते थे। सोमवार को वह खेत पर जाने के लिए घर से निकले, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटे। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार शाम नदी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पहचान महिपाल के रूप में हुई। शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# हवन यज्ञ में आहुतियां देने से होती है मुक्ति की प्राप्ति

**धामपुर।** रानी बाग कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर पंडित पारस उपाध्याय द्वारा हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। इस अवसर पर कथा वाचक पंडित सुरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि हवन यज्ञ में आहुतियां देने से मुक्ति की प्राप्ति होती है। हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ उठाया। प्रात: श्रीमद् भागवत कथा में पंडित पारस उपाध्याय द्वारा मंत्रोच्चार के द्वारा हवन यज्ञ मे आहुतियां डलवाई गई। समापन अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ एवं भंडारे के मुख्य यजमान चंद्रभान सिंह एवं धर्मपत्नी गीता देवी रहे। भागवत कथा के समापन अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में उदय प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र चौहान, नितिन चौहान, विजयपाल सिंह, मोनिका चौहान, रोहन चौहान, प्रतिभा चौहान, पल्लवी चौहान, डिंपल चौहान, सत्यराज सिंह, नीरजा सिंह, कविता देवी, शोभा अग्रवाल, रेनू वशिष्ठ, पूजा देवी, कुसुम देवी आदि हवन यज्ञ एवं भंडारे में शामिल रहे। हवन यज्ञ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इसके साथ ही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया।

# किसान नेता रामोद कुमार लड़ेंगे जिला पंचायत सदस्य का चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र की जनता की आवाज और उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए नजीबाबाद ब्लॉक के वार्ड नंबर 5 से इस बार समाजसेवी, पत्रकार व किसान नेता रामोद कुमार प्रजापति जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं।



रामोद कुमार प्रजापति निवासी ग्राम जगदीशपुर उर्फ बाजोपुर लंबे समय से समाज और क्षेत्र की समस्याओं को मजबूती से उठाते रहे हैं। वह न केवल एक पत्रकार के रूप में बल्कि किसान नेता और समाजसेवी की भूमिका में भी हमेशा अग्रणी रहे हैं। वर्षों से उन्होंने क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, गरीबों और वंचितों की आवाज को बुलंद किया है।

उन्होंने समय-समय पर नालियों और रास्तों की दुर्दशा, बरसात के दिनों में होने वाले जलभराव, जंगल से होकर गुजरने वाले खतरनाक रास्ते और पुलिस प्रशासन की मनमानी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और समाधान की मांग की। यही वजह है कि आमजन उन्हें अपना असली प्रतिनिधि मानते हैं। क्षेत्र की जनता का साफ कहना है कि आज पंचायत में हमें ऐसे जमीनी समाजसेवी की जरूरत है जो हमारी पीड़ा को समझे और हमारे हक की आवाज बन सके। रामोद कुमार जैसे ईमानदार और संघर्षशील व्यक्ति का चुनाव मैदान में आना बदलाव की शुरुआत है।

वहीं रामोद कुमार प्रजापति ने भी जनता से साफ शब्दों में कहा कि मैं केवल वही वादा करूंगा, जिसे निभा सकूँ। मेरी राजनीति का आधार दिखावे या झूठे आश्वासन नहीं, बल्कि जनता का विश्वास और क्षेत्र का वास्तविक विकास होगा। ईमानदारी और सच्चाई से जनता की सेवा करना ही मेरा संकल्प है।

उनके मैदान में उतरने से वार्ड नंबर 5 के मतदाताओं में नई उम्मीद और जोश का माहौल दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों और युवाओं का मानना है कि अबकी बार पंचायत में उनके मुद्दों को मजबूती से उठाने और विकास को गति देने वाला प्रतिनिधि सामने आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी कहना है कि अगर जनता का समर्थन इसी तरह मिलता रहा तो रामोद कुमार प्रजापति इस बार चुनाव में बड़ा उलटफेर कर सकते हैं।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम मेरे बेटे आयुष मंसूरिया के सेंट मेरी स्कूल नगीना में रीना मंसूरिया पत्नी राजीव मंसूरिया हैं, जो कि गलत है। मेरा सही नाम मेरे और आई डी कार्ड व आधार कार्ड में रीना रानी पत्नी राजीव कुमार हैं, जो कि सही है। वर्तमान व भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से मेरी पहचान है और मेरी पहचान मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में रीना रानी पत्नी राजीव कुमार के नाम से ही रहेगी, जो बिल्कुल सही है।

**रीना रानी पत्नी राजीव कुमार निवासी ग्राम कस्बा कोटरा, परगना व तहसील नगीना, जनपद बिजनौर ( उ.प्र. ) पिन कोड** - 246762

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अमित कुमार मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। समझाने पर भी सुनवा नहीं है। इस कारण अमित कुमार से मैंने व मेरे परिवार ने समस्त ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है। मैंने अमित कुमार को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **-शेर सिंह पुत्र बुद्धू सिंह Buddhu singh ग्राम मेवला माफी, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र मोहम्मद कफील अहमद व उसकी पत्नी जैबुननिशा निवासीगण मोहल्ला ऊंचा, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई संबंध नहीं है। अपने अच्छे बुरे कृत्य व लेन-देन के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनके किसी भी कृत्य का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **मोहम्मद शकील पुत्र बुद्धू निवासी मोहल्ला हलवाईयान, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र आसिम तथा उसकी पत्नी तमन्ना आपस में हमसाज है तथा दोनों हमसाज होकर प्रार्थी को परेशान व नाजायज सताते है। वह गलत संगत में पड़ गये है। मुझे धमकी देते है कि हम तूझे झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। इस कारण मैं दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं।

**महमूद अहमद पुत्र अजीज मौहल्ला लुहारी सराय, कस्बा, परगना व थाना नगीना, बिजनौर।**


# नवरात्र में सुरक्षा के लिए पुलिस सतर्क



**नगीना।** नगर में शारदीय नवरात्र के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर मंगलवार को सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस ने कस्बे के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आयोजकों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की। साथ ही आमजन से त्यौहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया। पुलिस ने गश्त के दौरान बैंकों आदि व्यस्तम स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन चेकिंग की। इस मुहिम का उद्देश्य अपराध पर नियंत्रण और लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि त्यौहार पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से निकाली राम बारात

## पूरे शहर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में श्री राम बारात की शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा सिंह, डा. बीरबल सिंह, विनय अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा ने भगवान राम की आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। पूरे शहर को रंग बिरंगी लाइट से सजाया गया। सड़क के दोनों और हजारों भक्त राम और सीता का दर्शनों के लिए व्याकुल थे।



सबसे आगे रामलीला का झंडा राम बारात की शोभा बढ़ा रहा था। बारात में गणेश जी की तस्वीर सबसे आगे, पारस बैंड हरिद्वार, उड़ते हुए हनुमान जी, राधा कृष्ण की जोड़ी, शिव तांडव, भालू रोड शो, बाहुबली हनुमान जी, गंगा मैया, मास्टर बैंड, नागिन रोड शो, राजू आजाद बैंड, खाटू श्याम जी काली अखाड़ा मां दुर्गा की आरती तथा अंत में भगवान राम, लक्ष्मण, हनुमान जी और सीता मैया का डोला शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभा यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष अचल अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा, भवन मंत्री बंटी कौशिक, संजीव बबली एडवोकेट पूर्व बार अध्यक्ष, अजय अग्रवाल, जीसी राजेंद्र गौतम, विनीत अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, राहुल गुप्ता, कपिल चौधरी, संदीप चौधरी, संदीप चौधरी, अर्पित अग्रवाल, वैभव सिंघल, चिराग अग्रवाल, प्रियांशु अग्रवाल, रचित गोयल, आर्यन, पंडित आदित्य आदि ने किया।

# तीन दिन से बंद मकान में मिला शव

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शक्ति नगर कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया। जब तीन दिन से बंद पड़े मकान से अचानक तेज दुर्गंध फैलने लगी। घबराए हुए लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवा. जा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो भीतर 52 वर्षीय अधेड़ कमल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह का शव कमरे में पड़ा मिला। घटना से पूरे मौहल्ले में शोक और सनसनी का माहौल है।

पुलिस के अनुसार मृतक मूल रूप से मौहल्ला चाहशीरी, बिजनौर का निवासी था। वह लगभग 22 साल पहले धामपुर आकर शक्ति नगर कॉलोनी में बस गया था। यहां वह अकेले ही रह रहा था। उसकी पत्नी मीरा देवी अपने मायके अफजलगढ़ में रहती हैं, जबकि तीनों बच्चे दिल्ली और नोएडा में रोजगार कर रहे हैं।

पड़ोसियों ने बताया कि कमल सिंह शराब का आदी था और अक्सर लोगों को कॉलोनी में दिखाई देता था। पिछले तीन-चार दिनों से वह अचानक नजर नहीं आया। जब मकान से बदबू आने लगी तो लोगों को अनहोनी का संदेह हुआ। आज सुबह करीब सात बजे पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। शव सड़ने लगा था और पास में खून के धब्बे तथा उल्टी के निशान भी मिले।

सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम बिजनौर से बुलाई गई। टीम ने मौके से साक्ष्य इकट्ठा किए और तस्वीरें लीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अभय कुमार पांडे ने बताया कि शव दो-तीन दिन पुराना प्रतीत होता है। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सामने आएगा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कमल सिंह रोजाना मोहल्ले में दिखाई देता था। उसके अचानक गायब हो जाने से लोग हैरान थे। सोमवार देर रात से ही मकान से तेज दुर्गंध आनी शुरू हो गई थी, लेकिन मंगलवार सुबह हालात असहनीय हो गए। मृतक की पत्नी और बच्चे जैसे ही धामपुर पहुंचे, घर में कोहराम मच गया।

कमल सिंह धामपुर रोडवेज बस डिपो में संविदा परिचालक के पद पर कार्यरत था। अचानक हुई इस घटना ने न केवल परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि कॉलोनी के लोग भी गमगीन हैं। लोग आपस में चर्चा कर रहे हैं कि शायद शराब की लत ही उसकी मौत की वजह बनी। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# टैंकर की टक्कर से छोटे हाथी चालक की मौत

**हल्दौर।** गांव खासपुरा के निकट टैंकर और छोटे हाथी की आमने-सामने से जबरदस्त भिड़ंत हो गई।

जनपद सहारनपुर के थाना कुतुबशेर निवासी हबीब कॉलोनी एजाज खान (45 वर्ष) पुत्र मौहम्मद सगीर छोटे हाथी में सामान लेकर मुरादाबाद जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार बीती रात करीब साढ़े 11 बजे बिजनौर मुरादाबाद हाईवे मार्ग पर स्थित गांव खासपुरा के निकट एक टैंकर और छोटे हाथी की आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें उक्त छोटे हाथी चालक की मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ परिजनों ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# इनाम भाई डिश वालो का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर ने अपने एक बेहतरीन समाजसेवी को खो दिया है। नगर के मौहल्ला शेखान स्थित थाने के चौराहे के निवासी इनाम भाई डिश वालो को सोमवार में सीने में दर्द की शिकायत हुई। उसके बाद उन्हें मुरादाबाद उपचार के लिए लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही उनका इंतकाल हो गया। उनकी उम्र लगभग 50 वर्ष थी।

इनाम भाई का नाम सुनते ही नगर के लोगों के दिलों में मौहब्बत और सम्मान की भावनाएं उमड़ती थी। वे न केवल एक मेहनती इंसान थे, बल्कि अपने खुशमिजाज स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए भी जाने जाते थे। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी आदत थी। वह हमेशा समाज सेवा और इंसानियत को अपनी जिन्दगी की पहली प्राथमिकता मानते थे। उनके इंतकाल की खबर सुनते ही नगर में गहरा सन्नाटा छा गया और सभी धर्मों के लोगों ने उनके घर जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। आज सुबह



## नगर में फैली शोक की लहर

8:30 बजे उन्हें अंतिम बार देखा गया। जिसके बाद नगर के लोगों की आँखें नम हो गई और उनको सुपुर्द ए खाक किया गया। नगर के तमाम राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की।

इस अवसर पर वरिष्ठ डॉ. नसीम हाशमी, पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, डॉ. मनोज वर्मा, एडवोकेट महफूज चौधरी, डॉ. जानिब हाशमी, चौधरी फहीमुर्रहमान, पूर्व पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील, पूर्व डिप्टी एसपी इकबालुज्जमा, अकरम अंसारी, इंडियन बेकरी वाले, अरशद अंसारी, आरिफ गांधी, डॉ. मारुफ जैदी, भाजपा नेता आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी, मौहम्मद हाजी इलियास, आमिर चौधरी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष, खलीक चौधरी, गौहर चौधरी, असजद चौधरी, आदिल चौधरी, मौहम्मद अहमद, व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, अदनान जैदी, डा. हसन सिद्दीकी, जुबैर कुरैशी, नजीबुल हसन डॉ. कफील चौधरी, रिफाकत चौधरी उर्फ डम्पी, अकरम अल्वी, डॉ. रिसातुल्ला, शमशाद एडवोकेट, मौहम्मद अहमद अंसारी, अरशद चौधरी, डॉ. जुनैद, अनीस कुरैशी, चौधरी शाहबाज जमाल, पूर्व प्रधान नफीस अंसारी व अन्य सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त किया और नम आंखों से उनके जनाजे में शरीक हुए।

# एमएससी ( वनस्पति विज्ञान ) द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रुहेलखण्ड, विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (वनस्पति विज्ञान विभाग) के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इंफॉरमेशन टैक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा।

वनस्पति विभागाध्यक्षा डॉ. पूनम गुप्ता ने बताया कि सुमैया ने 78.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, शुभांगी ने 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर मानसी ने 74.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

# स्मार्ट मीटर बने उपभोक्ताओं की मुसीबत

## कम खर्च पर भी ज्यादा बिल से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पावर निगम द्वारा लगाए जा रहे इलेक्ट्रॉनिक स्मार्ट मीटर अब उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत का कारण बनते जा रहे हैं। कम बिजली खर्च करने के बावजूद लोगों को हर महीने भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों और नगरवासियों में भारी आक्रोश है।

सोमवार को ग्राम रतनपुरा में मीटर लगाने पहुंची टीम का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और उन्हें मीटर लगाने से रोक दिया। ग्रामीणों



का कहना है कि जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उनके बिल पहले की तुलना में कई गुना अधिक आ रहे हैं। इस वजह से आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हैं।

इसी तरह का एक ताजा मामला ग्राम मंसूर सराय से सामने आया है। जहां एक मकान स्वामी ने बताया कि उनका घर लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। लेकिन इसके बावजूद मात्र एक महीने का बिल 10,300 रुपये से अधिक भेज दिया गया। भारी बिल देखकर मकान स्वामी समेत ग्रामीणों ने मीटर की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्राहकों का आरोप है कि मीटर लगाने वाली कंपनी और विद्युत विभाग के अधिकारी उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं सुन रहे। उपभोक्ता कहते हैं कि मीटर बदलने के बाद न सिर्फ बिल बढ़ गए बल्कि बिजली से जुड़ी अन्य परेशानियां भी सामने आने लगी हैं। कई लोग पुराने और नए बिलों की तुलना करके चर्चा कर रहे हैं और इस समस्या का समाधान मांग रहे हैं।

ग्रामीणों और नगरवासियों की मांग है कि विद्युत विभाग और कंपनी इस मामले की तत्काल जांच कराए। गलत बिलों को रद्द करे और सही बिल जारी किए जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने का उद्देश्य पारदर्शिता और सुविधा बताया गया था, लेकिन फिलहाल यह व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत का दूसरा नाम बन चुकी है।

## एक नजर

### कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर में उस समय सनसनी फैल गई जब एक किसान ने कर्ज के बोझ से तंग आकर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी भूदेव (45 वर्ष) पुत्र रामस्वरूप सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार भूदेव लंबे समय से कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था। बढ़ते ब्याज और कर्ज अदा न कर पाने की स्थिति ने उसे गहरे अवसाद में धकेल दिया था। इसी मानसिक दबाव के चलते उसने गांव के ही शेर सिंह के आम के बाग में पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। सुबह जब ग्रामीणों ने शव को पेड़ से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। तुरंत इसकी सूचना बाग मालिक और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही स्योहारा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि भूदेव मेहनतकश और सीधा-साधा इंसान था। लेकिन लगातार बढ़ते कर्ज ने उसका जीवन कठिन बना दिया था। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है और परिजन गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शिविर में 130 मरीजों का इलाज



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम तीबड़ी में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने 130 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. इलमा परवीन का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एमएम गिल, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, शानू, वर्षा चौहान, निशु रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह शामिल रहे।

### आयुष्मान सेवा एवं नई लहर सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय का उद्घाटन



**स्योहारा।** स्टेशन रोड केनरा बैंक के निकट आयुष्मान सेवा एवं नई लहर सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय का भव्य उद्घाटन हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार एवं वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय में आयुष्मान भारत योजना से जुड़ी सेवाएँ जैसे कार्ड सुधार अपडेट, महिला सशक्तिकरण व अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य सम्पन्न होंगे। नई लहर फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. मन्नान जैदी ने बताया कि इसका उद्देश्य समाजहित और आम जनता को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम में नगर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सभी का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया और जलपान की व्यवस्था रही।

# पर्याप्त गन्ने के अभाव में सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता पर असर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** पर्याप्त गन्ने के अभाव में किसान सहकारी चीनी मिल की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5000 टी.सी.डी. करने की मांग पर अब पूर्ण विराम लग गया है।

ग्राम पंचायत तातारपुर लालू निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा द्वारा किसान सहकारी चीनी मिल स्नेह रोड़ की पेराई क्षमता को बढ़ाकर 5000 टी.सी.डी. करने की मांग की गयी थी। जिसके परिपेक्ष में उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के प्रबंध निदेशक कुमार विनीत ने आरटीआई कार्यकर्ता को भेजे एक पत्र में कहा कि किसान सहकारी चीनी मिल स्ने हरोड की पेराई क्षमता वर्तमान 3000 टी.सी.डी एवं 40 किलोलीटर प्रतिदिन एथनाल उत्पादन क्षमता की आसवनी स्थापित है। पेराई क्षमता 5000 टी.सी.डी करते हुए शीरे का पूर्णरूपेण उपयोग चीनी मिल की आसवनी में करने हेतु में पूर्व स्थापित आसवनी के अतिरिक्त 60 किलो लीटर प्रतिदिन एथनाल उत्पादन क्षमता की आसवनी तथा 100 टी.पी.डी. क्षमता का बायो-सी.एन.जी. प्लान्ट की स्थापना हेतु परियोजना का प्रस्ताव शासन के माध्यम से पी.आई.बी. को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया था। जिसके क्रम में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई पी. आई.बी. बैठक में स्नेह रोड परियोजना पर पुन: विचार कर प्रस्तुत किये जाने का मत स्थिर किया गया था। उन्होंने बताया कि स्नेह रोड चीनी मिल क्षमता विस्तारीकरण परियोजना की स्थापना हेतु आवश्यक गन्ने की उपलब्धता के सम्बन्ध में विचार किया गया। जिसके अन्तर्गत 5000



टी.सी.डी. क्षमता की चीनी मिल हेतु एक पेराई सत्र में लगभग 90 लाख कुंतल गन्ने की आवश्यकता होगी। स्नेह रोड़ चीनी मिल के निकटवर्ती क्षेत्र में स्थापित निजी क्षेत्र की 09 चीनी मिलों की कुल गन्ना पेराई क्षमता 77000 टी. सी.डी. को संज्ञान में लेते हुए चीनी मिल का क्षमता विस्तार 5000 टी.सी.डी. करने की दशा में क्षमता अनुरूप गन्ना उपलब्धता होने में संशय की स्थिति विद्यमान होने के कारण प्रस्तावित परियोजना की लाभप्रदता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की सम्भावनाओं के दृष्टिगत उक्त प्रस्ताव / वस्तुस्थिति से शासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मिल विस्तारीकरण प्रस्ताव का अवसान कर दिया गया है।

# वीरा में विशेष पौधारोपण अभियान

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत एक विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन ईको क्लब द्वारा किया गया। पौधारोपण अभियान के माध्यम से सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ रखना, वायु प्रदूषण कम करना और जलवायु संतुलन बनाए रखना है।

यह अभियान भारत के समस्त नागरिकों को स्वच्छ, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है, जो देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी/स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन रहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। पौधे हमारे जीवन की अमूल्य निधि है। वे पर्यावरण संरक्षण में सहायक है।

संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को सोखते हैं, जलवायु को नियंत्रित करते हैं, बाढ़ और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, और हमें फल, लकड़ी तथा औषधियां देते हैं।

उन्होंने कहा कि बढ़ती पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं का सामना करने के लिए, हर व्यक्ति को वृक्षारोपण के कार्य में योगदान देना चाहिए। इस कार्यक्रम के एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर सौरभ कुमार एवं वर्णित सिंह रहे।

इस अवसर पर डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण विभोर राजवंशी, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. मौ. फैसल अंसारी, सुधीर कुमार, सुनील भारद्वाज, उज्जवल कुमार, विवेक कुमार, नाइला नईम, निकिता रानी, विपिन कुमार, विमल कुमार, सुरभि ढाका, राशि सिंह, निगम कुमार आदि का सहयोग रहा।

# शिविर में 1495 मरीजों की जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 23 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान, समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, बीजेपी नेता डॉ. विनीत देवरा, मंडल अध्यक्ष नीरज राणा और अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में कुल 1495 मरीजों की जांच की गई। इसमें 400 उच्च रक्तचाप, 306 मधुमेह और 36 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच शामिल रही। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने डेंटल, नेत्र, त्वचा, ईएनटी, आयुष व बाल रोग संबंधी सेवाएं दी। बाल रोग विशेषज्ञों ने 60 बच्चों का इलाज किया और 28 का टीकाकरण भी किया। इस दौरान 30 आयुष्मान गोल्डन कार्ड और 140 आभा आईडी बनाए गए। विशेष रक्तदान शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों व समाजसेवियों सहित 6 लोगों ने रक्तदान किया।

## रक्तदान व पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम

रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और रक्तदान की शपथ दिलाई गई। वहीं 55 टीबी मरीजों को पोषण पोटली दी गई, जिनमें से 50 मरीज समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा द्वारा गोद लिए गए थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं और बच्चियों को मासिक धर्म, स्वच्छता और पोषण पर जागरूक किया। डॉ. आंचल त्यागी ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक चिकित्सा से जुड़ी जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि यह अभियान मिशन शक्ति और पोषण 2.0 से जुड़ा है, जिससे महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य और जागरूकता में बड़ा लाभ होगा। वहीं ब्लॉक प्रमुख उज्ज्वल चौहान ने कहा कि देशभर में इस अभियान के तहत एक लाख से अधिक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# पीएचसी में आशा कलस्टर की बैठक



**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कलस्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व ध्यान देना बहुत जरूरी है। गर्भवती महिलाओं को सेवाएं दिलवाना सुनिश्चित कराया जाए। गर्भावस्था के दौरान चार जांच जरूर कराई जाए। पहली जांच गर्भावस्था के 12 सप्ताह पर, दूसरी जांच 14 से 26 सप्ताह, तीसरी जांच 28 से 34वें सप्ताह तथा चौथी जांच 36 वे सप्ताह में कराई जानी चाहिए। गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, पेट की जांच तथा वजन कराया जाना चाहिए।

# कृष्णा में आयुर्वेद आहार महोत्सव

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में दशम राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरम्भ धनवन्तरी पूजन एवं हवन से किया गया, जिसमें यजमान के रूप में कॉलेज के संस्थापक राजीव कुमार सपत्नी, कालेज के चेयरमैन मनोज कुमार जी रहे। धनवन्तरी की प्रतिमा का अनावरण एवं उनके समक्ष दी प्रज्जवलन मुख्य अतिथि चीफ मेडिकल आफिसर डॉ. कौशलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य केन्द्र आयुर्वेद आहार महोत्सव रहा, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने 6 टीमें बनाकर आहार के 6 स्टॉल लगाए। सभी स्टॉल (हींग गोगप्पे एवं मोजिटो मास्टर्स, अमृत रसोई, चटोरे चैम्पस, लड्डू ए चाट, रस वारियर्स, अन्नपूर्ण अमृतम) की अध्यक्षता कॉलेज के शिक्षक चिकित्सकों ने की। निर्णायक मंडल के रूप में कॉलेज के डीन एकेडेमिक डॉ. विशाल एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र सिंह रहे। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक कम्पनी स्पैन लैबोरैट्रीज़ ने भी आयुर्वेद के उत्पादों का प्रचार प्रसार किया। कार्यक्रम में सेल्फी प्वाइंट पर धूमधड़ाका रहा। सभी ने 4 घंटों तक आहारों का आनंद लिया एवं प्रसाद के रूप में लड्डू वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी टीमों का प्रदर्शन शानदार रहा। सभी का हर्षोल्लास प्रशंसीय था। सभी टीमों में जबरदस्त मुकाबला रहा।

टीम हींग गोलगप्पे एवं मोजितो मासटर्स को प्रथम , टीम अमृत रसोई को द्वितीय एवं टीम चटोरे चैम्पस को तृतीय स्थान पर घोषित कर ट्राफी से सम्मानित किया गया और बाकी टीमों को सराहनीय पुरस्कार दिये गये।

कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ. तेजेन्द्र एवं डॉ. निशा रैना की अहम भूमिका रही एवं टीम कॉर्डिनेटर के रूप में डॉ. अजीत कुमार, डॉ. सुनीता, डॉ. इमरान, डा. शुभ्रांग, डॉ. गौरव, डॉ. शालिनी, डॉ. मनीषा, डॉ. भावना का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्कूटी सवार अध्यापिका पर एसिड अटैक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्कूटी सवार बदमाशों ने अध्यापिका पर तेजाब फैंक दिया। अध्यापिका 25 से 30 प्रतिशत झुलस गयी।पीड़िता की दो माह बाद शादी होने वाली थी। दिल दहलाने वाली इस घटना को नखासा थाना क्षेत्र में अंजाम दिया गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर निवासी 24 वर्षीय युवती निजी स्कूल में अध्यापाकि के पद पर कार्यरत है। मंगलवार की दोपहर अध्यापिका रोजाना की तरह स्कूल में पढ़ाने के बाद घर लौट रही थी। जैसे ही वह गांव के पास पहुंची, तभी स्कूटी पर सवार अज्ञात युवक

**०दो माह बाद होनी थी शादी**

अचानक उसके पास आए और उस पर तेजाब फेंक दिया। तेजाब से भावना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक आरोपी फरार हो गए। परिजनों ने आनन-फानन में पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसके चेहरे और शरीर का करीब 25 से 30 प्रतिशत हिस्सा झुलसे होने की जानकारी दी। चिकित्सकों के अनुसार, उसकी हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है, लेकिन खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही नखासा थाना पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज करने का प्रयास किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि अध्यापिका की दो महीने बाद शादी होने वाली थी।

# तम्बाकू के दुष्परिणामों को समाज में फैलाने की आवश्यकता: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के डिबेट और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंवासा की आरबीएसके की टीम के तत्वावधान में मनोरमा राघव इंटर कॉलेज में तंबाकू नियंत्रण पर एक डिबेट कंपटीशन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आरबीएसके टीम लीडर डा. फहीम द्वारा बच्चों को तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी सामाजिक आर्थिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का आहवान किया। डिबेट कंपटीशन में प्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि रवि यादव को द्वितीय स्थान मिला और लव कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा एक नाटिका प्रस्तुत कर नशे के विरुद्व समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया विजयी प्रतियोगियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से ट्रॉफी व प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव राठौर डीपीएम ने सभी बच्चों से किशोर अवस्था में होने वाली समस्याओं को गंभीरता से लेने तथा इस आयु वर्ग में तंबाकू की लत से बचने के लिए प्रेरित किया।



सम्भल- मनोरमा राघव इंटर कॉलेज में तम्बाकू नियंत्रण डिबेट व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागी।

# छात्राओं को दिए साइबर सुरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैला देवी थाना क्षेत्र के बाबा रत्न गिरि आदर्श इंटर कॉलेज में मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा सुरक्षा के टिप्स बताए। मंगलवार को कॉलेज में महिला उप निरीक्षक आंचल सिद्धू व उपनिरीक्षक जतिन कुमार और आरक्षी ममता द्वारा छात्रओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जानकारी देते हुए हो रही आपराधिक घटनाओं के बारे में अवगत कराया गया तथा उनसे बचाव के उपाय बताए। महिला उपनिरीक्षक आंचल सि)ू ने छात्रओं को साइबर अपराधा, छेड़छाड़, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। किसी भी प्रकार की घटना होने पर डायल 112 को सूचना देने तथा महिलाओं से संबंधित किसी प्रकार की समस्या होने पर 1090 के बारे में जानकारी दी। इतना ही नहीं छात्रओं के घर में माता-पिता या अन्य के नाम बिजली कनेक्शन नहीं होने या घरेलू सिलेंडर नहीं होने पर भी हर सम्भव कनेक्शन करवाने का आश्वासन दिया। ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी तथा सचेत रहने को प्रेरित किया।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर की सड़कों पर पुलिस अधीक्षक के के विशनोइ के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

मंगलवार को रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने कोतवाली पुलिस के नेतृत्व में नगर की सड़कों पर रूट मार्च कर पुलिस जवानों ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति का जायजा लिया। अत्याधुनिक अथियारों से लैस जवानों की मुख्य मार्गों पर रूट मार्च कर आम जनमानस में सुरक्षा का भरोसा जगाया। इस दौरान सी ओ आलोक भाटी भी मौजूद रहे।

# श्रीराम के जन्म लेते ही अयोध्या में गूंजे मंगल गीत

**० पंडाल में फूलों की बारिश, गूंजे जयश्रीराम के नारे**

**० अतिथियों का पटका पहनाकर किया गया स्वागत**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रामलीला मंचन में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के राजा दशरथ के महज में जन्म लेते ही चारों दिशाएं मंगल गीतों सुनाइ देने लगेजबकि पांडाल जयश्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया।

नगर पालिका परिषद में चल री रामलीला मंच के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का मंचन किया गया। इससे पूर्व भगवान श्री गणेश का पूजन मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, मणि भूषण तिवारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं समाजसेवी आशु गुप्ता द्वारा ने कर श्री रामलीला मंचन का शुभारम्भ किया। रामलीला मंडली द्वारा भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की लीला मंचन में अयोध्या के महाराजा दशरथ के तीन रानियां थीं लेकिन उनके कोई पुत्र नहीं था। राजा दशरथ श्रृंगी श्रृषि के पास पहुंचे और अपने मन की व्यथा सुनाई। श्रृषि ने राजा दशरथ को एक फल दिया और तीनों रानियों को खिलाने को कहा। फल के सेवन के बाद रानी कौशल्या ने श्रीराम, रानी सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघन व रानी कैकयी ने भरत को जन्म दिया। चारों रानियों के पुत्रों के जन्म लेते ही अयोध्या में हर ओर खुशियां मनाइ जाने लगी। जबकि हर ओर मंगल गीत सुनाई देने लगे और जयश्री राम के नारे गुंजायमान के साथ फूलों की बारिश होने लगी। मंचन के दौरान प्रभु श्रीराम समेत चारों भाइयों के बाल्यावस्था तथा युवा अवस्था का सजीव मंचन भी किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष अनंत अग्रवाल एवं प्रबंधक वैभव गुप्ता द्वारा अतिथियों को पटका आदि पहनाकर अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम में श्रृषभ ठाकुर, कमल दिवाकर, संजीव दिवाकर, पिंकू त्यागी, अनुराग गुप्ता, मनोज मित्तल, नितोष अग्रवाल, उमेश सैनी, शोभित शास्त्री, अमित गुप्ता, शोभित सर्राफ, शोभित गुप्ता, विष्णु श्रीमाली, अभिषेक गुप्ता, उज्जवल सक्सेना, कुलदीप गुप्ता, संजय सांख्यधर आदि उपस्थित रहे। संचालन उमेश शर्मा एवं अतुल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया।

# आयुर्वेद हमारे देश की धरोहर: अजीत राजू

**०जन कल्याण के लिए मनाया गया दसवां आयुर्वेद दिवस**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** 10 वां आयुर्वेद दिवस आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डा. अनामिका यादव, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अजीत कुमार उर्फ राजू तथा जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि आयुर्वेद के दो सूत्र हैं आयुर्वेद स्वस्थ रहने एवं विकार समाप्त करने का विज्ञान है। उन्होंने कहा आयुर्वेद वनस्पति के तीन रुप अन्न, खाद्यान्न, एवं औषधि के रूप में होती है। आयुर्वेद इस पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जो जीवन को शतायु एवं दीर्घायु करे वह आयुर्विज्ञान है। उन्होंने सोना, चांदी आदि का शरीर पर पडने वाले प्रभाव को लेकर भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सीखने का विज्ञान नहीं आदत का विज्ञान है। उन्होंने कहा कि जो आयुर्वेद में है उसे दिनचर्या में लाना चाहिए। अजीत कुमार राजू यादव ने कहा कि आयुर्वेद हमारी धरोहर है। हमारे देश के आयुर्वेद का काफी महत्व है। प्राचीन काल में हमारे देश में ही आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि हम मोदी जी एवं योगी जी के नेतृत्व में आयुर्वेद की तरफ पुनः बढ रहे हैं। उन्होंने अर्जुन की छाल, हरसिंगार के पौध के औषधीय गुणों की जानकारी दी। डा. अनामिका यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति को पुनः प्राप्त करना है। आयुर्वेद पद्धति वैज्ञानिक रूप से सही करती है। आयुर्वेद पर विश्वास करें। उन्होंने कहा कि जहाँ तक संभव हो हमें अपने पारम्परिक भोजन को ही अपनाना चाहिए। लम्बे समय तक निरोगी रहना है तो आयुर्वेद में विश्वास करना होगा। ुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा परिषदीय विद्यालयों में स्थित हर्बल गार्डन में अच्छा कार्य करने वाले 14 अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत आयुष विभाग द्वारा लगाये गये आयुर्वेदिक, होम्योपैथी तथा यूनानी चिकित्सा, योग एवं सिद्व शिविर का अतिथियों ने निरीक्षण किया।



सम्भल- आयुर्वेद दिवस पर अध्यापिका को प्रशस्ति पत्र देते डीएम व जिप. अध्यक्ष।

## रामलीला मंच से महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर पंचायत बबराला कार्यालय के सामने चल रही रामलीला में पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा को जागरूक किया। महिला बीट पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में जागरूक होने की आवश्यकता है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से भी अपनी स्थिति सुधार सकती हैं। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश के लिए जरूरी है कि छोटी-छोटी घटनाओं को नजर अंदाज न करें। कोई भी स्थिति हो तो अपने स्वजन को इसकी सूचना अवश्य दें। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद लें। महिला हेल्प डेस्क अधिकारी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए समाज को भी अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। नारी कोई भी हो, सभी का सम्मान होना चाहिए। बच्चियों अथवा महिलाओं के साथ अगर किसी प्रकार की घटना होती है तो हेल्पलाइन नंबर पर जानकारी देकर पुलिस से सहायता लेनी चाहिए। कार्यक्रम में हेल्प लाइन 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन की जानकारी दी।

# नियमित टीकाकरण को प्रभावी व सुरक्षित बनाने में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका

**० ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ताओं को दिया विशेष प्रशिक्षण**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नियमित टीकाकरण को प्रभावी और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कर्मियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका समापन प्रमाणपत्र वितरण के साथ हुआ।

प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करके ही स्वस्थ समाज की स्थापना की जा सकती है। यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इसलिए किसी भी लाभार्थी को छूटना नहीं चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज विश्नोई ने कहा कि टीकाकरण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उचित कोल्ड चेन, वैक्सीन प्रबंधन और उपकरणों का रखरखाव अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब क्षेत्र में जाकर इसका सदुपयोग किया जाए। अपर शोध अधिकारी महेश गौतम ने टीकाकरण पर आधारित विस्तृत समीक्षात्मक डाटा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि काम के बाद सही रिपोर्टिंग भी उतनी ही जरूरी है, क्योंकि यही उपलब्धियों का वास्तविक आंकलन करती है। मंडलीय यूविन कोआर्डिनेटर शुएब जैदी ने यूविन पोर्टल की विस्तृत जानकारी दी और उसमें सुधारात्मक कार्रवाई के तौर-तरीके बताए। वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर अरशद रसूल, यूनिसेफ के डीएमसी प्रवीन कुमार और निसार खान ने प्रतिभागियों को वैक्सीन कोल्ड चेन प्रबंधान से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। यहां राजेश कुमार, नरेंद्र पाल, नीतिका मित्तल, अरविंद सिंह, मनीष कुमार, दीपक, किरन बरनवाल, सुमनलता, अनुज, सक्षम, वरुणदीप सहित कई स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सम्भल- नियमित टीकाकरण को प्रशिक्षण में कार्यकत्री को प्रमाण पत्र देते।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-कोट पूर्वी में महाराजा अग्रसेन जयंती पर बोलते।

## हर्षोल्लास से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

**सम्भल।** वैश्य एकता मंच के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन की जयंती हर्षोल्लास के मनायी गयी।

नगर निवासी मुकेश गुप्ता के शिवाजी चौक के निकट स्थित निवास पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी नीति एक मुद्रा एक ईट के माधयम से समाज के व्यक्तियों को सशक्त बनाने की विचारधारा को आगे बढ़ते हुए तथा प्रेरणा मानते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में पदाधिकारीयो ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने व संचालन सचिन कुमार गुप्ता ने किया। जबकि अजय कुमार गुप्ता सर्राफ, अजय गुप्ता भटटे वाले, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, अजय अग्रवाल प्लाईवुड, अक्षित अग्रवाल, संजय कुमार गुप्ता, आकाश अग्रवाल, शालू गुप्ता, अक्षय गुप्ता, अमित गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मंदिरों में हुई देवी की आराधना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के मंदिर व् घरों में देवी मां की उपासना की गई। मंदिरों में श्रृद्वालुओं ने देवी मां पर जाकर जल चढ़ाया और पूजा अर्चना की। मंदिरों में आरती की गई । नवरात्र में देवी मां की उपासना घर व मंदिरों में सभी सिंगार के साथ विधि विधान से पूजा की जा रही है। ब्रह्मचारिणी देवी की उपासना श्रृद्वालुओं ने उपवास रखकर की। देवी जी से प्रार्थना की गई कि वह परिवार को सुख समृद्वि प्रदान करें। मंदिरों में घंटो की आवाज से मंदिर गुंजायमान हो गये। देवी जी के जयकारे मंदिर में सुने गए। मंदिर में सुबह से श्रृद्वालुओं का आना शुरू हो गया। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। नवरात्र में मंदिरों पर उपासना के लिए श्रृद्वालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर सजे हुए हैं रात में झालरों की सजावट देखते ही बन रही है।

# नवरात्रों पर मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** नवरात्रों में सन्तोषी माता मंदिर,खेड़ा मन्दिर,लाइन पार मन्दिर,चामुंडा मंदिर गुन्नौर पर श्रृद्वालुओं की भीड़ है।

बबराला स्टेशन रोड स्थित सन्तोषी माता मंदिर पर नवरात्र कार्यक्रम में पण्डित श्याम बिहारी महाराज ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार माता ब्रह्मचारिणी हिमालय और मैना की पुत्री हैं। इन्होंने देवर्षि नारद जी के कहने पर भगवान शंकर की ऐसी कठोर तपस्या की जिससे प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने इन्हें मनोवांछित वरदान दिया। जिसके फलस्वरूप यह देवी भगवान भोले नाथ की वामिनी अर्थात पत्नी बनी। जो व्यक्ति अध्यात्म और आत्मिक आनंद की कामना रखते हैं। उन्हें इस देवी की पूजा से सहज यह सब प्राप्त होता है। देवी का दूसरा स्वरूप योग साधक को साधना के केन्द्र के उस सूक्ष्मतम अंश से साक्षात्कार करा देता है। जिसके पश्चात व्यक्ति की इन्द्रियां अपने नियंत्रण में रहती और साधक मोक्ष का भागी बनता है। इस देवी की प्रतिमा की मंत्रोपचार सहित पूजा करके जो साधक स्वाधिष्ठान चक्र में मन को स्थापित करता है। उसकी साधना सफल हो जाती है और व्यक्ति की कुण्डलनी शक्ति जागृत हो जाती है। जो व्यक्ति भक्ति भाव एवं श्रीदुर्गा पूजा के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हैं उन्हें सुख, आरोग्य की प्राप्ति होती है और प्रसन्न रहता है, उसे किसी प्रकार का भय नहीं सताता है। देवी की उपासना मंदिर में की गई।इस दौरान ममता,मीना,पूजा गोयल,काजल,इंद्रा,चित्र शर्मा आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मंदबुद्वि की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** गंवा मार्ग पर सड़क पार करते समय मंदबुद्वि युवक को तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारकर दी। घायल कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में छाया मातम परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल। थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन कोटला निवासी फहीम पुत्र रफीक 25 वर्ष मंदबुद्वि था। और अकारण इधर-उधर घूमता रहता था। मंगलवार की सुबह वह घूमते घूमते संभल गंवा मार्ग थाना कैला देवी क्षेत्र के मूसापुर में रायपुर के पास पहुंच गया। थाना हयातनगर क्षेत्र के ही संभल गंवा मार्ग पर रोड पर करते समय सामने से आ रहे। अज्ञात वाहन ने मंदबुद्वि को जोरदार टक्कर मार दी।

# किसानों की सक्रिय भागीदारी बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना नहीं हो सकता पूरा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दौलत ग्रुप, कृषि विज्ञान केंद्र एवं एपेडा के संयुक्त तत्वावधान में खरीफ के दौरान बासमती चावल के उत्पादन हेतु कीटनाशकों का सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग तथा उत्तम कृषि पत्तियों को अपनाना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

डी आर रिसोर्ट, बहजोई में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी के बिना आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने लोकल फॉर वोकल पर बल देते हुए कहा कि समग्र उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश की दिशा में किसानों से रचनात्मक सुझाव आमंत्रित हैं। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि खेती में वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर ही उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। अपेडा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. रितेश शर्मा ने किसानों को अवगत कराया कि निर्यात में बासमती चावल की गुणवत्ता और अवशेष सीमा रेसीड्यू लिमिट अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक पद्वतियों से खेती करने पर भारत की वैश्विक साख और मजबूत होगी। दौलत ग्रुप के निदेशक शिवम डी.आर. ने आश्वस्त किया कि ईयू पास माल कम कीटनाशक वाला) उगाएगा उसकी कीमत बाजार के रेट से कम से कम 200 रुपए क्विंटल ज्यादा मिलेगी तथा न्यूनतम 200 क्विंटल उगाने और लाने पर ₹11,000 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी, किसानों को निर्यातक कंपनियों से जोड़ने और प्रशिक्षण में दौलत ग्रुप निरंतर सहयोग करता रहेगा। सर्वहितकारी एफपीओ के निदेशक सम्भव जैन ने कहा कि एफपीओ किसानों की ताकघ्त हैं। सामूहिक प्रयासों से लागत कम की जा सकती है।



सम्भल-बासमती चावल उत्पादन कार्यशाला में जानकारी देते।



सम्भल- गीत संगीत महफिल में रफत मुरादाबादी को सम्मानित करते।

## रफत मुरादाबादी की महफिल में सजी गीत संगीत की महफिल

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** गीत और संगीत प्रेमी रफत खान मुरादाबादी के नाम संगीत की महफिल सजाइ गई। महफिल में पहुंचे शायरों और गीतकारों ने मधुर आवाज में संगीत की लहरों पर गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नगर के पंजू सराय स्थित एजाज मंसूरी के आवास पर सजी गीत और संगीत की महफिल में रफत खान मुरादाबादी को सम्मानित किया गया।जबकि महफिल में पहुंचे गायकों और शायरों ने अपनी सुरीली आवाज में गीतों से महफिल में जमकर वाह-वाही लूटी। इस मौके पर भूरे कुरैशी, मौहम्मद जफर, राजा हिंदुस्तानी, उस्मान, लियाकत, अरशद, असलम फराज, किश्वर, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद अकरम, मोहम्मद अली, नाजिम, परवेज, ऐनुलहक, रवि अरोरा, डा. बिलाल, हकीम राहिल, सरदार कुलवीर सिंह आदि मौजूद रहे। अंत मे मौ. रियाज मन्सूरी सभी गीतकारों व श्रोताओं का आभार प्रकट किया।

# बाहर से ताला लगाकर गली से संचालित किया जा रहा था अस्पताल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** आपरेशन अवैध क्लीनिक और अस्पताल अभियान में नगर मजिस्ट्रेट को छापे में बाहर से ताला लगाकर अंदर से क्लीनिक का संचालन किया जाने का भंडाफोड़ किया। जबकि पैरामेडिकल स्टाफ आयोग्य मिला। सूचना पर पहुंचे नोडल अफसर ने अस्पताल को सील कर दिया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम जालब सराय, स्थित साद क्लीनिक का नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान क्लीनिक बाहर से ताला लगा मिला जबकि इस परिसर के बगल में गली से एक अन्य दरवाजा खुला हुआ पाया गया। क्लीनिक के अन्दर जाकर देखा तो लगभग 10-15 मरीज भर्ती पाये गये, जो अपनी विभिन्न बीमारी का इलाज कराने को भर्ती थे। क्लीनिक में अत्यंत बदब एवं गन्दगी पायी गयी। जबकि क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित पायी गयी। क्लीनिक में भूरा पुत्र मो. राशिद निवासी ग्राम सलारपुर कलां, गौतम पत्र गरूवचन सिंह निवासी ग्राम जालब सराय, एवं हाजी मुनाजिर पुत्र कल्लू निवासी रूकनुद्दीन सराय, नर्सिंग का कार्य करते हुए उपस्थित मिले। इनसे इनकी शैक्षिक योग्यता की जानकारी की गई तो कोई भी संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया। जबकि अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज किस डाक्टर के द्वारा किया जा रहा है, तो उनके द्वारा बताया गया कि अस्तपाल में डा. आरिफ बैठते हैं। डा. आरिफ को उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित स्टाफ से अवगत कराने को कहा परन्तु काफी समय तक भी कोई डाक्टर अस्पताल में उपस्थित नहीं हुआ। अस्पताल में भर्ती मरीज अपनी मर्जी से अन्य चिकित्सालय में इलाज हेतु चले गये। परन्तु एक महिला फूलबानो पत्नी अकबर निवासी बहजोई भगत, सम्भल जो गुर्दा की बीमारी से ग्रसित थी, को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में उचित इलाज हेतु भिजवाया गया। मौके पर किसी भी स्टाफ द्वारा क्लीनिक/अस्पताल के रजिस्ट्रेशन सम्बन्ध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये।



सम्भल- ग्राम जलाब सराय में साद क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही करते नगर मजिस्ट्रेट

# अल्पसंख्यकों को मिले सीएम बनने का अवसर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता तथा सम्भल, असमोली व चन्दौसी विधानसभा प्रभारी आतिर हुसैन ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान को जमानत मिलने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आजम खान को प्रदेश के प्रभावशाली मंत्री के रूप में कार्य करते देखा है। इतने सालों से उनका पूरा परिवार एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है। अभी तो वे जेल से बाहर आए हैं, थोड़ा आराम कर लें, फिर मैं उनसे जाकर मुलाकात करूँगा। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी रहती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी वर्गों को समान अवसर मिलना चाहिए। किसी अल्पसंख्यक समाज के व्यक्ति को भी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का अवसर अवश्य मिलना चाहिए। यह देखना समाजवादी पार्टी का अंदरूनी विषय है कि वे इस पर क्या सोच रखते हैं।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मिस्वाउल हक उर्फ भुरवा व उसकी पत्नी रूखसार को तीन साल पूर्व मकान में हक व हिस्से की आठ लाख की रकम देकर घर से निकाल दिया था। तब से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का उक्त दोनों से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहा। अब मिस्वाउल हक ओर उसकी पत्नी रूखसार नि. मौ. भूड़ा सराय तरीन मुझसे पांच लाख देने की मांग कर रहे हैं न देने पर घर में दोबारा आकर रहने की धमकी दे रहे हैं। जबकि मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य को उक्त दोनों के किसी गलत कृत्य या अपराध से कोई सम्बंध नहीं है।

**शमशुल हक पुत्र अब्दुल हक**
नि. मौ. बरखेरियान सराय तरीन थाना हयात नगर जिला सम्भल।

## पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को सांकेतिक भाषा का समझाया गया महत्व

**मुरादाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन्स में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में जनपद के पुलिस कर्मियों एवं उनके पारिवारिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यशाला में बेसिक शिक्षा विभाग के स्पेशल एजूकेटर (द्विभाषीय) राजेश कुमार, अमित सिंह, ऋषिकेश नारायण शुक्ल और अनीता मिश्रा ने प्रतिभागियों को सांकेतिक भाषा का महत्व समझाते हुए इसके मूलभूत संकेतों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांकेतिक भाषा न केवल श्रवण-बाधित व्यक्तियों के संचार का सशक्त माध्यम है, बल्कि इससे समाज में संवे. दनशीलता और समावेशिता भी बढ़ती है। प्रशिक्षकों ने पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों को दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले सामान्य संकेतों का अभ्यास कराया, जिससे प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। प्रतिभागियों का कहना था कि इस प्रकार की कार्यशालाएं समाज के विशेष वर्गों को समझने और उनसे बेहतर संवाद स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन राजेश कुमार, रकम सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस लाइन्स के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।यह कार्यशाला न केवल सांकेतिक भाषा सीखने का अवसर बनी, बल्कि इससे पुलिस बल और उनके परिवारों में संवेदनशीलता, जागरूकता एवं सेवा भाव को भी प्रोत्साहन मिला।

## ऑनलाइन ठगी के साइबर सेल टीम ने वापस कराए रुपये, पीड़ित ने जताया पुलिस का आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को मुरादाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी राहत दी है। साइबर सेल की तत्परता से पीड़ित के खाते से गए 39 हजार 604 रुपये वापस कराए गए। अपने मेहनत की कमाई लौटने पर पीड़ित का चेहरा खुशी से खिल उठा और उन्होंने पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।मामला जौनपुर जनपद के नेवधिया निवासी चन्द्रमौली तिवारी से जुड़ा है। बताया गया कि उनके बैंक खाते से करीब 40 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी हो गई थी। इस पर पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय मुरादाबाद पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी सतपाल अंतिल ने तत्काल साइबर सेल को कार्रवाई के निर्देश दिए।एसपी अपराध सुभाष चंद्र गंगवार के निर्देशन में साइबर सेल की टीम ने




त्वरित जांच शुरू की और तकनीकी मदद से धोखाधड़ी की रकम को ट्रेस किया। प्रयासों के बाद पीड़ित के खाते से गए करीब पूरे पैसे सफलतापूर्वक वापस करा दिए गए।अपने रुपये वापस पाकर पीड़ित ने मुरादाबाद पुलिस, वरिष्ठ अधिकारियों और साइबर सेल टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस त्वरित कार्रवाई से उनका पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है।गौरतलब है कि साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, ऐसे में साइबर सेल की त्वरित कार्यवाही आम जनता के लिए एक मिसाल बन रही है। नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें और धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन या पुलिस से संपर्क करें।

## बेगमपुर के जंगल में मिले लड़की के शव की अभी नहीं हुई पहचान

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**कांठ।** सोमवार को बेगमपुर के जंगल में मिले लड़की के शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है पुलिस उसकी शिनाख्त कराने के लिए संपर्क कर रही है बतादे कि सोमवार को बेगमपुर निवासी अरविंद के गन्ने के खेत में एक लड़की का शब पड़ा मिला था सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शब को पोस्टमार्टम कराने के लिए भिजवाया लड़की की पहचान कराने के लिए आसपास के गांव में सूचना दी गई मगर उसकी कोई पहचान नहीं हो पाई थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह के मुताबिक आज भी पुलिस आसपास या संभावित स्थानों पर लड़की की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। जोन के सभी थानों को इस संबंध में सूचना देते हुए फोटो भेजे गए हैं। कुल मिलाकर लड़की कौन है और उसकी हत्या किसने की इसका कोई पता नहीं लग पाया है।

### एक नजर

## नवरात्रों में कलश यात्रा निकाल कर माता को किया याद



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नवरात्रों में हर साल की भांति इस बार भी कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा रामलीला प्रांगण के मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड मेन बाजार न्यादर चौराहा आदि मार्गो से होती हुई अपने गंतव्य पर जाकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं लाल चुन्नी पहनकर सर पर कलश धारण कर सड़कों पर निकली। शोभा यात्रा के दौरान माता के स्वरूप भी बनाए गए जिन्हें देखकर माहौल भक्तिमय हो गया।

इस पावन अवसर पर राजपाल सिंह प्रजापति एडवोकेट दीपक बिश्नोई भावेश शर्मा महेश कुमार गुप्ता सहित काफी भीड़ मौजूद रही। सुरक्षा के लिए कलश यात्रा में पुलिस भी व्यवस्था बनाती दिखाई दी।

## बीएलओ का तहसील में प्रशिक्षण जारी, पहली से होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य शुरू



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** तहसील में कई दिनों से चल रहा बीएलओ का प्रशिक्षण आज भी जारी रहा आज दो शिफ्टों में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया एसडीएम संत दास पवार ने बताया कि बीएलओ के प्रशिक्षण के उपरांत पहली अक्टूबर से मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शुरू होगा जिसके लिए पहले से ही बीएलओ को तैयार किया जा रहा है पुनरीक्षण के दौरान किस तरह से काम करना है और किन-किन परेशानियों का सामना इस बीच करना पड़ेगा इस सभी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि एक जनबरी से 5 जनवरी के बीच मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी हो जाएगा। इस दौरान जिन लोगों के नाम काटे जाएंगे उन्हें तहसील की ओर से एक नोटिस भेजा जाएगा जिसमें 15 दिन का समय होगा जो व्यक्ति 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराएगा उसकी आपत्ति पर सुनवाई उपरांत निर्णय लिया जाएगा जिसकी आपत्ति नही आएगी उसका नाम काट दिया जाएगा।

## चोरों ने बनाया ट्यूबवेलों को निशाना आठ लोगों के ट्यूबवेल से हुई चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** चोरों का कहर रात को किसानों के ट्यूबेलो पर टूट पड़ा चोरों ने करीब 8 लोगों के ट्यूबेलो में नकब लगाकर उसमें लगे बिजली के उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार की रात को हुए घटना क्रम में पट्टी वाला निवासी राकेश पुत्र रामपाल, विमला देवी पत्नी बलबीर सिंह, रमेश कुमार पुत्र राजे, रामनरेश पुत्र बुद्ध सिंह और पटेगंज मोहल्ले के शांतनु पुत्र देवेंद्र, दिनेश पुत्र टेकचंद, सुरेंद्र पुत्र नौबत सिंह और वीरेंद्र पुत्र हरस्वरूप सिंह के ट्यूवेल में नकब लगाई और उसमें लगे स्टार्टर ऑपरेटर आदि सामान पर हाथ साफ कर दिया। सुबह किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो वहां के हालात देखकर दंग रह गए किसानों का कहना था कि बिजली के आने जाने का कोई समय निर्धारित नहीं होता इसलिए किसानों ने अपने-अपने ट्यूबेल पर ऑपरेटर लगाए हैं। जिससे बिजली आने पर ट्यूबवेल स्वयं चालू हो जाते हैं इस कारण किसान अब ट्यूबेलो पर रात को रुकते नहीं है और इसी का फायदा चोरों ने उठा लिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस को तहरीर नहीं दी गई थी।





## डीएसएम इंटर कॉलेज में संकुल एथलीट प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** डी एस एम इंटर कॉलेज कांठ के मैदान पर संकुल एथलेटिक्स खेलों का शुभारंभ हुआ इन खेलों में डी एस एम के अलावा महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज ,राजकीय इंटर कॉलेज मानपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सलेमपुर, श्री कृष्णा इंटर कॉलेज पाठगी डी एन इंटर कॉलेज हीरापुर, कुसुम देवी इंटर कॉलेज भीकनपुर आदि कॉलेज ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार देव अवस्थी द्वारा हरी झंडी दिखाकर 100 मी की दौड़ से प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिताओं में 100 मीटर 200 मी 400 मीटर 800 मीटर तथा 1600 मी की दौड़े हुई इसके अलावा लंबी कूद ऊंची कूद भाला फेंक चक्का फेंक गोला फेक से संबंधित प्रतियोगिताएं संपन्न हुई प्रतियोगिता को संपन्न कराने में कुलदीप कुमार



विमल कुमार पदम सिंह सतपाल सिंह पुनीत कुमार धन सिंह प्रदीप कुमार गौरव कुमार शहजाद अली बिजेंद्र सिंह अनीता मधु महेंद्र कुमार राम अचल अब्दुल्ला आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## आयुर्वेद दिवस पर प्रधानाचार्य ने दी विस्तार पूर्वक जानकारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में 10 वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने आयुर्वेद के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा प्राचीन काल से ही हमारे जीवन का आधार रही है यह भारत की 5000 साल से भी पुरानी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली है जो मन,शरीर, आत्मा और पर्यावरण के बीच संतुलन पर केंद्रित है आयुर्वेद में वात, पित्त,कफ, नामक तीन शारीरिक दोषों के संतुलन को बनाए रखने के लिए आहार जड़ी- बूटियां,योग ध्यान और मालिश जैसी वीधियों का उपयोग किया जाता है अत: हमें आयुर्वेद पद्धति को अधिक से अधिक रूप में अपनाना चाहिए तथा हम सभी को आयुर्वेद के प्रति समाज को जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, ऊषा सिंह, जीव विज्ञान प्रवक्ता गौरव कुमार, लोकेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

## गंदगी और जल भराव से लोग परेशान, किया प्रदर्शन

**बिलारी।** वार्ड 11 ईदगाह रोड कालोनी वासियों ने सड़कों के किनारे जमा गंदगी और जल भराव से परेशान होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने बताया कि सड़कों के किनारे गंदगी का अंबार लगा रहता है और सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आते उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा सड़क बनाई गई नालियां बनाई गई लेकिन नालियों को नाले से नहीं जोड़ा गया।जिसके बाद घरों से निकलने बाला गंदा पानी नालियों से होकर एक खुले मैदान में पहुंचने लगा। ओर फिर एक खुला मैदान तालाब बन गया। कालोनी वासियों ने परेशान होकर विरोध प्रदर्शन किया।लोगो ने कहा कि कभी सफाई कर्मी सफाई करने नहीं आते।गंदा पानी इकट्ठा होने से बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है कई बार नगर पालिका कर्मचारियों से शिकायत की गई। पालिका कर्मचारी सुनी अनसुनी कर देते है।

## द्वितीय नवरात्र पर भक्तों ने की मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

**चन्दौसी।** मंगलवार को शारदीय नवरात्र महोत्सव के द्वितीय दिन नगर के विभिन्न मंदिरों एवं देवी स्थलों पर श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर व्रत का पालन किया। सुबह से ही भक्तजन मंदिरों में पहुंचकर माता के दर्शन करने के लिए कतारों में खड़े रहे। मंदिरों में माता दुर्गा के जयकारों और मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां ब्रह्मचारिणी को चुनरी, फूल-मालाएं, फल और अन्य पूजा सामग्री अर्पित की। पंडितों ने कलश स्थापना और घटस्थापना के साथ वैदिक मंत्रोच्चार कर पूजा का संचालन किया। नगर के प्रमुख मंदिरों जैसे सीतारोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, रायसत्ती मंदिर, मौलागढ़ स्थित काली माता मंदिर और रामबाग धाम स्थित सिद्धिदात्री मंदिर को भव्य ढंग से सजाया गया। जगह-जगह मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई और भक्तों ने पूरे मनोयोग से माता की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और देश में शांति की कामना की। शाम को देवी जागरण और भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तगण माता के भजनों पर झूमते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त करते दिखे। नवरात्र का यह पर्व 30 सितंबर तक चलने वाला है, जिसमें प्रतिदिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाएगी।

## यूपी आईटीएस में टीएमयू के दो एआई स्टार्ट अप्स करेंगे अपने हुनर का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर- बीआईसी फिर से ऊंची उड़ान भर रहा है। नोएडा में 25 सितंबर से आयोजित हो रहे पांच दिनी यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो- यूपी आईटीएस-2025 में टीएमयू के दो एआई स्टार्ट अप्स का चयन हुआ है। कॉन्सिस एआई टेक्नोलॉजीज प्रा.लि स्टार्ट अप को पिच के लिए मंजूरी मिल गई है। एआई एजेंटिंग स्टार्ट अप देश-विदेश के निवेशकों के संग अपना बहुउपयोगी आइडिया साझा करेगा। इसकी प्रस्तुति श्री वैभव वत्स शुक्ला करेंगे। यह स्टार्ट अप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई पर आधारित समाधान विकसित करता है, जिसका उद्देश्य विभिन्न उद्योगों की उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाना है। दूसरे स्टार्ट अप- वेलनेस एम्पोरियम इंडिया प्रा.लि. का सरोकार पोस्टपार्टम डिलीवरी से जुड़ा है। यह स्टार्ट अप वेलनेस और हेल्थ-टेक उत्पादों पर केंद्रित है। यह स्टार्ट अप आधुनिक जीवन शैली से जुड़े स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए समाधान प्रस्तुत करता है। इसका प्रतिनिधित्व डॉ. हर्षा तोमर करेंगी। इन दोनों स्टार्ट अप्स के लिए शो में स्टॉल आवंटित हो गए हैं। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन अपने स्टार्ट अप्स की हौसलाफजाई के लिए यूपी आईटीएस में शामिल होने की संभावना है, जबकि डीन एकेडमिक्स एवम् टीएमयू बीआईसी की चेयरपर्सन प्रो. मंजुला जैन द रोल ऑफ इन्क्यूबेटर्स एंड एक्सीलेटर्स इन स्टार्ट अप्स ईको सिस्मटम पर व्याख्यान देंगी। उल्लेखनीय है, टीएमयू के बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर- बीआईसी यूपी सरकार से मान्यता प्राप्त है। टीएमयू बीआईसी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. अवधेश शर्मा के संग-संग बीआईसी मैनेजर श्री प्रशांत सिंह और आईआईसी कोर्डिनेटर श्री प्रदीप कुमार वर्मा भी नोएडा जाएंगे। उल्लेखनीय है, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल के लिए निवेश के संग-संग निर्यात का बड़ा मंच है। टीएमयू बीआईसी की चेयरपर्सन प्रो. मंजुला जैन बताती हैं, तीर्थंकर महावीर इन्नोवेशन फाउंडेशन- टीएमआईएफ के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है। यह मंच न केवल हमारे इन्क्यूबेस्ड स्टार्ट अप्स को प्रदर्शित करने का मौका देगा, बल्कि उद्योग जगत, निवेशकों और अकादमिक समुदाय के साथ महत्वपूर्ण नींव रखने का भी मौका प्रदान करेगा।

प्रो. जैन टीएमआईएफ को उद्यमिता और नवाचार का सेतु बताते हुए कहती हैं, इसका लक्ष्य स्टुडेंट्स, रिसर्चर्स और नवोदित उद्यमिओं को उनके नवाचार विचारों को स्टार्ट अप में बदलने के लिए मागदर्शन, वित्तीय सहायता और नेटवर्किंग के अवसर देना है। टीएमआईएफ की यह कोशिश मुरादाबाद जैसे टीयर-टू जैसे शहरों में स्टार्ट अप ईको सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीएमयू बीआईसी की चेयरपर्सन प्रो. मंजुला जैन बड़े गर्व से कहती हैं, यूपी आईटीएस में टीएमआईएफ की भागीदारी हमारे लक्ष्य को और भी अधिक सशक्त बनाती है। यूपी आईटीएस टीएमआईएफ को ऐसा वैश्विक मंच प्रदान कर रही है, जहां नवाचार को सीधे निवेश और बाजार के अवसरों से जोड़ा जा सकता है। सिर्फ प्रदर्शनी के माध्यम से ही उद्यमियों ने 40 करोड़ रुपए से ज्यादा की रिकॉर्ड सेल की। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से शीर्ष 20 उद्यमियों ने 630 करोड़ से अधिक का निर्यात ऑर्डर हासिल किया था। इससे पूर्व 2023 में पहले संस्करण के दौरान भी ओवरऑल बिजनेस वॉल्यूम 1000 करोड़ से अधिक रहा था।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के क्रम में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अभियान के तहत 23 सितंबर 2025 को वार्ड संख्या 17 में स्थित एएस पब्लिक स्कूल पाकबड़ा में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में टीम द्वारा गीला-सूखा कूड़ा के पृथक्करण के संबंध में जानकारी दी गई। इसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, गीला-सूखा कूड़े के प्रकार, नीला-हरा कूड़ेदान का प्रयोग, सोर्स सेग्रीगेशन, एमआरएफ सेंटर की उपयोगिता और होम कम्पोस्टिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वच्छता ही सेवा 2025 की रंगोलियां बनाकर स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर लिपिक हिमांशु चौहान, कंप्यूटर ऑपरेटर केशव गोस्वामी, मो दानिश मालिक, पंकज सैनी, सुहैल, फजर अली आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। एएस विद्यालय के अध्यापक गण और सभी विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान 17 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वच्छता जागरूकता रैली, सफाई अभियान और स्वच्छता शपथ आदि शामिल हैं।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

मुरादाबाद मंडल के बरेली, मुरादाबाद, हरिद्वार एवं देहरादून स्टेशन के पार्सल कार्यालयों में सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन के अनुबंध हेतु 05 साल के लिए ई-नीलामी के तहत दिनांक 07.10.2025 (समय 11:00 am) को www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

सहा. वाणिज्य प्रबंधक-।। उ० रे०, मुरादाबाद।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2939/2025

उत्तर रेलवे


ई-नीलामी

मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार स्टेशन पर पर निर्गत पार्सल शेड के पास दोपहिया वाहनों की पैकिंग और अन्य पार्सल पैकिंग सेवा के लिए अनुबंध" 03 साल हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 09.10.2025 टाइम 10:00 am को बोली www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

2938/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ईट भट्टा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने जीएसटी को लेकर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के गांव महेश. पुर भीला के बराबर में बने गुप्ता ब्रिक फील्ड के कार्यालय में मीटिंग का आयोजन किया गया, डिस्ट्रिक्ट भट्टा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नितिन गुप्ता ने कहा कि प्रदुषण को देखते हुए ईंट पथाई का कार्य एक नवंबर से एक फरवरी से शुरू किया जाएगा।

इसके बाद कहा कि पहले कोयले पर जीएसटी पांच प्रतिशत थी, अब कोयले पर जीएसटी बढ़ाकर अट्ठारह प्रतिशत कर दी गई है, हमारी सरकार से मांग है कि जीएसटी को पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोयले पर पांच प्रतिशत की जाए हम सरकार से आव्हान करते हैं कि जल्द से जल्द सरकार अट्ठारह प्रतिशत जीएसटी को कम कर के पांच प्रतिशत की जाए,इस दौरान प्रदीप गुप्ता,वंश गुप्ता, रफी, हाजी नासिर, रामभरोसे प्रधान, आरिफ अली, वहीद अहमद, हाशिम रजा,शानु लंबरदार, पप्पू मुंशी ईंट भट्टा स्वामी मौजूद रहे।

## बुखार से पीड़ित छात्रा की इलाज के दौरान मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र में बाढ़ के बाद गड्ढों और नालों में गंदा जमा पानी होने की वजह से पनपे मच्छरों ने रौंडा गांवों में कहर वरपा रखा है, रौंडा चौकी क्षेत्र के गावों में लगभग पचास प्रतिशत ग्रामीण बुखार से ग्रस्त हैं,जिनका उपचार झोलाछाप डॉक्टर चारपाई पर लेटाकर कर रहे हैं, मूंढापांडे क्षेत्र के गांव रसूलपुर नगली के रहने वाले पप्पू ने बताया कि उनकी बेटी रागिनी 13वर्ष कक्षा सात में रौडा चौराहे जूनियर हाईस्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ती थी, उसे लगभग चार दिन पहले बुखार आया था।

पहले रौंडा चौराहे पर एक डाक्टर से दवाई ली थी, जब आराम नहीं हुआ तो उसकी जांच कराई गई तो जांच रिपोर्ट में पता चला कि डेंगू बुखार है, इसके बाद सैफनी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया तीन दिन चले उपचार के दौरान रागिनी की प्लेट्सलेट्स लगातार गिरती गई,दोवारा जांच कराई गई तो जांच में लगभग छ: हजार प्लेट्सलेट्स रह गई, मंगलवार लगभग सुबह छ: बजे सैफनी के अस्पताल में बेटी की मौत हो गई, मृतक छात्रा के परिवार में मां रानी देवी,बहन मानवी 10 वर्ष, रितिका 8 वर्ष, करीना 6 वर्ष छोटा भाई कार्तिक 5 वर्ष है, रागिनी चारों बहन भाई में सबसे बड़ी थी, उसकी मौत से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है, परिजनों ने मृतक का शाम के समय तक अंतिम संस्कार कर दिया।

**खोया-पाया सूचना**

श्रीमती सितारूल जहां पत्नी श्री हाजी अब्दुल सत्तार के पक्ष में निष्पादित विक्रय विलेख जो रजिस्ट्रार अमरोहा के कार्यालय में बुक नं. -1 , जिल्द नं. 7167, पृष्ठ नं. 333 से 352, क्रमांक नं. 21699, दिनांक 26/11/2014 में पंजीकृत है, वास्तव में कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/बैंक को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो या उक्त संपत्ति को पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा के पास बंधक रखने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ति/दावा मेरे पास प्रस्तुत करें, अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय एवं बंधक के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा, तथा पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद शाखा उक्त संपत्ति को अपने नाम बंधक रखेगी तथा ऋणकर्ता के पक्ष में ऋण मुक्त करेगी। कपिल गुप्ता एडवोकेट, कानूनी सलाहकार पीरामल फाइनेंस लिमिटेड (पीएफएल) मुरादाबाद मोबाइल- 983711524

**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**

(मुरादाबाद/चन्दौसी/अमरोहा/बिजनौर)

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना सं०-4, भाग-2, मुरादाबाद। E-mail: emombd@upavp.com

सर्वसाधारण को सूचना

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2 (विस्तार), मुरादाबाद के सेक्टर-16 मे स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 16बी / 41 का प्रदेशन- पत्र पत्रांक 2060 दिनांक 30.12.2023 द्वारा श्री नवदीप पांडे पुत्र श्री प्रताप बहादुर पांडे के पक्ष में आवंटित किया गया था। श्रीमती वन्दना पांडे पत्नी स्व0 श्री नवदीप पांडे ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक 22.04.2025 के द्वारा अपने पति श्री नवदीप पांडे की मृत्यु दिनांक 25.11.2024 को होना सूचित करते हुए आवासीय भूखण्ड संख्या 16बी / 41 मझोला योजना संख्या-4, भाग-2 (विस्तार), सेक्टर-16, मुरादाबाद को अपने पक्ष मे वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण मे किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद मे प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। -आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र एहसान व पुत्रवधू श्रीमती नगमा को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में एहसान, नगमा एवं इनके बच्चों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शेखावत पुत्र श्री मकबूल व श्रीमती नूरजहां पत्नी शेखावत निवासीगण ग्राम धीमरी थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र धर्मेंद्र सिंह व पुत्रवधू श्रीमती निधि को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में धर्मेंद्र सिंह एवं निधि के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। जयपाल सिंह पुत्र माडे सिंह व श्रीमती दुलारी पत्नी जयपाल सिंह निवासीगण ग्राम देहरी जुम्मन पोस्ट कोठी खिदमतपुर पोस्ट व तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।

# पुलिस अधिकारियों ने प्राचीन लाल बाग काली माता मंदिर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नवरात्रि का पावन त्योहार शुरू हो चुका है, महानगर वासी माता रानी की आराधना करने में जुट गए हैं। वहीं नवरात्र पर शहर के प्राचीन श्री काली माता मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है।नवरात्रि के पावन पर्व पर जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।इसी के तहत पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने पुलिस बल के साथ थाना मुगलपुरा क्षेत्रांतर्गत स्थित काली माता मंदिर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर और आस-पास की सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया तथा मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी ने कहा कि त्यौहार के अवसर पर भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी मंदिर परिसर में लगाई जाए, जिससे महिलाएं सुरक्षित माहौल में दर्शन कर सकें। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की भी जांच की गई।क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने कहा कि नवरात्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए आते हैं।



# नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धी की प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मन्दिरों में सुबह से ही माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना के लिए माँ के भक्तों भीड़ उमड़ पड़ी। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना के लिए सवेरे और शाम खास तौर से महिला श्रद्धालुओं की माता के मंदिरों में उमड़ी रही इस दौरान चारों तरफ माँ भगवती देवी के जयकारे गुंजायमान हो उठे। जिससे क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया।आस्था के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने नौ दिन के उपवास भी शुरू किए हैं। हिंदू धर्म में नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना विशेष फलदायी मानी जाती है। घरों में पूजा-अर्चना को काशीपुर के माँ माता मन्दिर प्राचीन गौरा देवी मंदिर , शक्तिपीठ कोतवाली के निकट श्री राम दुर्गा मंदिर , बड़ा बाजार स्थित खागेश्वर मंदिर, हरिहर मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील शिव मंदिर, मोहल्ला छहराहा , रमनावाला रोड स्थित होली का मंदिर , सिंचाई कॉलोनी में स्थित माता मंदिर, तहसील परिसर में स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर , चित्रगुप्त मंदिर, फरीदनगर रोड स्थित कालाराहि चामुंडा मंदिर, मोहल्ला बंजारन स्थित शिव मंदिर , फैजुल्लागंज के खोखरा लालक रामनगर खागूवाला, मानावाला, रतुपुरा, शरीफनगर, पानूवाला, राजपुर कला, गोपीवाला , निर्मलपुर, पीलकपुर गुमानी में स्थित शिव मंदिर वही देहात क्षेत्र के मंदिरों पर पूजा अर्चना के साथ-साथ दोपहर बाद भजन कीर्तन भी किए गए जिससे क्षेत्र का माहौल धार्मिक मय हो गया। मंदिरों में माता रानी की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाए और मां से सुख, शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी गई।



## एक नजर

### मांगों को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और कर्मचारी रहे कलम बंद हड़ताल पर



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में फोरम ऑफ केवीके और एआईसीआरपी के बैनर तले राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत कृषि विज्ञान केंद्र बिलारी में सवेरे 10 से 5:00 तक समस्त वैज्ञानिकों एवं स्टाफ ने कलम बंद करके धरना प्रदर्शन किया। धरने पर वक्ताओं ने कहा अब परोड़ा उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश के अनुसार वन नेशन वन केवीके नीति का कार्यान्वयन एवं आईसीएआर द्वारा किए जा रहे भेदभाव का अंत समय की मांग है। यह आंदोलन गैर आईसीएआर केवीके के कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का परिणाम है। कर्मचारियों का आरोप है कि आईसीएआर के अधीन केवीके के मुकाबले उन्हें वेतनमान पदोन्नति और सेवा शर्तों में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार केवीके राज्य एवं देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान और विशेष कर कृषि के विकास के लिए सेवाएं प्रदान कर रहे हैं अत केवीके कर्मचारियों की आकांक्षाओं की पूर्ति के परिणाम स्वरूप केवीके अधिक जीवंत होंगे और कर्मचारियों का कार्य उन्माद बढ़ेगा इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें हस्तक्षेप कर कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का निवारण करें ताकि किसान समुदाय और समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंच सके। फोरम आशावान है कि केंद्र और राज्य सरकारों के हस्तक्षेप से मेहनती केवीके कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का न्याय संगत समाधान होगा और उन्हें उनके अधिकार व वह गरिमा शीघ्र मिलेगी जिसकी वह अपेक्षा रखते हैं।

### अमर शहीद राजा राव को अहीर रेजिमेंट टीम ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**बिलारी।** अहीर रेजिमेंट टीम बिलारी द्वारा 1857 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम क्रांति के महानायक अमर शहीद राजा राव तुलाराम जी के शहीदी दिवस पर फूल माला पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गन्ना समिति बिलारी परिसर में अहीर रेजिमेंट टीम के राज यादव क्रांतिकारी ने कहा कि सन 1857 के महानायक अमर शहीद तुलाराव ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपना जौहर दिखाया था उनका एक ही नारा था एक के बदले दस मारेंगे।उनके शहीदी दिवस को यादव समाज के युवाओं को नहीं भूलना चाहिए। अमर शहीद राजा राम तुलाराम जी के शहीदी दिवस पर सभी अहीर रेजिमेंट टीम के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया और उन्हें फूलमाला पहनाकर, पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें राहुल यादव, देवेंद्र यादव, आकाश यादव, साहिल मलिक, बबलू यादव, अक्षय यादव, निर्देश यादव,विशाल यादव, विकास यादव, जितेंद्र यादव ,लवली यादव, शिवम, वीरेश यादव, प्रिंस यादव, विभु शर्मा, दीपक शर्मा,विश्वास यादव, भूदेव यादव आदि ने पुष्प अर्पित किए।

### पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** पीएम श्रीराजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट्ट में भारतीय मानक ब्यूरो के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीआईएस क्लब में पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में कक्षा 10 की संजना तथा 11 की निशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1000 रुपये,आराध्या सागर कक्षा 10 तथा अनमोल कक्षा 11 ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 750 रुपये, ज्योति कक्षा 12 तथा ध्रुव कक्षा 9 ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 500 रुपये सामूहिक रूप से प्राप्त किया। अन्य 14 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में रूपये 50-50 की नगद धनराशि भी प्रदान की गयी। प्रतियोगिता का आयोजक द्वारा नमित रिसोर्स पर्सन आवरण अग्रवाल के द्वारा किया गया। संचालन मेंटर नितिन कुमार के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रघुपति देव ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये तथा भारतीय मानक ब्यूरो के विषय में भी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, श्रीमती सीमा रानी,शादाब आलम, सोनू, अक्षय आदि उपस्थित रहे।

### विवाहिता की तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ दहेज प्रथा का केस दर्ज

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के आदेश पर पुलिस ने थाना मंझोला निवासी पति,सास-ससुर, जेठ -जेठानी के खिलाफ दहेज में पांच लाख रुपए का प्लाट नही देने पर मारपीट कर घर से भगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर किया है। एसएसपी को दिये शिकायती पत्र में विवाहिता चंचल सैनी पुत्री समरपाल सिंह ने बताया है कि उसका विवाह पिछले वर्ष 16नवंबर को तीन मूर्ति मंदिर सूर्य नगर लाइनपार थाना मंझोला निवासी अमित सैनी पुत्र ओमकार सैनी के साथ सनातन धर्म के अनुसार हुआ था। पिताꠛ ने विवाह समारोह में नकदी, खान-पान एवं उपहारों समेत आठ लाख रुपए खर्च किए थे। ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। वह प्लाट खरीदने के लिए पांच लाख रुपए की अतिरिक्त मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। इस दौरान एक बच्चे का भी जन्म हुआ। फिरभी पति अमित सैनी,सास सरोज,ससुर ओमकार सैनी,जेठ अतुल और जेठानी सर्वेश देवी पांच लाख रुपए नकदी की मांग को लेकर उत्पीड़न करते रहे।ꠛ16अगस्त को घर में बैठकर बच्चे को दूध पिला रही थी। अचानक जेठ आया और छेड़छाड़ करने लगा। पति,सास-ससुर, जेठानी से शिकायत की तो सभी ने एक राय होकर मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने कप्तान के आदेश पर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस अधिकारियों ने किया पैदल मार्च

**भोजपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह द्वारा आगामी त्यौहार नवरात्रि, दशहरा व कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत पैदल मार्च निकालकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और किसी भी प्रकार संदिग्ध व्यक्ति देखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की लोगों से अपील की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक,एस एस आई महेश चंद, कस्बा इंचार्ज बृजपाल, उपनिरीक्षक शराफत हुसैन, उपनिरीक्षक अजय दुबे, उपनिरीक्षक सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

### पशुशाला में आग लगने से दो पशुओं की मौत



**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर बराही में पशु शाला में आग लगने से दो पशुओं की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी।प्राप्त जानकारी के अनुसार लालपुर बराही निवासी लल्लू सिंह पुत्र नौबत सिंह ने गांव से लगभग पांच सो मीटर दूर जंगल में पशु शाला बना रखी है सोमवार की रात्रि किसी समय पशुशाला में आग लग गई आग लगने की आहट होने जैसे ही लल्लू की आंख खुली तो वह किसी तरह पशुशाला से बाहर निकला और देखा पशुशाला में बंधे उसके दो पशु एक गाय व एक कटरा की जलकर मौत हो चुकी थी। पशुओं की मौत से गरीब किसान के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## विधायक ने फीता काटकर व पहलवानों से हाथ मिला कर किया दंगल का शुभारंभ



**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मंगूपुरा में शारदीय नवरात्र के मौके पर आयोजित दिवसीय दंगल के दूसरे दिन मुख्य अतिथि विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने दंगल का पहलवानों के बीच हाथ मिलवाकर किया। इसके बाद आयोजकों ने मुख्य अतिथि विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान को पगड़ी पहनाकर व फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

दंगल का पहला मुकाबला खजरा के विठठन और कैथल के विशाल के बीच हुआ, मुकाबला बराबर का रहा। दूसरा मुकाबला खड़खड़ी के जीवन और एटा के चंचल के बीच हुआ जिसमें एटा के चंचल ने जीवन को अपनी पहलवानी का परिचय दिखाते हुए हराया। तीसरा मुकाबला यमुनानगर के राजा और हरिद्वार के धनीराम के बीच हुआ जिसमें धनीराम ने राजा को पटकनी दी। चौथा मुकाबला सैफनी के अदनान और बागपत के अर्जुन के बीच हुआ जिसमें अदनान ने अर्जुन को दाव पेंच खेलते हुए पछाड़ दिया। दंगल में दूसरे दिन 20 मुकाबले हुए जिनमें 12 मुकाबले बराबर रहे, शेष 8 मुकाबलों पर ही पहलवानों ने जीत दर्ज की। इस मौके पर आयोजक भानु प्रताप यादव, राजीव गुप्ता, रामबाबू यादव, सौरभ यादव, जीशान प्रधान, रविंद्र प्रधान, अमरपाल यादव, कसीम आजाद, हप्पू राजा सभासद, अखिलेश उपाध्याय, पंकज गुप्ता, वीर सिंह प्रधान, डा0 राधेश्याम यादव, सुधीर गुप्ता, इस्लाम सभासद, केपी यादव आदि मौजूद रहे।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव पर विचार गोष्ठी

**चन्दौसी।** 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के तहत मंगलवार को विचार गोष्ठी का आयोजन जिला संयोजक आकाश कुमार के नेतृत्व में श्रीकृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस कॉलेज चन्दौसी में किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पण कर किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष संभल अनामिका यादव ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण प्रयास है। इससे सभी को फायदा होगा क्योंकि बार-बार चुनाव होने से अचार संहिता लगती हैं, जिससे बार-बार विकास कार्य प्रभावित होते हैं और इससे संसाधनों की भी बहुत अधिकता होती है जिसमें राष्ट्रीय खर्च में वृद्धि होगी, अगर यह एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू हो जाता है तो भारत की जीडीपी में 1-2 प्रतिशत वृद्धि होगी जिसका फायदा आम जनता को होगा। इस दौरान 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के जिला संयोजक आकाश कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष संभल अनामिका यादव, नगरपालिका अध्यक्ष चन्दौसी लता वार्ष्णेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल, बृजबाला वार्ष्णेय, पी.डी. उपाध्याय, भुवनेश बघेल, रोहित सैंजनी, टिंकू, सत्येंद्र दिवाकर, विजय चौधरी, निशांत शर्मा, मुकुल सक्सेना, शशांक कुमार, कृष्ण राघव, योगेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजी. नियरिंग द्वारा नानकमत्ता, रूद्रपुर उत्तरांचल स्थित ''रियात इकोफार्म प्रा0 लि0- फार्म गुरू'' के सहयोग से "मशरूम उत्पादन तकनीक में कौशल विकास" विषय पर आयोजित एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता पर जोर देते हुए यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में उद्यमिता के प्रति बढ़ावा मिलता है, जिसके फलस्वरूप वे स्वयं अपने उद्यम स्थापित करने में सक्षम होकर अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

प्री फाइनल एवं फाइनल ईयर के कृषि विद्यार्थियों तथा क्षेत्रीय किसानों के प्रशिक्षण हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में ''रियात इकोफार्म प्रा0 लि0'' के अंतर्गत ''फार्म गुरू'' के अनुभवी प्रशिक्षक श्री हरेन्द्र सिंह द्वारा व्यावहारिक सत्रों में मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक संभावनाओं और वैज्ञानिक विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन के व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराते हुए कृषि उद्यमिता की दिशा में भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजी. नियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षक श्री हरेन्द्र सिंह के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं एग्रीकल्चरल साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल ने प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण के तहत बताई गई तकनीक के उपयोग से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. आदित्य नारायण चौबे ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वित. रित किए गए। कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. पाल ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 70 से अधिक विद्यार्थियों समेत 12 क्षेत्रीय किसानों ने प्रतिभाग किया।



## व्यापार मंडल ने किया तहसीलदार अंकित गिरी का स्वागत



**बिलारी।** तहसील में आए युवा तहसीलदार अंकित गिरी का उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया। उनके साथ बैठकर राजस्व संबंधी समस्याओं पर चर्चा भी हुई। सुझाव बताए। तहसीलदार ने कहा कि सरकारी आदेशों का पालन करने के साथ ही तहसील क्षेत्र की जनता की सेवा करना उनका मुख्य ध्येय है। स्वागत करने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, सुरेंद्र कुमार चुग, दुष्यंत चौहान,सलीम अहमद, शरद गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, नितिन डूडेजा आदि शामिल रहे।

# जागरूकता शिविर में 100 से अधिक लोगों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा सेवा पखवाडा-2025 एवं समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के तहत ''विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26'' में तहसील कांठ के विकास खण्ड छजलैट में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया, जिसके मुख्य अतिथि ओम प्रकाश गोला प्रजापति, उ0प्र0 माटीकला बोर्ड (पू0 अध्यक्ष) रहे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह द्वारा विभागीय योजनाओ की समस्त जागकारी दी गयी। सभी प्रतिभागियो द्वारा स्वरोजगार को बढावा देने एवं सूक्ष्म लघु उद्योग लगाने का संकल्प लिया गया। इसके अतिरिक्त प्रति. निधि ब्लॉक प्रमुख, छजलैट एवं प्रति. निधि एल0डी0 एम0, वरिष्ठ प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, मुरादाबाद, निदेशक, आर0सेटी, मुरादाबाद, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.), सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, छजलैट तथा समस्त ग्रामोद्योग का स्टाफ उपस्थित रहे।




## बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस ने चलाया संघन चेकिंग अभियान

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली पुलिस ने अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत नगर के सभी बैंकों, एटीएम व बैंकों के आसपास खड़े वाहन की संघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्था परख कर साथ ही ग्रामीणों व बैंक कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल के निर्देश पर उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, के नेतृत्व में भारी पुलिस कर्मियों के साथ मंगलवार को नगर के बैंक व एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी पर लगें सुरक्षाकर्मियों को बैंक में आ रहै व्यक्तियों पर नजर रखने की बात कही है। चेकिंग अभियान में महिला हैड कांस्टेबल पूनम, कॉस्टेबल गौरव कुमार रवि सैनी अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अभाकिमस के कार्यकर्ताओं ने गन्ना विकास परिषद को सौंपा ज्ञापन

**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा नेता प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता गन्ना विकास परिषद ठाकुरद्वारा पहुंचे तथा उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को संबोधित पांच सूत्रीय मांगो का ज्ञापन ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हसमुल हसन को सोंपा।

इससे किसानों मे सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है गन्ने के पेराई सत्र 2025-26 के लिएꠛ500 प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य घोषित किया जाए। एनपीके , पोटाश, यूरिया उर्वरक के दाम घटा जाएं तथा कीटनाशक, फफूंदी नाशक आदि दवाओ के बढ़ते दामों पर रोक लगाई जाए तथा पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आधे किए जाएं। बाढ़ के कारण किसानों की फसलों के हुए नुकसान का सर्वे कराकर तत्काल सम्मानजनक मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। किसानों मजदूर के समस्त कर्ज माफ किए जाएं। जिला मुरादाबाद में राणा ग्रुप की चीनी मिलों पर बकाया गन्ने का भुगतान तत्काल किसानों को दिलवाया जाए।



इस दौरान जिला सचिव हर स्वरूप सिंह अर्जुन सिंह विजयपाल सिंह उदयवीर सिंह रक्षित चौहान अनिकेत रवि चौहान आदि कार्यकर्ता तथा सुपरवाइजर प्रशांत कुमार प्रदीप कुमार त्रिपाठी कालेदीन नीरज कुमार अमरचंद मंगल धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुद्धू बाजार को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की उठी मांग, जनहित में निर्णय पर जोर

**ठाकुरद्वारा।** नगर में कोतवाली के निकट हर बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार, जिसे स्थानीय लोग बुद्धू बाजार के नाम से जानते हैं, को लेकर एक बार फिर स्थान परिवर्तन की मांग उठी है। नगर पालिका सभासद सोहेल खान एवं समाजसेवी पंकज गुप्ता ने बुधवार को अधिशासी अधिकारी रजनी से मुलाकात कर बाजार को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की। कर्ताओं का कहना है कि वर्तमान में यह बाजार कोतवाली से लेकर शगुन तिराहा तथा बड़ाबाजार रामलीला रोड तक फैल जाता है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानी होती है। बाजार के कारण यातायात बाधित होता है और कई बार सुरक्षा व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। इस संदर्भ में अधिशासी अधिकारी ने कहा कि किसी भी निर्णय से पूर्व आसपास के दुकानदारों और सब्जी विक्रेताओं से राय लेना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी संबंधित पक्षों से चर्चा और स्थानीय स्थिति का आकलन करने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सभासद सोहेल खान ने इस पर कहा कि नगर पालिका बोर्ड पहले ही बुद्धू बाजार को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित कर चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए, ताकि नगर की व्यवस्था सुचारु रह सके और आमजन को राहत मिले। गौरतलब है कि इस विषय को लेकर पूर्व में व्यापारी दो गुटों में बंट गए थे और विवाद की स्थिति भी बनी थी।


हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय** श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश महोदय, जिला मुरादाबाद
**परिवाद सं० :** 916/2023
**तारीख पेशी:** 01.11.2025
**धारा:** 125 सी0 आर0 पी0 सी0
थाना मझोला-जिला मुरादाबाद।
**श्रीमती सरिता बनाम नरेश**
श्रीमती सरिता उम्र लगभग 30 वर्ष पत्नी नरेश पुत्री महावीर निवासी इंद्रा आवास कालोनी काशीराम ए-1 ब्लाक के पीछे थाना मझोला जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
नरेश उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र सुरेश चन्द्र निवासी बैंक कालोनी सरदार की चक्की वाली गली कांशीराम गेट थाना मझोला जिला मुरादाबाद। **विपक्षी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि धारा 125 सी.आर.पी.सी. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 11 के दिवस 01 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 23 को निकाली गयी है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान प्रधान परिवार न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या :** 575/2024
**तारीख पेशी:** 29.09.2025
धारा: -144 BNSS
भरण पोषण-थाना सिविल लाईन
**श्रीमति सुरभि उर्फ शिवानी आदि बनाम ओमपाल सिंह**
1. श्रीमति सुरभि उर्फ शिवानी पत्नी ओमपाल सिंह पुत्री स्व. हरस्वरूप सिंह, 2. एंजल पुत्री ओमपाल सिंह निवासीगण मोरा मुस्तहकम पोस्ट काजीपुरा थाना सिविल लाईन, जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
ओमपाल सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह निवासी विकास नगर निकट के.जी. के. कॉलिज के पीछे चमुण्डा मंदिर लाईनपार थाना मझोला, जिला मुरादाबाद-**विपक्षी।**
चूंकि उपर्रिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि धारा: 144 BNSS अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 09 के दिवस 29 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 22 को निकाली गयी है।
**वि०वाद लिपिक**
**परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० )/एफटीसी महोदय, जिला मुरादाबाद।**
**सिविल वाद संख्या:** 424/2022
**तारीख पेशी:** 08.10.2025
**चन्द्रपाल सिंह बनाम समरपाल सिंह आदि।**
**बनाम**
4. संजीव कुमार पुत्र हंसराज सिंह निवासी ग्राम नवादड़ी तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 5. निशान्त कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी ग्राम पट्टी वाला तह. कांठ, जिला मुरादाबाद।
चूंकि उपर्रिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 10 के दिवस 08 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 09 के दिवस 23 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )/एफ०टी०सी०, जनपद-मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद/बेदखली सूचना**
मैने अपने पुत्र रिजवान खान व उसकी पत्नी अकसा परवीन यानि मेरी पुत्रवधू के बुरे आचरण व झगड़ालु स्वभाव से तंग आकर उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज से मेरे उपरोक्त पुत्र रिजवान खान व पुत्रवधू अकसा परवीन से मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का कोई ताल्लुक-वास्ता नहीं होगा, वे अपने द्वारा किय गये किसी भी कृत्य या अच्छे-बुरे कार्य, लेन-देन, मुकदमेंबाजी इत्यादि के स्वंय देनदार व जिम्मेदार होगें।
**साजिद अली पुत्र आबिद अली मरहूम निवासी मौहल्ला दीवान का बाजार बगिया थाना नागफनी शहर व जिला मुरादाबाद।**

# फाइनल के लिए जगह पक्की करने उतरेगा भारत



## भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है

**दुबई, वार्ता।** प्रशंसकों, तैयार हो जाइए, क्योंकि कल रात भारत और बांग्लादेश के बीच मुकाबला है, और यह एक शानदार मैच है।

सुपर फोर का माहौल गरमा रहा है और हर तरफ़ चर्चा है। भारत अब तक अजेय रहते हुए मोर की तरह आगे बढ़ रहा है, जबकि बांग्लादेश कुछ आसान जीत के बाद जोश में है। लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो, यह एकतरफा मुकाबला रहा है। 17 टी-20, 16 भारतीय जीतें, और बांग्लादेश के लिए सिर्फ एक जीत - 2019 में, जब बेन स्टोक्स अंपायरों से मिन्नतें कर रहे थे और टिकटॉक पर अभी तक कोई हलचल नहीं हुई थी। भारत? वे खुश हो रहे हैं। शीर्ष पर अभिषेक शर्मा ऐसे धमाल मचा रहे हैं जैसे उन्हें कोई ट्रेन पकड़नी हो पाकिस्तान के खिलाफ 39 गेंदों पर 74 रन? टूर्नामेंट की अब तक की सबसे बेहतरीन पारी। दूसरे छोर पर शुभमन गिल कमाल के हैं। ऐसे खेलते हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। फिर कप्तान सूर्यकुमार यादव हैं, जो मजे के लिए रिवर्स स्कूपिंग करते हैं, और तिलक वर्मा चुपचाप गेंद को घुमाते हैं।

संजू सैमसन छिपकर खेलते हैं, हार्दिक पांड्या अपनी लय में आते हैं, शिवम दुबे स्विंग करते हैं। ये बल्लेबाजी की गहराई है जो कई दिनों तक टिकेगी। और गेंदबाजी, इसे मत भूलना। कुलदीप यादव गेंद को घुमाते हैं, वरुण चक्रवर्ती अपनी चालों से रहस्यमयी हैं, और जसप्रीत बुम. राह, जिन्होंने अभी तक अपनी जगह नहीं बनाई है, लेकिन चिंता न करें-उनके पास तूफानी गें. दबाजी है। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को सीम-अप के साथ जोड़ दें, तो आपके पास एक अच्छी टीम है। अब, बांग्लादेश यहां संख्या बढ़ाने के लिए नहीं है। वे मजबूत रहे हैं। सैफ हसन ने श्रीलंका के खिलाफ 61 रनों की शानदार पारी खेली है, तंजीद हसन शीर्ष क्रम में व्यस्त हैं, और लिटन दास उनके कप्तान हैं, जो हमेशा खेल में बने रहते हैं। तौहीद हृदोय लगातार रन बना रहे हैं, चार मैचों में 127 रन बना चुके हैं। वो भी पूरी फॉर्म में। और जैकर अली को नजरअंदाज मत कीजिए, जिन्हें आखिरी ओवरों में धमाक. ेदार पारी खेलना पसंद है। गेंदबा. जी? मुस्तफिजुर रहमान, द फ़िज - धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे हैं, सात विकेट ले चुके हैं, वो भी धीमी गेंदों से जो बल्लेबाजों को बेबस दिखाती हैं। तस्कीन अहमद अपनी लेंथ पर गेंदें मार रहे हैं, महेदी हसन की स्पिन गेंदें नियंत्रण में हैं, और अगर पिच पकड़ती है, तो खेल शुरू हो सकता है। पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक अजीबोगरीब पुरानी जगह है। शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मूवमेंट होती है, फिर धीरे-धीरे सपाट हो जाती है। बीच के ओवरों में स्पिनरों को थोड़ी मदद मिलती है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है, शाम को ओस पड़ने से लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान हो जाता है। यहां सात में से पांच मैच बाद में बल्लेबाज़ी करने वाली टीम ने जीते हैं। तो, टॉस जीतो, डटे रहो, और जीत का पीछा करो। आसान है। मौसम? गर्मी, चिपचिपाहट, बारिश नहीं। खूब पसीना आ रहा है, इसलिए तौलिया साथ ले आओ। तो फैसला क्या है? भारत प्रबल दावेदार है - अजेय, आत्मविश्वास से भरपूर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी में दबदबा।

# दिनेश कार्तिक हांगकांग सिक्सेस-2025 के लिए बने टीम इंडिया के कप्तान

● **कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा**

**हांगकांग, वार्ता।** क्रिकेट हांगकांग ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक आगामी प्रतिष्ठित हांगकांग सिक्सेस 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, जो 7 नवंबर से आयोजित किया जाएगा। अपने विशाल अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, कुशल नेतृत्व कौशल और विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए माने जाने वाले, कार्तिक का कप्तान के रूप में शामिल होना प्रशंसकों को प्रेरित करेगा और टूर्नामेंट की प्रतिस्पर्धी भावना को बढ़ाएगा। इस अवसर पर, क्रिकेट हांगकांग के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा कि हमें हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिए टीम इंडिया के कप्तान के रूप में दिनेश कार्तिक का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। उनका नेतृत्व और अनुभव इस प्रतियोगिता में अपार मूल्य जोड़ेंगे, और हमें विश्वास है कि उनकी उपस्थिति दुनिया भर के प्रशंसकों को इस शानदार क्रिकेट उत्सव का गवाह बनने के लिए आकर्षित करेगी। कप्तान के रूप में अपनी नियुक्ति पर, हांगकांग सिक्सेस के लिए टीम इंडिया के कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया का नेतृत्व करना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है, यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसका इतिहास इतना समृद्ध और वैश्विक स्तर पर जाना जाता है। मैं ऐसे खिलाड़ियों के समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं जिनके नाम अविश्वसनीय रिकॉर्ड हैं।

**खेल विशेष**

## धीमी ओवर गति के लिए भारतीय महिला टीम पर जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम पर नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने बयान में कहा कि नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और निर्णायक महिला वनडे में धीमी ओवर गति के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को रिकॉर्ड 43 रनों से हराया, जिसमें बेथ मूनी और स्मृति मंधाना के शानदार शतक शामिल थे। समय की छूट के बावजूद भारत निर्धारित ओवर गति से कम रहा। आईसीसी ने कहा कि इसके बाद एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की जीएस लक्ष्मी ने यह जुर्माना लगाया। आईसीसी ने ओवर गति से जुड़े अपराधों को नियंत्रित करने वाले नियमों की रूपरेखा तैयार की। बयान में कहा गया है, षखिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2-22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, अगर कोई खिलाड़ी निर्धारित समय में गेंदबाजी नहीं करता है, तो उस पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ज़िम्मेदारी स्वीकार की। आईसीसी ने आगे कहा कि भारतीय कप्तान ने अपराध स्वीकार कर लिया है और जुर्माना स्वीकार कर लिया है, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। आगामी आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप, जिसकी मेज़बानी भारत और श्रीलंका कर रहे हैं, से पहले यह दोनों टीमों का आखिरी मैच था।

## भारत के खिलाफ मैच से पहले लिटन दास के चोटिल होने की आशंका



● **लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर बैचेनी महसूस हुई**

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास को भारत के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले से पहले चोट लगने की आशंका है, क्योंकि 22 सितम्बर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड में प्रशिक्षण के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। लिटन को नेट्स में स्क्वायर कट लगाने की कोशिश करते समय कमर के बाईं ओर बेचैनी महसूस हुई और टीम के फिजियो बायज़िद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया।

बीसीबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को क्रिकबज को बताया कि हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल मूल्यांकन करना होगा। हालांकि लिटन इस घटना के बाद ज्यादा असहज नहीं दिखे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति बांग्लादेश के लिए एक बड़ा झटका साबित होगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी कौन करेगा, क्योंकि बीसीबी ने टूर्नामेंट के लिए किसी उप-कप्तान की घोषणा नहीं की है।

## एएफसी फुटसल एशियन कप में भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार

**कुवैत, वार्ता।** भारत को एएफसी फुटसल एशियन कप 2026 क्वालीफायर के अपने दूसरे ग्रुप ए मुकाबले में कुशैन अल-मुतैरी हॉल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-10 से हार का सामना करना पड़ा। भारत सोमवार को पहले हाफ के अंत में 1-6 से पीछे था। फुटसल टाइगर्स की शुरुआत विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलिया की तुलना में धीमी रही, जिसने किक-ऑफ के पांच मिनट के भीतर ही अपना दबदबा बना लिया। हालांकि इस नतीजे ने भारत को मुश्किल में डाल दिया है, लेकिन वे अभी भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। रात कुवैत व मंगोलिया के बीच होने वाले मैच में फुटसल का भाग्य अधर में लटका हुआ है।

# विंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर



● **सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी, ध्रुव होंगे टीम के मुख्य विकेटकीपर चयनकर्ताओं की बैठक कल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे। पंत एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान चोटिल हो गए थे ऋषभ पंत इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड में खेली गई एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। मैनचेस्टर में हुए चौथे टेस्ट में उनके बाएं पैर में फैक्चर हो गया था। हालांकि, उन्होंने पहली पारी में बल्लेबाजी की, लेकिन आखिरी टेस्ट से पहले उन्हें एन जगदीशन से रिप्लेस कर दिया गया। वर्तमान में पंत बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में रिहैब कर रहे हैं। वह कंडीशनिंग पर काम कर रहे हैं और मेडिकल टीम की अगली रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अभी उनके क्रिकेट में वापसी की कोई निश्चित तारीख तय नहीं की गई है। वेस्टइंडीज सीरीज के बाद भारत को 19 अक्टूबर से आस्ट्रेलिया में सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। मैनचेस्टर टेस्ट के दूसरे दिन ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने मैच में फिफ्टी लगाई थी। ध्रुव जुरेल संभालेंगे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी पंत की गैरमौजूदगी में ध्रुव जुरेल वेस्टइंडीज सीरीज में भारत के मुख्य विकेटकीपर होंगे। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के आखिरी दो टेस्ट में विकेटकीपिंग की थी। वह इस समय लखनऊ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहे हैं। एन जगद. ीशन, जिन्होंने आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ ओपनिंग करने के साथ जुरेल के साथ कीपिंग की जिम्मेदारी भी साझा की थी, बैकअप विकेटकीपर के रूप में टीम में जगह पा सकते हैं। नितीश कुमार और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है इस सीरीज के लिए आंध्र प्रदेश के नितीश कुमार रेड्डी और कर्नाटक के देवदत्त पडिक्कल को भी टीम में शामिल किया जा सकता है। देवदत्त पडिक्कलरू ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन की पारी के बाद चर्चा में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की थी।

# छह साल बाद कैब अध्यक्ष बने गांगुली

● **बोले: ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य**



**कोलकाता, वार्ता।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं। 2019 से 2022 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष रहे इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक कैब अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में आईसीसी मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था। गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली टी-20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह टी-20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मेंटर भी रह चुके हैं। गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लाड्र्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।

● **ग्रेस हैरिस महिला विश्व कप से बाहर, हीथर लेंगी जगह**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस का वनडे विश्व कप में खेलने का इंतजार जारी है क्योंकि पिंडली में खिंचाव के कारण वह भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी 50 ओवर के टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं। हैरिस को शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में चोट लगी थी, जो संयोग से मार्च 2024 के बाद से इस प्रारूप में वापसी का उनका पहला मैच था। हैरिस अब 9 नवंबर से शुरू होने वाली महिला बिग बैश लीग से पहले स्वास्थ्य लाभ और पुनर्वास के लिए स्वदेश लौट जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस की जगह हीथर ग्राहम को नियुक्त किया है।

# काउंटी सीजन के अंतिम चैंपियनशिप मैच के लिए सरे से जुड़े राहुल चाहर



● **चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में खेलते रहे है और हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प है**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय स्पिनर राहुल चाहर इस हफ्ते यूटिलिटा बाउल में हैम्पशायर के खिलाफ होने वाले सीजन के आखिरी मैच के लिए सरे से जुड़ गए हैं, जहां क्लब लगातार चौथी बार काउंटी चैंपियनशिप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 26 वर्षीय चाहर को ईसीबी के नियमों के अनुसार, सितम्बर की शुरुआत में सरे के लिए खेलने के लिए पंजीकृत किया गया था, लेकिन उन्हें वार्विकशायर और नॉटिंघमशायर के खिलाफ क्लब के घरेलू मैचों में खेलने की जरूरत नहीं थी। नॉटिंघमशायर के खिलाफ मैच में सरी को 20 रनों से हार मिली जिसका मतलब था कि खिताबी दौड़ का नियंत्रण नॉटिघमशायर के हाथ में चला गया।

चाहर नियमित रूप से राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफ़ी में खेलते रहे हैं और इस सीज़न के आईपीएल में भी सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए एक प्रभावशाली विकल्प के रूप में एक बार नजर आए। कुल मिलाकर, उन्होंने 24 प्रथम श्रेणी मैचों में 26-12 की औसत से 87 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 148 रन देकर 9 विकेट रहा है। उन्होंने 2019 और 2021 के बीच भारत के लिए एक वनडे और छह टी-20 मैच भी खेले, लगभग उसी समय जब उन्होंने 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस के दोहरे आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। चाहर ने कहा कि मैं इस हफ्ते के मैच के लिए सरे से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैं यहां प्रभाव डालने और सीजन के आखिरी मैच में टीम की मदद करने आ रहा हूं। उन्हें सरे के दोनों मौजूदा स्पिन गेंदबाजों, विल जैक्स और कैम स्टील के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया है। क्लब के हाई-परफ़ॉर्मेंस सलाहकार, एलेक स्टीवर्ट ने कहा कि राहुल को टीम में शामिल करने से हमें यूटिलिटा बाउल में एक और स्पिन गेंदबाजी विकल्प मिल गया है।हमें हमेशा से पता था कि सीज़न के आखिरी दौर में हमारे खिलाड़ी नहीं खेल पाएंगे और हमने संभावित मैदानों और जिस प्रतिद्वंद्वी टीम से हम खेल रहे हैं, उसे देखते हुए उसी के अनुसार योजना बनाने की कोशिश की। हमने पहले साई किशोर को सीजन के आखरिरी चरणों में वापसी के लिए चुना था, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी उंगली में चोट लग गई जिसके कारण ऑपरेशन हुआ और वे उपलब्ध नहीं हो पाए।

# ओस्मान डेम्बेले और ऐताना बोनमाटी बने 2025 बैलन डी ओर विजेता

● **डेम्बेले ने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 में से 35 गोल किए**

**पेरिस, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन के ओस्मान डेम्बेले और बार्सिलोना की मिडफील्डर ऐताना बोनमाटी ने पेरिस के थिएटर डू चैटलेट में 2025 बैलन डी'ओर पुरस्कार जीते। पिछले सीजन में पीएसजी के पहले यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद, 28 वर्षीय डेम्बेले ने कल पहली बार पुरुषों का बैलन डी' ओर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने ट्रिपल विजेता पीएसजी के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 53 मैचों में 35 गोल किए, जिसने लीग 1 और कूप डी फ्रांस भी जीता। उन्होंने प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा कि आप सभी का धन्यवाद। मेरे साथ जो कुछ हुआ वह अविश्वसनीय है। मैं नि:शब्द हूं। पीएसजी के साथ यह एक अद्भुत सीजन रहा है। मैंने अविश्वसनीय चीजों का अनुभव किया है, और मैं थोड़ा नर्वस हूं, यह आसान नहीं है। 27 वर्षीय बोनमाटी ने लगातार तीसरे वर्ष महिला बैलन डी' ओर जीता और मिशेल प्लाटिनी (1983-85) और लियोनेल मेसी (2009-12) के बाद इतिहास में तीन बार यह पुरस्कार जीतने वाली केवल तीसरी खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने बार्सिलोना के लीग और चैंपियंस लीग अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गोल और असिस्ट के मामले में अपनी टीम का नेतृत्व किया। वह स्पेन की साथी मैरियोना काल्डेंटे और इंग्लैंड की फॉरवर्ड लॉरेन जेम्स से आगे रहीं। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा लगातार तीसरा वर्ष है, और मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या कहूं। यह अविश्वसनीय है। मुझे यह पुरस्कार देने के लिए फ्रांस फुटबॉल का धन्यवाद, जो आसानी से आप में से किसी को भी मिल सकता था। अगर मैं इसे साझा कर सकती, तो करती। समारोह के दौरान प्रदान किए गए अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ अंडर-21 खिलाड़ियों के लिए कोपा ट्रॉफी शामिल थी, जिसे लामिन यामल और विकी लोपेज ने जीता। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए याशिन ट्रॉफी इतालवी गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा और चेल्सी की हन्ना हैम्पटन को प्रदान की गई। क्लब और देश भर में सर्वश्रेष्ठ स्कोरर के लिए गर्ड मुलर ट्रॉफी स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस और बार्सिलोना की फॉरवर्ड इवा को महिला वर्ग में प्रदान की गई।

# बीबीएल में खेलते दिख सकते हैं आर अश्विन



● **भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन, बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेलने वाले पहले पुरूष भारतीय कैप्ड खिलाड़ी बन सकते हैं। बीबीएल के चार क्लब आगामी सत्र के आखरिरी चरणों के लिए उनकी सेवाएं लेना चाहते हैं। इन टीमों के नाम सिडनी थंडर, सिडनी सिक्सर्स, ऐडिलेड स्ट्राइकर्स और होबार्ट हरिकेंस हैं, जिसमें थंडर और हरिकेंस दौड़ में सबसे आगे हैं।

इस सप्ताह के अंत तक यह डील फाइनल हो सकता है। भारत का कोई भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अब तक बीबीएल में नहीं खेला है। बीसीसीआई केवल संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को ही विदेशों की टी-20 लीग्स में खेलने की अनुमति देता है। इस साल के शुरू में दिनेश कार्तिक ने एसए20 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेला था। इससे पहले 2023 में अंबाती रायुडू सीपीएल में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रिएट्स के लिए और फिर जनवरी 2024 में एमआई एमिरेट्स के लिए आईएलटी-20 में खेल चुके हैं। इसी सीजन में रॉबिन उथप्पा और युसूफ़ पठान दुबई कैपिटल्स का हिस्सा थे। वहीं दो साल पहले अबु धाबी टी10 में सुरेश रैना, डेक्कन ग्लैडिएटर्स का हिस्सा थे। अश्विन पहले ही यूएई में होने वाली आईएलटी-20 नीलामी का हिस्सा हैं, जो अगले मंगलवार को होगी। अगर वह खरीदे गए तो वह पूरा आईएलटी-20 खेलेंगे, जो 2 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलेगा। बीबीएल 14 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 20 जनवरी से 25 जनवरी के बीच हो सकता है। इसका मतलब है कि अश्विन किसी एक टीम के लिए सत्र के अंत में तीन-चार मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे और अगर वह टीम क्वालिफ़ाई करती है, तो फाइनल में भी खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि उनकी डील में 2026-27 का बीबीएल भी शामिल होगा। बीबीएल क्लब अपने एकदाश में केवल तीन विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला सकते हैं। लीग के प्री-सीजन नियमों और जून के ओव. रसीज ड्राफ्ट के जरिए हर क्लब पहले ही तीन विजेशी खिलाड़ियों को लॉक कर चुका है। इसके बाद सभी क्लब अतिरिक्त चार विदेशी रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों को साइन कर सकते हैं। यानी उनके दल में कुल सात विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, लेकिन एक समय में केवल तीन ही खेल सकते हैं। लीग के आखरिरी हिस्से में अगर किसी टीम ने किसी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी को एसए20 के लिए रिलीज किया तो अश्विन एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। लीग के नियमों के अनुसार रिप्लेसमेंट विदेशी खिलाड़ियों को भी ड्राफ्ट के लिए नामांकन करना होता है, जिसे अश्विन ने तब नहीं किया था क्योंकि उस समय उन्होंने आईपीएल से संन्यास नहीं लिया था। मगर ऐसी परिस्थितियों के लिए एक छूट यह है कि यदि किसी विद. ेशी खिलाड़ी के लिए परिस्थिति बदल गई हो, तो उसे बीबीएल में खेलने की अनुम. ति दी जा सकती है। जो क्लब अश्विन को साइन करेगा, उसे अभी ही उनका वेतन, अपने ओवरऑल पर्स के भीतर फ़िट करना होगा। अधिकांश टीमों के पर्स पहले ही आवंटित हो चुके हैं। लेकिन संभव है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ एक अतिरिक्त मार्केटिंग एग्रीमेंट होगा, जो उस टीम के सैलरी कैप में नहीं गिना जाएगा, जो भी टीम अश्विन को लेगी। टीमें एक विशिष्ट वर्ष में लीग की तकनीकी समिति की मंजूरी के साथ कैप से 5प्रतिशत अधिक भी जा सकती हैं।

# जीएसटी को लेकर कैबिनेट मंत्री ने कहा: आम जनता को मिलेगा लाभ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर्किट हाउस के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिन से देशवासियों को यह बड़ा उपहार मिला है, जिससे आम जनता, किसानों और कारोबारियों को सीधी राहत पहुंचेगी।मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 3 सितंबर 2025 को 56वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। वर्ष 2017 में लागू जीएसटी के बाद यह अब तक का सबसे बड़ा बदलाव है। इसके तहत पुरानी चार स्तरीय व्यवस्था समाप्त कर केवल दो दरें 5% और 18% लागू की गई हैं, जबकि विलासिता की वस्तुओं और लग्जरी सामानों पर 40% कर रखा गया है।उन्होंने बताया कि दूध, पनीर, साबुन, शैंपू, बच्चों के सामान और साइकिल जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं अब सिर्फ 5% कर श्रेणी में होंगी। किसानों के लिए ट्रैक्टर, टायर, कीटनाशक और सिंचाई उपकरणों पर कर घटाकर 5% किया गया है, जिससे खेती की लागत कम होगी। स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बड़ा सुधार हुआ है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी पूरी तरह से हटा दिया गया है, वहीं दवाओं, ऑक्सीजन और टेस्ट किट पर कर में भारी कमी की गई है।त्योहारों के समय वाहनों की खरीद आसान बनाने के लिए कार और बाइक पर जीएसटी 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है। वहीं छात्रों की कॉपियों, पेंसिल और स्टेशनरी पर भी अब कोई कर नहीं लगेगा। इसके विपरीत तंबाकू, पान मसाला, कसीनो और एसयूवी जैसी लग्जरी वस्तुओं पर 40% कर लगाया गया है।मंत्री ने कहा कि इन सुधारों से कर पालन सरल होगा, एमएसएमई और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा नागरिकों को करीब 48,000 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के अनुसार इन सुधारों से घरेलू खपत में 1.98 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की संभावना है।इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र मिश्रा, लघु प्रकोष्ठ संयोजक सौरव अग्रवाल सहित एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, मेयर विनोद अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका व बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजम खां सामाजिक सौहार्द के प्रतीक हैं इसलिए भाजपा को अच्छे नहीं लगते : जयवीर यादव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आज सपाइयों मे हर्षोउल्लास एवं उत्साह नजर आया और अवसर था पूर्व मंत्री आजम खान की सीतापुर जेल से रिहाई पर मिष्ठान वितरण के साथ - साथ समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, आजम खान जिंदाबाद की जोरदार नारेबाजी के बीच मिठाई वितरण इससे पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने पार्टी जनों को सम्बोधित करते हुए कहा आजम खघन की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ-साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो 'इंसाफ' में ऐतबार करते हैं। न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया। आज फर्जी मुकदमे करने वालों को भी ये सबक मिल गया है कि हर 'झूठ' की एक मियाद होती है और हर 'साजिश' की भी। जो लोग सामाजिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वो कभी अच्छे नहीं लगते हैं। आजम खघन एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खघ्लिाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे! इंसाफ जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व विधानसभा सभा प्रत्याशी लाखन सिंह सैनी, फुरकान अली, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी,प्रेम बाबू बाल्मीकि,धर्मेन्द्र यादव,वासु गुप्ता अष्कार पाशा, प्रदीप यादव, सुनीता सिंह,विजयवीर सिंह यादव,केदार सिंह, वीरेंद्र सिंह,जिगरी मलिक, एम. पी. सिंह, तहजीब आलम,दिलप्रीत सिंह, अशोक सैनी, नन्हें सिंह, श्याम यादव, शंकरलाल सैनी,पवन चौधरी,जिगरी मलिक, भूरे कुरैशी, तारिक बॉबी, सौरभ रत्नाकर, मीनू रत्नाकर, एस. पी सिंह, नौशाद पाशा, जुनैद अशरफी, सर्वेश प्रजापति, जाकिर विक्की सिंह, आदि प्रमुख थे।

## एक नजर

### ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किया सट्टा मेले का औचक निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन के छटे दिन गन्ना समिति कांठ के सटटा प्रदर्शन मेले का ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर शीराज मलिक द्वारा निरीक्षण किया गया। श्री मलिक ने सटटा प्रदर्शन मेला में प्राप्त हो रही शिकायतों की जाँच कर गुणवत्तापूर्व निस्तारण करने के निर्देश दिये कहा कि सर्वाधिक शिकायतें गन्ना प्रजाति से सम्बन्धित प्राप्त हो रही हैं।आज समिति स्तरीय सटटा प्रदर्शन मेले में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 16 शिकायतें निस्तारित की गयी। सटटा प्रदर्शन मेला में राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक चीनी मिलों के फील्ड सुपरवाइजर तथा किसान उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कांग्रेस ( जे ) के अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस हुआ जारी

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) के अध्यक्ष अथवा महासचिव मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष सुनवाई हेतु 08 अक्टूबर 2025 को सकते हैं उपस्थित। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन 127 राजनैतिक दलों में जनपद मुरादाबाद में सैंधी, पोस्ट हरथला, पाकबड़ा के पते पर दर्ज राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस राजनैतिक दल द्वारा विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 06 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया परन्तु निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के दौरान यदि दल की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि ऐसे राजनैतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। ऐसे दल के संबंध में रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दी जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस राजनैतिक दल के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेज दिया गया है। राजनैतिक दल के नाम एवं पते सहित सूची भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र. की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### सिविल डिफेंस की ओर से काली माता मंदिर पर लगाया जाएगा दो दिवसीय शिविर



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** नागरिक सुरक्षा कार्यालय मुरादाबाद में आज आगामी शारदीय नवरात्री के अवसर पर दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए अष्टमी एवं नवमीं पर दो दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 30 सितम्बर एवं 1 अक्टूबर 2025 को लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर लगाया जायेगा ।जिसमें खोए पाये बच्चों को उनके माता पिता एवं गार्जियन से मिलवाने और स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जायेगी।

उपनियंत्रक श्री नीरज चक ने कहा कि सभी कोतवाली प्रखंड के वार्डन अपनी अपनी जिम्मेदारी से सहयोग करेंगे।इस अवसर पर सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार,प्रभारी डिविजनल वार्डन अशोक गुप्ता,स्टाफ अधिकारी वसीम अंसारी,राजेश गुप्ता, आई सी ओ सुभाष जैन,अंकुश भटनागर,आकाश अग्रवाल,आशीष त्रिवेदी,संदीप जैन, लक्ष्मण सिंह,अरशद अली,आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विद्युत शिविर लगाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का किया समाधान



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** नगर के स्टेशन रोड स्थित विद्युत वितरण उपखंड कार्यालय पर आज विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत शिविर लगाया गया शिविर में उपखंड अधिकारी अवधेश कुमार एवं अवर अभियंता शिवम कुमार ने विद्युत संबंधी समस्याओं का समाधान किया जिसमें बिजली बिल जमा करना बिल सही करने मीटर लगाने मीटर बदलने नए विद्युत संयोजन जारी करने भार बढ़ाने सहित अनेक समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया उपखंड अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि खंड कार्यालय मुरादाबाद से शैलेश बंसल ने बिलारी शिविर पर आकर नगर के पावर लूम एवं वाणिज्य संयोजन संबंधी समस्याओं का समाधान किया। विद्युत उपभोक्ता के लिए लगाए गए शिविर में मुख्य रूप से उपखंड अधिकारी अवधेश कुमार के साथ नगर के अवर अभियंता शिवम कुमार कार्यालय सहायक दीपू कश्यप पवन गुप्ता ललित बिष्ट नीरज कुमारी छत्रपाल शिवांशु विनोद कुमार दीपक कुमार आदि लोगों ने शिविर में सहयोग किया। जबकि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में धर्मेंद्र गांधी अवनीश यादव सुनील कुमार मोहम्मद अहसान आदि ने लोगों को जागरुक कर घर-घर सौर पैनल लगवाने का आह्वान किया।

### मनरेगा ऑडिट को लेकर हुई ब्लॉक कार्यालय में बैठक

**भगतपुर।** विकासखंड भगतपुर टांडा सभागार में ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में मनरेगा ऑडिट के अंतर्गत ऑडिटर द्वारा संपूर्ण धनराशि का अधिभार गलत तरीके से एवं मनमानी तरीके से ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव एवं खंड विकास अधिकारी को अध्यारोपित किया गया है।जबकि मनरेगा एक रोजगार परख श्रमिकों को उनके गांव में ही 100 दिन हर योजना में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा जिला मुरादाबाद वित्तीय वर्ष 2008-09 में प्रारंभ की गई थी। वित्तीय वर्ष 2008 - 09 से वित्तीय वर्ष 2012-13 तक ग्राम पंचायत में कार्य करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा खाते में धनराशि उपलब्ध कराई जाती थी। जिसका संचालन ग्राम प्रधान और ग्राम सचिव के द्वारा संयुक्त रूप से किया जाता था। परंतु 2013 में भारत सरकार द्वारा खाते के संचालन की जिम्मेदारी ब्लॉक स्तर पर लेखाकार एवं खंड विकास अधिकारी को हस्तांतरित की गई। प्रदेश के अधिकांश जिलों में आज भी मनरेगा ऑडिट सहकारी समितियां एवं पंचायत विभाग के द्वारा नहीं किया जा रहा हैं। परंतु मुरादाबाद में मनमानी तरीके से मनरेगा ऑडिट करने के लिए अभी भी दबाव बनाया जा रहा है। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सागर, ग्राम पंचायत अधिकारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नवाब अली, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, जिला महामंत्री ग्राम पंचायत अधिकारी एसोसिएशन आमोद चौहान एवं विनय आशीष, नीरज सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, जरीफ अहमद, संजीव राणा, तरन्नुम आरा, सपना, अनिल भारती आदि उपस्थित रहे।

## आजम खां के बाहर आने से सपा को मिलेगी मजबूती: मोहम्मद रिजवान



**कुंदरकी।** समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर 23 महीने बाद रिहा हुए समाजवादी पार्टी के फाउंडर व वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को जेल से रिहा होने पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं व 29 कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने मिठाई बाट कर खुशी का इजहार किया इस मौके पर पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान ने कहा कि आजम के जेल से बाहर आने पर पार्टी को और मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढेगा और इस वक्त भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश और केंद्र में है उसको उखाड़ फेंकने में बहुत बड़ी भूमिका आजम का द्वारा निभाई जाएगी इस मौके पर सभासद नाजिम उस्मानी, इलियास खान ,इलियास सिद्दीकी, पप्पू उर्फ यामीन सभासद, मोहम्मद जावेद शाह, आजम साबरी, शाहिद अली, मोहम्मद जाकिर,जीशान कादिर सैफी, शाने आलम, वसीम अल्बी, नदीम अल्बी,आदि मौजूद रहे।

# कैंसर रोगियों के लिए मैक्स ने शुरू की ओपीडी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, ने मुरादाबाद स्थित मैक्स मेडसेंटर में स्त्री रोग संबंधी (गायने कोलॉजिकल) कैंसर के लिए अपनी विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन सेवाओं का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, के रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक गायनी ऑन्कोलॉजी सर्जरी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मोनिषा गुप्ता की उपस्थिति में किया गया।डॉ. मोनिषा गुप्ता हर महीने के चौथे मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेगी।शुभारंभ के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पट पड़गंज, के रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक गायनी ऑन्कोलॉजी सर्जरी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. मोनिषा गुप्ता ने कहा, श्इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य कैंसर से जुड़ी समस्याओं जैसे पेट में सूजन, इरेगुलर वैजाइनल ब्लीडिंग, पोस्ट मेनोपॉसल ब्लीडिंग, वजन घटना और अन्य गंभीर लक्षणों के लिए परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना है। हमारा लक्ष्य मुरादाबाद के स्थानीय मरीजों को समय पर जाच और उचित उपचार संबंधी सलाह प्रदान करना है। नई ओपीडी के माध्यम से मरीजों को व्यापक परामर्श, उपचार योजना और फॉलो अप देखभाल मिलेगी।मुरादाबाद में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पट पड़गंज, की इस प्रतिबद्धता का प्रतीक है कि वह विश्वस्तरीय कैंसर उपचार की सुविधाएं और अधिक लोगों तक पहुंचा सके। अस्पताल क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को उच्च गुणवत्ता वाली और नवीन चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से निरंतर सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

## रामबाग धाम परिसर में नवरात्रि पर भव्य रामलीला का मंचन

**चन्दौसी।** नगर के रामबाग धाम परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर पर भव्य रामलीला का मंचन जारी है। बारह सैनी रामलीला ट्रस्ट की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जा रहा है। प्रथम दिन स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित नृत्य प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाबदेवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा0 अनामिका यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं, परिसर के सिद्धिदात्री देवी मंदिर पर शाम 06 बजे भव्य महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने माता के भव्य दर्शन किए और भक्ति भाव में लीन हुए।

कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को रामलीला में शिव विवाह का मंचन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नारद का अभिनय किशनपाल ने किया, नंदी का अभिनय हीरालाल वार्ष्णेय ने, भोले बाबा का किरदार रवि वार्ष्णेय ने और अघोरी बाबा का किरदार हनी वार्ष्णेय चंद्रा ने निभाया। भव्य मंच सज्जा, रंग. मंच की रोशनी और कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों को देर रात्रि तक बांधे रखा। रामलीला देखने आए श्रद्धालुओं ने माता और भगवान शिव के विविध रूपों का आनंद लिया और कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## भारत विकास परिषद ने बिहारी कन्या इंटर कॉलेज को दान किए 10 पंखे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** बिहारी आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज, कांठ में भारत विकास परिषद् का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अन्तर्गत संगठन के द्वारा बिहारी आदर्श कन्या इण्टर कॉलेज को दान स्वरूप 10 सीलिंग फैन प्रदान किए गए।

भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महेश गुप्ता, महासचिव गौरव विश्नोई सुरेश चौहान, दीपक विश्नोई, सचिन चौहान, राजेश शर्मा, प्रद्युम्न विश्नोई, सत्यपाल सिंह ने संगठन के बारे में जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधक सुशील कुमार एवं प्रधानाचार्य डा० अंजना शर्मा ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि छात्राओं को दिए गए उनके उपहार से समस्त छात्राएं बहुत प्रसन्न हुई हैं। तथा सभी का आभार व्यक्त करती हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। दूसरी ओर मिशन शक्ति 5 के अन्तर्गत उप निरीक्षक कमलदीप अंकित, सोनल आदि ने छात्राओं को विभिन्न हैल्पलाइन नम्बर नारी शक्ति, पुलिस द्वारा महिलाओं की सहायता तथा साइबर क्राइम आदि की जानकारी साझा की।

प्रधानाचार्य डा० अंजना शर्मा ने इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# डायरिया केस की रिपोर्टिंग पोर्टल पर सुनिश्चित हो : डॉ. बेलवाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की प्रगति व समीक्षा बैठक मंगलवार को नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ. एस. के. बेलवाल की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में डॉ. बेलवाल ने कहा कि डायरिया के मामलों की रिपोर्टिंग सही तरीके से हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम की पिछले तीन माह की प्रमुख गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. बेलवाल ने जिले में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" अभियान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की, साथ ही उसकी दैनिक रिपोर्ट के लिए सम्बंधित पोर्टलों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) के दौरान आयोजित की गयी गतिविधियों को सराहा और आगे भी इसी तरह की गतिविधियों को आयोजित करने की योजना पर कार्य करने को कहा।बैठक में पीएसआई इंडिया से मो. रिजवान ने "डायरिया से डर नहीं" कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया गया है। टीम ने ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की है। इसके अलावा छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनवाने का कार्य किया गया है। आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम व आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण पीएसआई इंडिया द्वारा किया जा रहा है।

पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण भी किया गया है और प्रचार वाहन का संचालन भी ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में किया जा चुका है।बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सिंह व डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक चंद्रशेखर, ब्लॉक से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीपीएम और बीसीपीएम साथ ही सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कुतुबपुर अज्जू में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ ।जिसमें सर्वप्रथम पंडित मानवेंद्र शास्त्री ने गणेश पूजन कराया उसके बाद कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों पर होते हुए पुन: कथा का पंडाल में पहुंची श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ ठाकुर जयवीर सिंह ,खंड कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रामपाल सिंह, हल्का दरोगा गगन शर्मा,मडंल अध्यक्ष सजंय कश्यप ने फीता काटकर किया कार्यक्रम में मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार , मडंल महामंत्री संजय दिवाकर, मडंल कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा, मडंल उपाध्यक्ष हाजी मजलूम पाशा, मडंल उपाध्यक्ष नक्से अली, आमिर खान, बबलू, राकेश,राजू सिंह, राज. कुमार सिंह, अमरपाल सिंह, टिंकू सिंह, किरनपाल सिंह, आकाश ठाकुर ,रवि कुमार, टीकम सिंह, राम अवतार सिंह, राजपाल सिंह, भूरा पाल, सतीश सिंह,प्रमोद कुमार ,सत्येंद्र सिंह, कलश यात्रा में छवी, शिरषटी,वर्षा, वैष्णवी,पारुल, मनचली, संध्या, मनु ,शीतल, गौरी, राधिका ,मीनाक्षी, प्रियांशी, दिव्यांशी, सपना, बेबी,अन्तरा,मनु, अशिका रही तथा कथावाचक पूजा शास्त्री शिकोहाबाद ने श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया।

# आयुर्वेद दिवस पर चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आयुर्वेद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सकों के द्वारा आयुर्वेद के लाभ के विषय में विस्तार से जानकारियां प्रदान की गई, साथ ही आयोजित कार्यक्रम में आने वाले मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण करने के साथ ही उन्हें आयुर्वेदिक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग मुरादाबाद के द्वारा मंगलवार को 10 वां आयुर्वेद दिवस का आयोजन शहर के पुराना महिला चिकित्सालय टाउन हॉल पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आयुर्वेद चिकित्सा एवं आयुर्वेदिक औषधियों के हमारे जीवन मे लाभ एवं प्रचार प्रसार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर प्रकृति परीक्षण शिविर, आयुर्वेद चिकित्सा शिविर, यूनानी चिकित्सा शिविर, मर्म एवं योग चिकित्सा शिविर पंचकर्म चिकित्सा शिविर एवं मोटापे के लिये आयुर्वेद शिविर के स्टाल भी लगाये गये। शिविर में पहुंचे लोगों को निशुल्क औषधि वितरण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. अमरदीप सिंह नायक ने आयुर्वेद की दैनिक जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डाला।वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. सत्यप्रकाश गुप्ता ने आयुर्वेदिक औषधियों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों के रूप में डा. नदीम मलिक, डा. फाईक अली, डा. नदीम परवेज, डा. रमेश डा.अतुल मालिक, डा.दानवीर सिंह, डा. रेनू वाला डा. शोमदत्त शर्मा आदि ने आयुर्वेद की उपयोगिता के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला।इस मौके पर योग प्रशिक्षक देवेन्द्र कुमार एवं ज्ञान प्रकाश तथा योग सहायक सुनील कुमार का सहयोग रहा।

# बीएड काउंसलिंग से बाहर हुआ एसएम कॉलेज

**चन्दौसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बी.एड. काउंसलिंग 2025-27 को लेकर आए विवाद में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए एस.एम. कॉलेज चन्दौसी (जनपद सम्भल) को फिलहाल काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर कर दिया है। कॉलेज 2004 से बी.एड. कोर्स चला रहा है और इस बार गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा मांगे गए दस्तावेजों के बाद जांच में पाया गया कि कॉलेज में 200 छात्रों (दो यूनिट) के लिए अनिवार्य 16 शिक्षकों के स्थान पर केवल 11 शिक्षक (10 प्रवक्ता और 01 विभागाध्यक्ष) ही कार्यरत हैं, साथ ही स्थायी व आरक्षित फंड भी मानकों से कम मिले। विश्वविद्यालय ने 25 जुलाई 2025 को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा और काउंसलिंग से वंचित करने की चेतावनी दी। कॉलेज का तर्क था कि 05 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है और विज्ञापन जुलाई-अगस्त 2025 में प्रकाशित हो चुके हैं, देरी विश्वविद्यालय की ओर से विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध न कराने के कारण हुई है, इसलिए उसे काउंसलिंग से बाहर करना अनुचित है। इस पर कॉलेज ने हाईकोर्ट की शरण ली और एकल न्यायाधीश ने 26 अगस्त 2025 को अंतरिम आदेश देते हुए कॉलेज का नाम काउंसलिंग सूची में अस्थायी रूप से शामिल करने का निर्देश दिया, किंतु मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने इस आदेश को निरस्त कर दिया और कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एन.सी.टी.ई.) के 2014 के विनियमों के अनुसार 200 छात्रों के लिए 16 शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है, जिसे कॉलेज स्वयं स्वीकार करता है कि पूरा नहीं हो पा रहा है।

# राहुल की आक्रामकता

वोट चोरों के नारे के साथ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की आक्रामकता कम होती दिखाई नहीं दे रही है। वह बराबर सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। अब तो उन्होंने वोट चोरी के नारे को बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में उन्होंने मंगलवार को कहा कि देश में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार के बेरोजगार युवाओं पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि जब कोई सरकार जनता का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है तो उसका पहला कर्तव्य होता है युवाओं को रोजगार व अवसर देना। लेकिन केंद्र में बैठी मोदी सरकार को उसकी जरा भी परवाह नहीं है। उसका कारण यह है कि भाजपा चुनाव ईमानदारी से नहीं जीतती और वह वोट चोरी और संस्थाओं को कैद करके सत्ता में बनी रहती है। जिसका परिणाम यह है कि इस समय बेरोजगारी 45 साल के सबसे हाई लेवल पर पहुंच गई है। मतलब साफ है कि राहुल गांधी अब देश के युवाओं को फोकस कर रहे हैं। वह हाल ही में नेपाल में जिस तरह जैन जी समूह ने आक्रामकता दिखाई थी और वह वहां तख्ता पलट करने में कामयाब हो गए थे, इस तरह की बातें वह देश में भी करते दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं कि जैन जी ही वोट चोरी और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा। ऐसा करने में वह उनको पूरा अपना सहयोग देने की बात भी कह रहे हैं। जाहिर है, इस तरह के बयानों को भाजपा भी लपक रही है और भाजपा के नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी माआ. 'वादियों की भाषा बोल रहे हैं। कोई इन्हें नक्सलवाद से प्रभावित होता बता रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप, क्रिया प्रतिक्रिया होती रहती है लेकिन एक बात साफ है कि वोट चोरी का मुद्दा देश में अब आकार लेता दिखाई दे रहा है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। जिसका हाल ही में संपन्न बिहार में वोट अधिकार यात्रा में उमड़ा समूह जीता जागता सबूत है। यह बात अपनी जगह है कि यह उमड़ा जनसमूह किस हद तक इंडिया महागठबंधन के पक्ष में वोट के रूप में अपना चमत्कार दिखाएगा। लेकिन इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि अब देश के युवा राहुल गांधी की बात पर ध्यान दे रहे हैं और वोट चोरी का मुद्दा अब युवा वर्ग में अपील करता दिखाई दे रहा है। यही कारण है कि राहुल गांधी इस मुद्दे को उठाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं और अब तो उन्होंने इसको विस्तार देते हुए चतुराई के साथ बेरोजगारी से भी जोड़ दिया है। निश्चित रूप से बेरोजगारी वह मुद्दा है, जो युवाओं को काफी प्रभावित कर सकता है, क्योंकि इससे कोई इनकार नहीं कर सकता कि आज बेरोजगारी व महंगाई अपने चरम पर है। भले ही सरकार ने जीएसटी में सुधार किया हो, लेकिन जिस तरह की समस्या है उससे देश की जनता को बड़ी निजात मिलेगी अभी कहना मुश्किल है।

## अदालत का दिल से शुक्रिया



हर झूठ की एक मियाद होती है, भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं, आजम खां की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ- साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ' में ऐतबार करते हैं, न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया, प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर उन पर लगे सभी झूठे मुकदमे वापस होंगे, आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# फेस्टिवल में चेहरे पर बना रहेगा ग्लो





शहनाज हुसैन

योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

त्योहारों का सीजन शुरू हो गया हैं। नवरात्रों के बाद करवा चौथ और दिवाली जैसे पवित्र त्यौहार हमारे सामने हैं। फेस्टिव सीजन में हर कोई चाहता है कि उसका लुक निखरा हुआ हो और चेहरे पर खास चमक झलके ताकि त्योहारों की खुशी उनके चेहरे पर भी नजर आए, लेकिन बिजी शेड्यूल के कारण चेहरे पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इस वजह से उनकी स्किन में कई समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस दौरान हम साल में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते हैं। पूजा पंडालों में देवी दर्शन के इलाबा गरबा , डांडिया आदि में भागीदारी से सामाजिक मेल जोल निरन्तर बना रहता है। त्योहारों की शॉपिंग और तैयारियों में हम लोग ज्यादातर घरों से बाहर रहते हैं जिसे त्वचा धूल , प्रदूषण और सूर्य की किरणों के सम्पर्क में आने से डल और बेजान हो जाती है। ऐसे में पुराने समय से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे आज भी कारगर साबित हो सकते हैं वो भी बिना किसी साइड इफेक्ट के।

**ग्लिसरीन फेस मास्क**

बराबर मात्रा में ग्लिसरीन और गुलाब जल के साथ मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे पर लगाने से त्वचा में नमी का सन्तुलन बना रहता है और त्वचा को पौषण मिलता है। इसे लगाने के लिए आप बराबर मात्रा में गुलाब जल और ग्लिसरीन लें और अच्छे से मिक्स करें। रात को सोने से पहले इसे रुई की मदद से चेहरे पर लगा लें और सुबह ठंडे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल और मुलायम दिखने लगेगी।

1 चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई कैप्सूल को तोड़कर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 30 मिनट के लिए छोड़ दें और अपने चेहरे को धो लें। आप इस मास्क को रोजाना लगा सकते हैं। यह आपकी स्किन को मॉइस्चराइज करेगा। इससे खुले पोर्स बंद होंगे और झुर्रियां कम होंगी और चेहरे पर नेचुरल ग्लो नजर आएगा। एक कांच के कटोरे में एक अंडे का सफेद भाग लें और इसे तब तक फेंटें जब तक कि यह झागदार न हो जाए। इसके बाद इसमें एक चम्मच ग्लिसरीन और एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा लें। पैक को चेहरे पर तब तक लगा रहने दे जब तक यह सूख न जाए और बाद में गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच ग्लिसरीन मिलाकर चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा तक छोड़ दें। फिर सादे ताजे पानी से धो लें। इससे त्वचा कोमल होगी और आपके चेहरे पर निखार झलकेगा।

**ओटमील मास्क**

ओट्स ग्लूटन फ्री होता है, ओटमील एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर और क्लींजर की तरह काम करता है। ओटमील की मदद से स्किन पर मौजूद एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने में मदद मिलती है। ओटमील चेहरे के कालेपन को हटाकर रंगत में सुधार करता है।

1 चम्मच ओटमील में 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं और आधा घण्टा बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक के इस्तेमाल से कील, मुहांसों और डेड स्किन की समस्या कम होगी और त्वचा में नमी का संतुलन बना रहेगा। कांच की कटोरी में 2 चम्मच पिसे हुए ओट्स, 1 चम्मच दही, और 1 चम्मच शहद को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें इस पेस्ट को आंखों के हिस्से को छोड़ कर बाकि चेहरे और गले के हिस्से में लगाकर प्रकृतिक रूप में सूखने दें जब मास्क सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें। 2 चम्मच ओटमील, 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच गुलाब जल को मिक्स करके फेस पैक तैयार करें और फिर इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं। शहद और ओटमील का ए फेस पैक स्किन को सॉफ्ट और हेल्दी बनाता है।

**पपीता फेस पैक**

एक कटोरी में पके हुए पपीते की कुछ स्लागइस को मैश कर लें। इसके बाद आप इस मैश किए हुए पपीते में 1 चम्मकच चंदन पाउडर डालकर दोनों को अच्छे से मिलाएं। अब आप इस मिश्रण में 1 या 2 चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आवश्यमकता अनुसार गुलाबजल डाल कर अच्छे से मिला कर गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। इस पैक को चेहरे और गर्दन पर अच्छे तरीके से लगा कर आधा घंटा बाद गुनगुने पानी से धो डालें। इस मास्क को नियमित रूप से लगाने से आपकी त्वेचा में चमक आएगी और आपकी त्वगचा मुलायम होगी। एक कटोरी में दो चम्मच के बराबर पपीता मैश कर के इसमें 2 चम्मच दही 1 चम्मच शहद और, 1 चम्मच चावल का आटा मिला लें। सभी चीजों को अच्छे से मिला कर स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर प्रकृतिक रूप से सूखने दें। जब यह पूरी तरह सुख जाए तो चेहरे को ताजे साफ पानी से धो डालें। इस फेस पैक को आप सप्ताह में दो तीन बार उपयोग कर सकते हैं। आधा कप मैश किया हुआ पपीता लेकर उसमें 2 चम्मच दही मिला लें। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट लगाएं और फिर धोकर हटा लें। चेहरे को ठंडक मिलती है और स्किन निखरी हुई दिखती है। एक कप पिसे पपीते में आधा चम्मच हल्दी मिला कर चेहरे पर लगाए और 15 मिनट बाद चेहरे को धो डालें। इस फेस पैक को लगाने पर स्किन को एंटी बैक्टीरियल गुण भी मिलते हैं और यह त्वचा में निखार लाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास

गुजरात का गौरव श्रानी की वावश्रू जहां हर सीढ़ी पर दिखता है भारतीय कला और इतिहास गुजरात के पाटन नगर में स्थित रानी की वाव सीढ़ीदार बावड़ी भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अनमोल खजाना है। इसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है और यह गुजरात आने वाले हर पर्यटक के आकर्षण का केंद्र है। यह बावड़ी केवल जल संग्रहण की संरचना नहीं है, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और कलात्मक .ष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



**ऐतिहासिक पृष्ठभूमि**

रानी की वाव का निर्माण 11वीं शताब्दी में सोलंकी वंश की रानी उदयमती ने अपने पति राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में करवाया था। इस कारण इसका नाम ष्रानी की वावष पड़ा। यह संरचना न केवल प्रेम और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि उस युग की स्थापत्य दक्षता का भी अद्भुत उदाहरण है।

**स्थापत्य विशेषताएं-**

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

रानी की वाव लगभग 64 मीटर लंबी, 20 मीटर चौड़ी और 27 मीटर गहरी है। इसमें सात मंजिलें हैं और हर मंजिल पर सुंदर सीढ़ियां तथा चौक बनाए गए हैं। बावड़ी की दीवारों पर लगभग 500 मुख्य मूर्तियां और 1000 से अधिक छोटी मूर्तियां उकेरी गई हैं। इनमें भगवान विष्णु के विभिन्न अवतार, देवी-देवताओं, अप्सराओं, ऋषियों और दैनंदिन जीवन के .श्य अंकित हैं। इसकी सबसे खास विशेषता यह है कि जब कोई यात्री नीचे उतरता है, तो उसे लगता है मानो वह पृथ्वी की गोद में किसी भव्य मंदिर की ओर बढ़ रहा हो।

**कलात्मक सौंदर्य**

बावड़ी की नक्काशी इतनी बारीक है कि पत्थरों पर बने चेहरे, आभूषण और मुद्राएं जीवंत प्रतीत होती हैं। इसमें दशावतार द्धविष्णु के दस अवतारऋ की मूर्तियां विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं।

**वर्तमान स्थिति और पर्यटन**

रानी की वाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ASI द्वारा संरक्षित है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते हैं। 2014 में इसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया और 2016 में इसे भारत की नई घ100 के नोट की डिजाइन पर भी स्थान दिया गया। यहां अक्सर रानी की वाव फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है, जिसमें लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

**कैसे पहुंचे?**

निकटतम हवाई अड्डा-अहमदाबाद लगभग 125 किमी

रेलवे स्टेशन- मेहसाणा और पाटन

सड़क मार्ग- अहमदाबाद और गांधीनगर से पाटन तक सड़क द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है।

रानी की वाव भारतीय शिल्पकला, स्थापत्य और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण है। यह न केवल जल प्रबंधन का एक प्राचीन और वैज्ञानिक मॉडल है बल्कि प्रेम, श्रद्धा और कला की जीवित मिसाल भी है। पाटन आने वाला हर यात्री इस धरोहर को देखकर भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा पर गर्व महसूस करता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नवरात्रि के नौ दिनः शक्ति से शक्ति की कामना का पर्व



योगेश कुमार गोयल

नवरात्रि पर्व का भारतीय समाज में विशेष महत्व है, जो आदि शक्ति दुर्गा की पूजा का पावन पर्व है। वैसे तो वर्षभर में चार बार नवरात्र मनाए जाते हैं, चौत्र तथा शारदीय नवरात्र के अलावा दो गुप्त नवरात्रि। इनमें चौत्र तथा शारदीय नवरात्र का विशेष महत्व माना गया है। प्रतिवर्ष आश्विन मास के शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तक शारदीय नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है और लगातार नौ दिनों तक आदिशक्ति जगदम्बा का पूजन किया जाता है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा।

इस वर्ष नवरात्र दस दिनों तक चलेंगे जबकि सामान्यतः नौ दिन के ही होते हैं। ऐसा संयोग नौ वर्षों बाद पड़ा है। इससे पहले 2016 में नवरात्र दस दिन के रहे थे। पंचांग के अनुसार 22 सितंबर को प्रतिपदा तिथि के साथ कलश स्थापना का विधान रहेगा। द्वितीया 23 सितंबर, तृतीया 24 सितम्बर, चतुर्थी 25 सितम्बर और चतुर्थी की वृद्धि के कारण 26 सितंबर को भी रहेगी। पंचमी 27 सितम्बर, षष्ठी 28 सितम्बर, सप्तमी 29 सितम्बर, अष्टमी 30 सितम्बर, नवमी 1 अक्तूबर और विजयादशमी 2 अक्तूबर को मनाई जाएगी। कभी नौ तो कभी दस दिनों तक चलने वाले नवरात्र नवशक्तियों से युक्त माने गए हैं, जिनमें प्रत्एक शक्ति का अपना अलग महत्व है। वास्तव में नवरात्रि पर्व 'शक्ति' स्वरूपा देवी से शक्ति की कामना का पावन पर्व है। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के विभिन्न नौ स्वरूपों की उपासना के लिए ही निर्धारित हैं। मां दुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, मां कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के पहले स्वरूप में मां दुर्गा पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में विराजमान हैं। नंदी नामक वृषभ पर सवार शैलपुत्री के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प है। शैलराज हिमालय की कन्या होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा गया। इन्हें समस्त वन्य जीव-जंतुओं की रक्षक माना जाता है। दुर्गम स्थलों पर स्थित बस्तियों में सबसे पहले शैलपुत्री के मंदिर की स्थापना इसीलिए की जाती है कि वह स्थान सुरक्षित रह सके। दुर्गा मां के दूसरे स्वरूप 'ब्रह्मचारिणी' को समस्त विद्याओं की ज्ञाता माना गया है। माना जाता है कि इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। 'ब्रह्मचारिणी' अर्थात् तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित है। कहा जाता है कि देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। इसी कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

देवी दुर्गा का तीसरा स्वरूप है चंद्रघंटा। शक्ति के रूप में विराजमान मां चंद्रघंटा मस्तक पर घंटे के आकार का आधा चंद्रमा है। देवी का यह तीसरा स्वरूप भक्तों का कल्याण करता है। इन्हें ज्ञान की देवी भी माना गया है। बाघ पर सवार मां चंद्रघंटा के चारों तरफ अद्भुत तेज है। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। यह तीन नेत्रों और दस हाथों वाली हैं। इनके दस हाथों में कमल, धनुष-बाण, कमंडल, तलवार, त्रिशूल और गदा जैसे अस्त्र-शस्त्र हैं। कंठ में सफेद पुष्पों की माला और शीष पर रत्नजड़ित मुकुट विराजमान हैं। यह साधकों को चिरायु, आरोग्य, सुखी और सम्पन्न होने का वरदान देती हैं। कहा जाता है कि यह हर समय दुष्टों का संहार करने के लिए तत्पर रहती हैं और युद्ध से पहले उनके घंटे की आवाज ही राक्षसों को भयभीत करने के लिए काफी होती है।

दुर्गा का चतुर्थ स्वरूप है कुष्मांडा। देवी कुष्मांडा भक्तों को रोग, शोक और विनाश से मुक्त करके आयु, यश, बल और बुद्धि प्रदान करती हैं। यह बाघ की सवारी करती हुई अष्टभुजाधारी, मस्तक पर रत्नजड़ित स्वर्ण मुकुट पहने उज्जवल स्वरूप वाली दुर्गा हैं। इन्होंने अपने हाथों में कमंडल, कलश, कमल, सुदर्शन चक्र, गदा, धनुष, बाण और अक्षमाला धारण की हैं। अपनी मंद मुस्कान से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कुष्मांडा पड़ा। कहा जाता है कि जब दुनिया नहीं थी तो चारों तरफ सिर्फ अंधकार था। ऐसे में देवी ने अपनी हल्की-सी हंसी से ब्रह्मांड की उत्पत्ति की। वह सूरज के घेरे में रहती हैं। सिर्फ उन्हीं के अंदर इतनी शक्ति है, जो सूरज की तपिश को सहन कर सकें। मान्यता है कि वही जीवन की शक्ति प्रदान करती हैं।

देवी का पांचवां स्वरूप है स्कन्दमाता। भगवान स्कन्द द्धकार्तिकेयऋ की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। यह कमल के आसन पर विराजमान हैं, इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। इन्हें कल्याणकारी शक्ति की अधिष्ठात्री कहा जाता है। यह दोनों हाथों में कमलदल लिए हुए और एक हाथ से अपनी गोद में ब्रह्मस्वरूप सनतकुमार को थामे हुए हैं। स्कन्द माता की गोद में उन्हीं का सूक्ष्म रूप छह सिर वाली देवी का है। मां दुर्गा का छठा स्वरूप है कात्यायनी। यह दुर्गा देवताओं और ऋषियों के कार्यों को सिद्ध करने लिए महर्षि कात्यायन के आश्रम में प्रकट हुई। उनकी पुत्री होने के कारण ही इनका नाम कात्यायनी पड़ा। देवी कात्यायनी दानवों व पापियों का नाश करने वाली हैं। वैदिक युग में यह ऋषि-मुनियों को कष्ट देने वाले दानवों को अपने तेज से ही नष्ट कर देती थीं। यह सिंह पर सवार, चार भुजाओं वाली और सुसज्जित आभा मंडल वाली देवी हैं। इनके बाएं हाथ में कमल और तलवार व दाएं हाथ में स्वस्तिक और आशीर्वाद की मुद्रा है।

दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि है, जो देखने में भयानक है लेकिन सदैव शुभ फल देने वाला होता है। इन्हें 'शुभंकारी' भी कहा जाता है। 'कालरात्रि' केवल शत्रु एवं दुष्टों का संहार करती हैं। यह काले रंग-रूप वाली, केशों को फैलाकर रखने वाली और चार भुजाओं वाली दुर्गा हैं। यह वर्ण और वेश में अर्द्धनारीश्वर शिव की तांडव मुद्रा में नजर आती हैं। इनकी आंखों से अग्नि की वर्षा होती है। एक हाथ से शत्रुओं की गर्दन पकड़कर दूसरे हाथ में खड्ग-तलवार से उनका नाश करने वाली कालरात्रि विकट रूप में विराजमान हैं। इनकी सवारी गधा है, जो समस्त जीव-जंतुओं में सबसे अधिक परिश्रमी माना गया है।

नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा के आठवें रूप महागौरी की उपासना की जाती है। देवी ने कठिन तपस्या करके गौर वर्ण प्राप्त किया था। कहा जाता है कि उत्पत्ति के समय 8 वर्ष की आयु की होने के कारण नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है। भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप हैं, इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। यह धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनका स्वरूप उज्जवल, कोमल, श्वेतवर्णा तथा श्वेत वस्त्रधारी है। यह एक हाथ में त्रिशूल और दूसरे में डमरू लिए हुए हैं। गायन और संगीत से प्रसन्न होने वाली 'महागौरी' सफेद वृषभ यानी बैल पर सवार हैं। नवीं शक्ति 'सिद्धिदात्री' सभी सिद्धियां प्रदान करने वाली हैं, जिनकी उपासना से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। कमल के आसन पर विराजमान देवी हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं, जो श्वेत वस्त्रालंकार से युक्त महाज्ञान और मधुर स्वर से भक्तों को सम्मोहित करती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रम्प को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लाटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है।

ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रम्प के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रम्प प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लाटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकाक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।



- **उन फैसले में कोर्ट ने कहा था: स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं**
- **फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा: सभी मानते हैं कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी**



**मिलान (इटली)। फलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रव्यापी विरोध और हड़ताल मार्च के बाद पुलिस के साथ झड़प के दौरान प्रदर्शनकारी।**

## इटली में फलस्तीन समर्थकों ने तोड़फोड़-आगजनी की

**60 पुलिसकर्मी घायल, फलस्तीन को मान्यता नहीं देने से नाराज, पीएम मेलोनी के खिलाफ की नारेबाजी**

**रोम।** इटली में हजारों लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी की सरकार ने फलस्तीन को आजाद देश की मान्यता देने से इन्कार कर दिया है। विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए मिलान समेत कई प्रमुख शहरों में सड़कें ब्लॉक कर दी गईं और पोर्ट बंद कर दिए गए। सबसे बड़ी भीड़ मिलान और राजधानी रोम में दिखाई दी। मिलान में करीब 20 हजार लोग सेंट्रल स्टेशन पर इकट्ठा हो गए और बस-रेलवे स्टेशनों में तोड़फोड़ की। पुलिस पर प्रदर्शनकारियों ने स्मोक बम, बोतलें, पत्थर फेंके और मेलोनी के खिलाफ नारेबाजी की। इसमें 60 पुलिसकर्मी घायल हो गए। वहीं, रोम में भी हजारों लोगों ने इकट्ठा होकर फ्री फलस्तीन के नारे लगाए। उन्होंने यहां अमेरिकी झंडा भी जलाया। इसके अलावा बोलोग्ना, टडूरिन, फ्लोरेंस, नेपल्स और सिसिली में भी विरोध प्रदर्शन हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी सैन्य तैनाती से क्षेत्रीय शांति को खतरा: वेनेजुएला

**कराकस।** वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवान गिल ने सोमवार को चेतावनी दी कि कैरिबियन में अमेरिकी सैन्य तैनाती से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन की 'शांति क्षेत्र' की स्थिति खतरे में पड़ गई है। न्यूयॉर्क में लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए गिल ने कहा कि अमेरिकी खतरे न केवल वेनेजुएला को बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि हमारे देश पर हमला उनके पड़ोसियों या क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करेगा? गिल ने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला का अमेरिका के साथ कोई विवाद नहीं है लेकिन उसे वाशिंगटन में राजनीतिक तत्वों द्वारा प्रोत्साहित सैन्य आक्रमण के प्रयास का सामना करना पड़ रहा है।

### इक्वाडोर की जेल में दंगा, 14 की मौत

**क्विटो।** दक्षिण-पश्चिमी इक्वाडोर की एक जेल में हुए दंगों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी इक्वाडोर की राष्ट्रीय पुलिस ने दी। उन्होंने बताया कि एल ओरो प्रांत की राजधानी मचाला शहर स्थित जेल में सोमवार तड़के दंगों के बीच गोलीबारी एवं विस्फोट की सूचना मिली। एल ओरो के पुलिस प्रमुख विलियम कैले ने स्थानीय टीवी नेटवर्क इक्वाविसा को बताया कि घटना में 13 कैदियों और एक गार्ड की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हुए हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती किया गया। कैले ने कहा कि मारे गए अधिकतर लोग इक्वाडोर के सबसे हिंसक समूहों में से एक लॉस चोनेरोस से संबंधित थे।

### मास्को ने दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए: मेयर

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने कम से कम 23 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया है जो सोमवार रात मास्को पर हमला कर रहे थे। यह जानकारी मास्को के मेयर ने दी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि रक्षा बलों ने मास्को को निशाना बनाने वाले मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया। सोब्यानिन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि आपातकालीन सेवा विशेषज्ञ उन स्थानों पर काम कर रहे हैं जहां ड्रोन का मलबा गिरा था। ड्रोन हमलों ने मास्को में नागरिक हवाई यातायात को प्रभावित किया है। अधिकारियों ने सोमवार शाम शहर के शेरेमेत्येवो हवाई अट्टे पर उड़ानों पर अस्थाई प्रतिबंध लगा दिया जो लगभग सात घंटे तक जारी रहा, जिसके बाद हवाई अट्टे पर पूरी तरह से परिचालन शुरू हुआ।

## भारत ने की संयुक्त राष्ट्र के बाद कॉमनवेल्थ में सुधार की मांग

- **बैठक में मंत्रियों ने कहा: कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने राष्ट्रमंडल समूह (कामनवेल्थ) में सुधारों पर जोर दिया है, ताकि यह मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित कर सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर आयोजित मंत्री स्तर की बैठक में भारत ने समूह के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (प.) राजदूत सिबी जार्ज ने किया।

विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बैठक में जार्ज ने कामनवेल्थ चार्टर में निहित मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व कामनवेल्थ में सुधार की जरूरत पर बात की, ताकि मौजूदा समय की वास्तविकताओं को ठीक से प्रतिबिंबित किया जा सके। इस बैठक की अध्यक्षता समोआ के उप प्रधानमंत्री टोएलुपे माओइ. आउतेले पोमुलिनुकु ओनेसेमो ने की। कामनवेल्थ के विदेश मामलों के विदेश मंत्रियों की बैठक (सीएफएएमएम) एक उच्च स्तरीय मंच है, जो कामनवेल्थ के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों को एक साथ लाता है, ताकि आपसी सहयोग को मजबूत करने और 56 देशों के इस संगठन की साझा चुनौतियों का मिलकर समाधान निकालने के तरीकों पर चर्चा कर सकें। बैठक में मंत्रियों ने कहा कि कामनवेल्थ बहुपक्षवाद और सामूहिक कार्रवाई का एक मजबूत समर्थक है, खासकर ऐसे समय में जब दुनिया गहरे संकट में है। अपने संबोधन की शुरुआत में टोएलुपे ने कहा कि इस बैठक में उनकी भूमिका अहम है और आज जिन मुद्दों पर चर्चा हो रही है, वे समोआ में आयोजित कामनवेल्थ के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने के लिए जरूरी हैं, ताकि कामनवेल्थ को मजबूत बनाया जा सके।

# फ्लाइट के लैंडिंग गियर में छुपकर दिल्ली आया अफगानी लड़का

## बोला: देखना था कैसा लगता है, पूछताछ के बाद वापस अफगानिस्तान भेजा

**काबुल/ नई दिल्ली।** अफगानिस्तान से एक 13 साल का लड़का प्लेन के लैंडिंग गियर में छुपकर भारत आ गया।

यह घटना रविवार, 21 सितम्बर की है। अफगानिस्तान की केएएम एयरलाइन की फ्लाइट आरआईक्यू-4401 काबुल के हामिद करजई एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 8:46 बजे रवाना हुई और सुबह 10:20 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर उतरी। एयरलाइन कर्मचारियों ने फ्लाइट के पास एक लड़के को घूमते देखा। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। इसके बाद सीआईएसएफ ने लड़के को हिरासत में ले लिया और पुलिस को सौंप दिया। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि उसने जिज्ञासा की वजह ऐसा किया। वह देखना चाहता था कि कैसा लगता है। लड़का अफगानिस्तान के कुंदुज शहर का रहने वाला है। अधिकारियों ने बताया कि लड़का काबुल एयरपोर्ट में घुस गया था और किसी तरह विमान के पिछले लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट में घुसने में कामयाब रहा। विमान की पूरी जांच के बाद इसे सुरक्षित घोषित किया गया। उसी दिन लड़के को उसी फ्लाइट से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। सुरक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, विमान में पहिये के पास छिपकर यात्रा करना बेहद खतरनाक होता है। 30 हजार फीट की ऊंचाई पर तापमान माइनस 40 से माइनस 60 डिग्री 0 सेल्सियस तक गिर जाता है और आक्सीजन भी बेहद कम हो जाती है, जिससे कुछ ही मिनटों में बेहोशी या मौत हो सकती है। हालांकि, इस मामले में एजेंसियां हैरान हैं कि लड़का कैसे जिंदा बच गया, क्योंकि लैंडिंग गियर कम्पार्टमेंट विमान के सबसे निचले हिस्से में होता है।



### लड़के के जिंदा बचने से एजेंसिया हैरान

### पंजाब के दो भाईयों ने 1996 में किया था ऐसा ही प्रयास

10 अक्टूबर 1996 को, पंजाब के फैनी गांव के परविंदर और हरविंदर सिंह फैनी ने दिल्ली से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान एआई111 के लैंडिंग गियर बॉक्स में छिपकर यात्रा की। परविंदर की प्रचंड ठंड और ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई। हरविंदर चमत्कारिक रूप से बच गया था, पर अंधा और दिमागी रूप से विकलांग हो गया। मानवीय आधार पर ब्रिटेन ने हरविंदर को शरण प्रदान कर दी थी।

## न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

- **मैक्रों ने ट्रम्प को फोन करके कहा: जल्दी रास्ता खाली करो**

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयार्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं-आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयार्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे।

## न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के छात्रनेता पर अंडे फेंके

### हसीना की पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आतंकी बताया

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर और नोबेल विजेता प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस के काफिले को न्यूयॉर्क में विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं ने यूनुस के साथ आए छात्रनेता अख्तर हुसैन पर अंडे फेंके और उन्हें आतंकी करार दिया।

इस दौरान भीड़ ने यूनुस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। यूनुस और उनके सहयोगी संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र में शामिल होने रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे थे। जैसे ही उनका काफिला जेएफके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बाहर निकला, वहां मौजूद अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में प्रदर्शनकारी अख्तर हुसैन को अंडे मारते हुए 'आतंकी' कह रहे हैं और यूनुस सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। अख्तर हुसैन उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ छात्र आंदोलन का नेतृत्व किया था। इसी आंदोलन के दबाव में हसीना को 5 अगस्त को इस्तीफा देना पड़ा और बाद में उन्होंने भारत में शरण ले ली। इसके बाद ही यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार बनी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अख्तर हुसैन को भी अवामी लीग के कार्यकर्ता सीधा दुश्मन मानते हैं।



चीफ एडवाइजर यूनुस के खिलाफ भी की नारेबाजी

## रोड्रिगो दुर्तेते पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप

**हेग।** फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया है। 80 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति पर दर्जनों लोगों की हत्याओं के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार होने का आरोप है, जो कथित रूप से उसके तथाकथित मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध के अंतर्गत की गई थीं जिस दौरान हजारों छोटे-मोटे मादक पदार्थ विक्रेताओं, उपयोगकर्ताओं और अन्य लोगों को बिना किसी मुकदमे के मार दिया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी के आरोपपत्र में कई संशोधन शामिल हैं।

## रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम: भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू

**रबात (मोरक्को)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है।

यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया। राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फार द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफार्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है। भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।



**रक्षा मंत्री राजनाथ बोले: मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम**

# पांच देशों ने फलस्तीन को दी विधिवत मान्यता

## संयुक्त राष्ट्र में मैक्रों बोले: ये हमास की हार, यूएन चीफ ने कहा: ये इनाम नहीं अधिकार है

**न्यूयार्क।** फ्रांस, मोनाको, माल्टा, लक्जमबर्ग और बेल्जियम ने फलस्तीन को स्वतंत्र देश के तौर पर विधिवत् मान्यता दे दी है। सोमवार देर रात न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के बीच इजरायल-फलस्तीन विवाद के समाधान को लेकर बैठक हुई, जहां इसकी आधिकारिक घोषणा हुई।

इस बैठक की अध्यक्षता फ्रांस और सऊदी अरब ने की। बैठक में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि आज फ्रांस फलस्तीन को मान्यता देता है, हमें शांति का रास्ता बनाना होगा। मैक्रों ने इसे हमास की हार बताया। उनकी बात पर जोरदार तालियां बजीं और फलस्तीनी प्रतिनिधिमंडल ने खड़े होकर इसका स्वागत किया। वहीं यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा फलस्तीनियों को राज्य का दर्जा मिलना उनका अधिकार है, कोई इनाम नहीं। इसके बिना शांति संभव नहीं। दूसरी तरफ इजरायल ने इस पहल का कड़ा विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उनकी सरकार इसका जवाब देगी। बेल्जियम ने फलस्तीन की मान्यता को लेकर शर्त रखी है। इसके मुताबिक यह तभी कानूनी रूप से लागू होगी जब गाजा में हमास को सत्ता से हटाया जाएगा और सभी इजरायली बंधकों की रिहाई हो जाएगी। इससे पहले रविवार को 4 देशों-ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया और पुर्तगाल ने फलस्तीन को मान्यता दी थी। अब तक करीब 150 देश फलस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने कहा है कि भविष्य में गाजा पर शासन करने में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने हमास से हथियार छोड़ने को कहा। अब्बास ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक को संबोधित किया, क्योंकि अमेरिका ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए वीजा देने से इन्कार कर दिया था। अब्बास ने गाजा में जंग खत्म होने के बाद राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव कराने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि हम तीन महीने के भीतर एक अंतरिम संविधान तैयार करेंगे, ताकि अथारिटी से राज्य को सत्ता सौंपी जा सके।



## यूएन में ट्रम्प के भाषण से पहले न्यूयॉर्क में मोबाइल नेटवर्क ठप करने की साजिश, सुरक्षा एजेंसी ने की नाकाम

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से पहले अमेरिका में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश का खुलासा किया है। यूएस सीक्रेट सर्विस ने न्यूयॉर्क के आसपास ऐसे उपकरणों का नेटवर्क पकड़ा है, जो पूरे मोबाइल नेटवर्क को ठप कर सकता था और गुप्त टेलीफोनिक हमले कर सकता था। एजेंसी ने 300 से ज्यादा सिम सर्वर और एक लाख सिम कार्ड जब्त किए हैं। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, ये डिवाइस सिर्फ मोबाइल टावरों को निष्क्रिय करने के लिए ही नहीं, बल्कि गुमनाम कॉल और खतरनाक साइबर हमलों के लिए भी इस्तेमाल किए जा सकते थे। इससे अपराधी गुप्त और एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन कर सकते थे, जिससे अमेरिकी सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा था। यह कार्रवाई ऐसे वक्त में हुई जब दुनिया भर के नेता न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। इसी मंच पर आज अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया को संबोधित भी करने वाले थे।

